समृद्धि न्यूज़

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

सेंसेक्स 63,915.42 | निफ्टी 18,972.10

तापमान: अधिकतम 34 ℃ | न्यूनतम 27 ℃

आमंत्रण मूल्य ₹3

पिछड़े मुसलमानों के आरक्षण का विरोध बंद करे .... पेज-02

अटल भूजल योजना की हुई प्रशंसा.... पेज-03

वर्ष 10 | अंक 310 | लखनऊ, 1 जुलाई शनिवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 4.00 | www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com, samradhinewslko@gmail.com

सीएम योगी ने कहा- माफिया के साथ खड़ी रहती थीं पहले की सरकारें

माफिया से छुड़ाई गई भूमि पर गरीबों के लिए आवास बनाएं

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संगम नगरी के लूकरगंज क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत कमजोर आय वर्ग के 76 लोगों को आवासों की चाबी वितरित की
- बोले सीएम- हमारी सरकार गरीबों के साथ खड़ी रहकर उनको आवास उपलब्ध करा रही है

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

30 जून, प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के सभी विकास प्राधिकरण माफिया से छुड़ाई गई भूमि पर गरीबों के लिए आवास बनाएं। साथ ही जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में गरीबों को उनके आशियाने की चाबी सौंपें। इससे लोगों के मन में सरकार के प्रति नया विश्वास पैदा होगा। यह सुशासन का वह भाव है, जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ वर्ष पहले की थी। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एक भी गरीब को आवास नहीं मिल पाया था। वहीं प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आने के बाद 54 लाख से ज्यादा गरीबों को अपना एक-एक आवास मिल गया है।सीएम योगी ने शुक्रवार को संगम नगरी के लूकरगंज क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत कमजोर आय वर्ग के 76 लोगों को आवासों की चाबी वितरित की। माफिया के कब्जे से मुक्त कराई गई भूमि पर योगी सरकार ने 6.6548 करोड़ रुपए की लागत से गरीबों के लिए आवास बनाया है। इसके साथ ही कार्यक्रम में सीएम योगी ने 768 करोड़ की 226 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले की सरकारें माफिया के साथ खड़ी रहती थीं। इस वजह से उत्तर प्रदेश विकास नहीं कर पा रहा था। गरीब को जहां तहां झोपड़ी डालकर अपना जीव यापन करना पड़ता था। वहीं हमारी सरकार गरीबों के साथ खड़ी है, उनको आवास उपलब्ध करा रही है।धर्म, आध्यात्म और संस्कृति की धरा है प्रयागराजसीएम योगी ने कहा कि प्राचीनकाल से ही प्रयागराज तीर्थ की नगरी रही है। यह धर्म, आध्यात्म और संस्कृति की धरा है। यह भूमि प्रयागराज शिक्षा और न्याय की जननी है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश में डबल स्पीड के साथ विकास और सुशासन के कार्यक्रमों को आगे बढ़ा रही है। हमारी सरकार आपके लिए विकास के लिए कृतसंकल्पित है। सीएम योगी ने कहा कि आज प्रदेश में कानून का राज है। यही वजह है कि फरवरी में हमने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट किया तो हमको 36 हजार करो? के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। अगर प्रदेश में माफिया होते तो ये मिलना मुश्किल था। सीएम योगी ने कहा कि 2025 का प्रयागराज कुंभ भव्य और दिव्य होगा। हमको इसके लिए अभी से मानसिक रूप से तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2024 में एक बार फिर से भारत में एक ऐसी सरकार देनी है जो देश को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के रूप में स्थापित करे। इस समय देश की जो प्रगति है अगर इसी स्पीड के साथ भारत की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ती रही है तो भारत 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। यहीं नहीं भारत दुनिया के समक्ष बड़ी ताकत के रूप में उभरकर सामने आएगा। चाबी वितरण कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने मकानों का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की, जहां सीएम योगी ने छोटे बच्चों को चॉकलेट और बिस्किट के पैकेट दिए। इसके अलावा उन्होंने कॉलोनी के मैदान में वृक्षारोपण भी किया।कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता %नंदी%, प्रयागराज की सांसद प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी, फूलपुर की सांसद केसरी देवी पटेल और पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह मौजूद थे।

बांदा में भीषण सड़क हादसा

ट्रक और बोलेरो की टक्कर में सात लोगों की मौत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है जबकि एक की हालत गंभीर है। सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में हाई स्पीड बोलेरो ने पीछे से टक्कर मार दी। घटना बीती देर रात की है। मरने वालों में मां-बेटा भी शामिल हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। कमासिन थाना क्षेत्र के तिलौसा गांव में एक 13 साल के बच्चे को करंट लग गया था। बोलेरो में सवार परिजन बच्चे को लेकर सीएचसी जा रहे था। जैसे ही उनकी गाड़ी परैया दाई के पास पहुंची तो संतुलन बिगड़ने के कारण बोलेरो सड़क पर खड़े ट्रक में जा घुसी।गाड़ी में सवार लोगों की पहचान कल्लू (13), सैरबानो (38), कैफ (16), हासिम (35), जाहिल (30), साकिर के रूप में कई गई है। बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद ट्रक का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। पुलिस ने लोगों की मदद से बोलेरो में फंसे लोगों को किसी तरह बाहर निकाला लेकिन तब तक कल्लू, सैरबानो, कैफ, मुसाहिद व साकिर समेत अन्य की मौत हो चुकी थी। जाहिल की हालत नाजुक बताई जा रही है। गांव में कोहराम मच गया। सात लोगों की एक सात मौत होने से पूरे गांव में मातम पसर गया।

- करंट लगने से पीड़ित बच्चे को बोलेरो से सीएचसी ले जा रहे थे लोग

संक्षिप्त

कारागार विभाग में बड़ा फेरबदल , 17 जेलरों का तबादला

लखनऊ । उत्तर प्रदेश तबादला नीति 2023-24 के तहत जेल विभाग में बड़े स्तर पर तबादले किए गए है। गुरुवार देर रात जेल महानिदेशक एसएन साबत ने 17 जेलरों का तबादला आदेश जारी किया है।डीजी जेल एसएन साबत ने जिन जेलर के तबादले किए है, उनमें सतीश चंद्र त्रिपाठी को बस्ती से इटावा, पंकज कुमार सिंह को लखीमपुर खीरी से आदर्श जेल लखनऊ, राजेश कुमार सिंह को आगरा से कारागार मुजफ्फरनगर, शैलेंद्र प्रताप सिंह को जिला कारागार बिजनौर से जिला कारागार प्रयागराज, राजेश कुमार राय को जिला कारागार शाहजहांपुर से जिला कारागार प्रतापगढ़, कमलेंद्र प्रताप सिंह को केंद्रीय कारागार बरेली से जिला कारागार अलीगढ़, अजय कुमार को जिला कारागार लखनऊ से जिला कारागार जौनपुर, वीरेंद्र कुमार वर्मा को जिला कारागार बांदा से जिला कारागार सुल्तानपुर भेजा गया है। रंजीत कुमार सिंह को केंद्रीय कारागार नैनी से जिला कारागार संत कबीर नगर,अपूर्वव्रत पाठक को जिला कारागार बरेली से जिला कारागार बस्ती, राजेश कुमार को जिला कारागार सुल्तानपुर, योगेश कुमार मुख्यालय से बांदा, राजीव कुमार सिंह को उन्नाव से कारागार गौतमबुद्धनगर, कुलदीप सिंह भदोरिया गाजियाबाद से जिला कारागार शाहजहांपुर में तैनाती मिली है।

योगी ने गन्ना किसानों की एफआरपी बढ़ाने पर पीएम मोदी का जताया आभार

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय कैबिनेट द्वारा गन्ना किसानों के उचित एवं लाभकारी मूल्य को बढ़ाये जाने पर बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया और इसे किसानों के स्वावलंबन से समृद्धि की यात्रा का नया आयाम प्रदान करने वाला बताया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी ने ट्विटर पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा चीनी सीजन 2023-24 में गन्ना किसानों के लिए गन्ने के अब तक के उच्चतम उचित और लाभकारी मूल्य (एफ्आरपी) को 315 रुपये प्रति क्विंटल करने की स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय अत्यंत सराहनीय है।

संचारी रोग नियंत्रण के लिए संवेदीकरण कार्यशाला

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

आगामी 01 जुलाई से प्रारम्भ होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी महत्वपूर्ण सन्देशों को आम जनमानस तक पहुँचाने हेतु पार्षदगणों के सम्वेदीकरण हेतु, नगर निगम मुख्यालय में एक संवेदीकरण कार्यषाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. सुनील कुमार रावत द्वारा वेक्टर जनित रोगों यथा डेंगू मलेरिया, चिकनगुनियॉ इत्यादि पर प्रभावी नियंत्रण हेतु विस्तार पूर्वक बताते हुए अवगत कराया गया कि घरों की छतों पर रखे निष्प्रयोज्य वस्तुएं यथा- पुराने टायर, गमले, बाल्टी, व प्लास्टिक से बनी वस्तुए जैसे पन्नी तिरपाल, खाली ढक्कन व डिब्बे इत्यादि को यथाषीघ्र हटा दिया जाये क्योंकि बरसात प्रारम्भ होते ही उपरोक्त सभी वस्तुओं में साफ पानी एकत्रित हो जायेगा और मच्छर उसमें अण्डे देकर डेंगू मलेरिया जैसे रोगों को फैलाने में सहायक होंगें। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि सभी गृह स्वामियों द्वारा अपने घरों की छतों पर रखी पानी की टंकियों में अवश्य रूप से ढक्कन को बन्द किया जाये, यदि ढक्कन टूट गये है तो प्लास्टिक शीट से टंकी को ढक दिया जाये। नारियल पानी के विक्रेताओं एवं पंचर जोड़ने वाले दुकानदारों को निर्देशित किया जाए कि नारियल के खोल एवं निष्प्रयोज्य टायर इत्यादि का उचित निस्तारण कराये। बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी डा. रितु श्रीवास्तव द्वारा आडियों वीडियों विजुअलस के माध्यम से समस्त पार्षदगणों को संचारी रोगों की रोकथाम तथा साफ-सफाई के प्रति संवेदीकरण किया गया।कार्यषाला में सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विगत वर्षो के डेंगू बहुल्य क्षेत्रों में नियमित फागिंग, सघन वेक्टर नियंत्रण, व्यक्तिगत स्वच्छता, खुले में शौच न करने, शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरों की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने, खुली नालियों को ढकने की व्यवस्था व कचरों की सफाई करवाने, जलभराव तथा वनस्पतियों की वृद्धि को रोकने के लिए सड़कों तथा पेवमेन्ट का निर्माण करने, सड़कों के किनारे उगी वनस्पतियों को नियमित रूप से हटाया जाने, मलिन बस्तियों के संवेदनशील आबादी समूहों में उक्त गतिविधियों को केन्द्रित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डा. निषान्त निर्वाण, डा0रितु श्रीवास्तव जिला मलेरिया अधिकारी, धर्मेन्द्र त्रिपाठी क्षेत्रीय समन्वयक एम्बेड एफएचआई, डा. सुजीत कुमार यूनिसेफ आशीष कुमार पाथ- सीएचआरआई के अतिरिक्त नगर निगम के समस्त जोनल सेनेटरी अधिकारी उपस्थित रहे।

अपर मुख्य सचिव कार्मिक से मिला राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का प्रतिनिधिमंडल

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने संगठन के अध्यक्ष वीपी मिश्रा के नेतृत्व में अपर मुख्य सचिव कार्मिक देवेश चतुर्वेदी से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया।प्रतिनिधि मंडल में सुरेश कुमार रावत अध्यक्ष अतुल मिश्रा महामंत्री एवं गिरीश मिश्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष शामिल थे। महामंत्री अतुल मिश्रा ने अपर मुख्य सचिव कार्मिक को बताया कि वर्ष 23-24 की स्थानांतरण नीति की धारा 12 के अंतर्गत कर्मचारी संगठनों के जनपदीय अध्यक्ष ,मंत्री को 2 वर्ष कार्यकाल पूरा होने पर स्थानांतरित किया गया है जिससे कर्मचारी संगठनों में तीव्र आक्रोश है और आंदोलन चल रहे हैं। परिषद ने पत्र भेजकर संशोधन कर पूर्व की व्यवस्था लागू करने की मांग की थी। मांग की थी कि धारा 12 को स्थगित कर के पूर्व व्यवस्था लागू की जाए। मोर्चा के अध्यक्ष वीपी मिश्रा ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों पर डेढ़ वर्ष से मुख्य सचिव स्तर पर एक भी बैठक नहीं हुई जिसके कारण मांगे लंबित पड़ी हैं जबकि मोर्चा द्वारा कई बार पत्र भेजकर बैठक की मांग की थी।श्री चतुर्वेदी ने बताया कि स्थानांतरण नीति के तहत उनके सुझाव के अनुसार संशोधन की कार्यवाही की जा रही है ।कर्मचारी संगठनों व उनके पदाधिकारियों के हितों की रक्षा की जाएगी। मोर्चा की मांगों पर जल्द बैठक होगी।इसके बाद मुख्य सचिव स्तर पर वित्तीय मामलों पर बैठक की जाएगी।परिषद के नेताओं ने अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक द्वारा सार्थक दृष्टिकोण अपनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

भर्ती एवं पुरानी पेंशन बहाली को लेकर चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ करेगा आंदोलन

लखनऊ। राष्ट्रीय डिप्टी जनरल सेक्रेटरी अखिल भारतीय सरकारी राज्य चतुर्थ श्रेणी महासंघ व प्रदेश महामंत्री सुरेश सिंह यादव ने बताया कि चतुर्थ श्रेणी की भर्ती को लेकर एवं पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अखिल भारतीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी सरकारी महासंघ द्वारा 3 अगस्त को आंध्र प्रदेश में सभी राज्यों की बैठक विजयवाड़ा राष्ट्रीय अध्यक्ष केयर्न गणेशन के अध्यक्षता में संपन्न होगी, जिसमें सभी राज्यों के महासंघ के हर राज्य से अध्यक्ष महामंत्री राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। पूरे भारतवर्ष में 9000000 पद स्वीकृत हैं।40 फीसदी से अधिक लोग सेवानिवृत्त हो गए हैं। 4000000 से अधिक पद रिक्त हैं पूरे राज्यों में जिसको तत्काल भरे जाने को लेकर अहम बैठक तत्काल बुलाई गई है ।

एलडीए ने अपना दल के का आवेदन किया निरस्त, पल्लवी ने सड़क पर जयंती मनाने की दी चेतावनी

लखनऊ । अपना दल के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती के अवसर एक ही स्थान पर दो जुलाई को कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सियासी घमासान खड़ा हो गया है। दरअसल, 2 जुलाई को अपना दल संस्थापक सोनेलाल पटेल की जयंती है इसे लेकर उनकी दोनो बेटियों ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान बुक कराने के लिए एलडीए को आवेदन दिए थे। लेकिन अपना दल (के) के आवेदन को एलडीए ने निस्त कर दिया है। इसके बाद दोनों बहनों में आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। कार्यक्रम की अनुमति न मिलने से पल्लवी पटेल ने नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की अनुमति न मिलने पर हम सड़क पर जयंती मनाएंगे। वहीं बताया जा रहा है कि हर साल की तरह तरह अपना दल (एस) की अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने जहां पहले से ही लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान की बुकिंग करा रखी है। वहीं दूसरी ओर पटेल की दूसरी बेटी और सपा विधायक पल्लवी पटेल भी इसी स्थान के एक हॉल में कार्यक्रम कराने के लि बुकिंग कराने का आवेदन कर रखा है। हालांकि पुलिस से अनुमति न मिलने की वजह से पल्लवी के आवेदन को एलडीए प्रशासन निरस्त कर दिया है। आवेदन निरस्त होने के बाद पल्लवी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात करेंगे उसके बाद ही कोई बड़ा फैसला ले सकती है। हालांकि आवेदन निरस्त होने के बाद से अपना दल के कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जाहिर की है। बता दें कि अपना दल (एस) की ओर से हर साल दो जुलाई को इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में ही सोनेलाल पटेल की जयंती समारोह का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में पार्टी ने इस साल भी इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बुकिंग करा रखी है । इस बार के कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा के भी बड़े नेता शामिल हो रहे हैं।

खबरें एक नजर में

कुर्बानी के लिए बिक रहे 250 बकरों को खरीद कर बचाई बेजुबानों की जान, अब बकरशाला में किया संरक्षित

लखनऊ। देशभर में गुरुवार को लोगों ने बकरीद का त्योहार मनाया। मुस्लिमों के इस त्योहार को ईद उल अजहा भी कहते हैं। इस त्योहार को कुर्बानी के साथ जोड़ा जाता है और बकरों की कुर्बानी दी जाती है। उत्तर प्रदेश में बकरीद पर बकरों को लेकर जगह-जगह से नई तस्वीरें आ रही है। ये तस्वीरें बकरों की कुर्बानी से जुड़ी हुई हैं। वहीं इनमें एक तस्वीर बागपत जनपद के अमीनगर सराय कस्बे से भी सामने आयी है। जैन समाज के लोगों ने बाजार में बिक्री को आये 250 बकरे खरीदकर बकराशाला में संरक्षित कर लिया है ताकि इन सभी की जान बचाई जा सके। बता दें कि अमीनगर सराय कस्बे में जैन समाज के लोगों द्वारा जीव दया संस्थान की 2016 में स्थापना की थी। इस संस्थान को खोलने का उद्देश्य बेजुबान जीवों की रक्षा करना था। खासतौर पर बकरीद पर कुर्बानी दिए जाने वाले बकरों को बचाना। जैन समाज के लोग भगवान महावीर स्वामी के संदेश श्जियो और जीने दोश् की प्रेरणा से इस बकरशाला मे 450 बकरे मौजूद हैं। बकरीद से एक दिन पहले जिन 250 बकरों को जगह-जगह कुर्बानी के लिए बिक्री को रखा गया था, उन्हें महंगे दामों में खरीदकर न केवल इनकी जान ही नहीं बचाई बल्कि उन्हें बकरशाला में संरक्षित किया। इन सभी के गले में लाल धागे भी कुर्बानी देने वालों ने बांधे हुए थे। 5000 वर्ग फीट में नवनिर्मित बकरशाला में बकरों के खाने-पीने, रहने समेत चिकित्सकों की भी बेहतर व्यवस्था की हुई है। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। संस्थान से जुड़े पदाधिकारियों का कहना है कि उत्तर भारत में यह पहली और इकलौती बकराशाला हैं। इसका उद्देश्य केवल बेजुबान जीवों की रक्षा करना है। आने वाले दिनों में पक्षियों के लिए भी 45 मंजिला ऊंचा टावर बनाया जाएगा। जिसमे पक्षी अपना निवास बनाकर रह सकेंगे।

शिवपाल ने यूसीसी को लेकर बीजेपी पर साधा निशाना चंद्रशेखर आजाद पर हमले को कानून-व्यवस्था से जोड़ा

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के इटावा में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को बड़बोला नेता करार दिया। इटावा जिले के जसवंतनगर में एक कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और जसवंत नगर से विधायक शिवपाल सिंह यादव पहुंचे जहां पर उन्होंने कार्यक्रम में

शिरकत की। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए यूनिफॉर्म सिविल कोड पर बड़ा बयान दिया। शिपवाल ने कहा कि बीजेपी आने वाले दिनों में यूनिफॉर्म सिविल कोड का मुद्दा जोरशोर से उठाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव का वक्त आ गया है बीजेपी ऐसे मुद्दे लाएगी जिसे वह पूरा नहीं कर सकती है। उन्होंने आगे कहा कि देश में लगातार महंगाई बढ़ती जा रही है बेरोजगारी बढ़ रही है लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने चंद्रशेखर आजाद पर हुए हमले के बाद सरकार को घेरा। यूपी में लॉ इन ऑर्डर पूरी तरीके से बिगड़ चुका है यहां पर आए दिन घटनाएं बढ़ रही हैं चाहे कोर्ट हो चाहे थाना हो जहां देखो वहां पर घटनाएं घट जाती हैं। सरकार इन पर रोक लगाने में नाकाम होती हुई दिखाई दे रही। हाल ही में यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने एक जनसभा में कहा था कि अगर आप ने सपा को वोट दिया तो गुंडा राज आ जाएगा। इसको लेकर शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य बड़बोले नेता हैं यह आए दिन इसी तरीके की बातें करते रहते हैं। इन्हें मालूम है कि यूपी का इस वक्त हाल क्या है। यूपी में जो यह बात कर रहे हैं गुंडाराज कि वह यूपी में इस वक्त गुंडाराज दिखाई दे रहा है। अपने कार्यकाल में गुंडाराज को खत्म करने में यह सरकार नाकाम होती हुई दिखाई दे रही।

ईदगाह में ईद-उल अज़हा की नमाज़ अदा की गयी

कुर्बानी से गरीबों की बहुत मदद होती है: खालिद रशीद
कुर्बानी से 20 लाख किसानों को रोजगार मिलता है

लखनऊ। ईद-उल अज़हा की नमाज़ प्रदेश की सबसे बड़ी और तारीख़ी ईदगाह लखनऊ में हुई। जिसमें लाखों मुसलमानों ने इमाम ईदगाह, लखनऊ मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया की इमामत में नमाज़ अदा की। ईद-उल-अजहा के मुबारक अवसर पर जहाँ लाखों मुसलमानों की आपसी भाई चारा, मजहबी जोश व खरोश और इस्लामी शान व शौकत का अजीम प्रदर्शन हुआ वहीं विभिन्न राजनैतिक व समाजिक लीडरो और उच्च अधिकारियों ने ईदगाह पहुँच कर इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली और तमाम मुसलमानों को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद पेश की जिससे वर्षो पुरानी हमारी गंगा जमनी सभ्यता का भी लुभावना प्रदर्शन हुआ। ईद उल अजहा की नमाज से पहले मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने अपने सम्बोधन में ईद उल अज़हा की अहमियत और कुर्बानी की तारीख और उद्देश्य और मौजूदा हालात पर रौशनी डाली। मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि कुर्बानी दो नबियों हज़रत इब्राहीम और हज़रत इस्माईल की यादगार है। जिसका वर्णन खुदा पाक ने कुरान में विस्तार से किया है। ईद उल अज़हा कुर्बानी और अमन का पैग़ाम देती है। उन्होने कहा कि बकरईद से बहुत बड़े पैमाने पर व्यापार को लाभ होता है और एक अंदाजे के अनुसार लगभग 20 लाख किसानों को इससे रोजगार मिलता है। मौलाना ने कुर्बानी के बाद साफसफाई का खास ख्याल रखने की अपील की।मौलाना ने कहा कि: संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया के हालात पर रिपोर्ट जारी की है वह बहुत चिंताजनक है।

फिल्म 1922 प्रतिकार चौरी-चौरा मनोरंजक ही नहीं ज्ञानवर्धक भी

समृद्धि लखनऊ

हिंदी फीचर फिल्म 1922 प्रतिकार चौरी चौरा आज रिलीज हुई। यह फिल्म दर्शकों का मनोरंजन ही नही ज्ञानवर्धन भी करेगी। 2022 में इस ऐतिहासिक घटना के 100 वर्षो पूर्ण हुए इसी वर्ष इस फिल्म का फिल्मांकन किया गया।हिंदी फीचर फिल्म 1922 प्रतिकार चौरीचौरा से बहुत से रहस्य से पर्दा उठेगा। जिस घटना ने इतिहास बदल दिया और अंग्रेजी हुकूमत की चूलें हिला दी। भरतीय स्वतन्त्रता संग्राम की दशा दिशा बदल दी। फिल्म के डायरेक्टर, प्रोड्यूसर, लेखक अभिक भानू ने फिल्म के बारे में बताते हुए कहा कि इस फिल्म का विषय 100 वर्ष पूर्व की सत्य घटना पर आधारित गोरखपुर के एक कस्बे चौरी चौरा में अंग्रेजों के जुल्म के विरुद्ध प्रतिक्रिया पर आधारित है जिसे अंग्रेजों ने कांड का नाम दिया था। सच में यह कांड न होकर एक प्रतिकार था। यह फिल्म सरजू विजन के बैनर तले बनी है। ये फिल्म देश के इतिहास का एक नया अध्याय देने जा रहा है जिससे बहुत कुछ अनसुना, अनछुए ,अनदेखी किये गए तथ्यों को दुनिया आश्चर्य से देखेगी। इस फीचर फिल्म में गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या उत्तरप्रदेश के विभिन्न मंडलो के कलाकरों को रूपहले पर्दे पर आने का जहाँ मौका दिया गया है तो वहीं बॉलीवुड के मझे हुए कलाकरों के अभिनय से भी यह फिल्म सुसज्जित है।देश के इतिहास के साथ ही गोरखपुर के लिए खास है ये फिल्म। गोरखपुर की महान विभूतियों के सुनहरे ,जोशीले, संघर्षशीलता जुझारू ,शोषण ,अत्याचार की कहानी के महत्वपुर्ण पहलूओ को दुनिया के सामने लाया गया है और देश की आजादी में गोरखपुर और चौरी चौरा के महत्व को दृणता से प्रस्तुत किया गया है। इस फिल्म में 145 कलाकारों ने अभिनय किया है और 350 लोगों की यूनिट 45 दिनों तक लगातार गोरखपुर और आसपास के विभिन्न लोकेशनो पर सूट पूरा किया है ।मुख्य भूमिका में रविकिशन एक्टर और गोरखपुर के सांसद के साथ ही बॉलीवुड के मंझे हुए कलाकार अनिल नागरथ,अशोक वोटिया,ममता जेठवानी ,अनुराधा सिंह आदि ने मुख्य रूप से भूमिका निभाई है। इस फिल्म को एड़ी शेखरन ने एडिट किया है।फिल्म के कार्यकारी निर्माता हैं अतुल पाण्डे ,अविनाश गुप्ता, स्वाति वर्मा फिल्म के लाइन प्रड्यूसर विजेंदर अग्रहरी उर्फ मंगल और शुभन्स तिवारी ने संगीत दिया है।

पिछड़े मुसलमानों के आरक्षण का विरोध बंद करे भाजपा: मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पसमांदा मुसलमानों पर दिये गये भाषण पर तंज करते हुए कहा कि भाजपा को गंभीरता से समझना चाहिए और पिछड़े मुसलमानों को आरक्षण का विरोध बंद कर देना चाहिए। बसपा प्रमुख मायावती ने इस संबंध में शुक्रवार को ट्वीट करते हुए कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा भोपाल में बीजेपी के कार्यक्रम में सार्वजनिक तौर पर यह कहना कि भारत में रहने वाले 80 प्रतिशत मुसलमान 'पसमांदा, पिछड़े, शोषित' हैं, यह उस कड़वी जमीनी हकीकत को स्वीकार करना है जिससे उन मुस्लिमों के जीवन सुधार हेतु आरक्षण की जरूरत को समर्थन मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि अब ऐसे हालात में बीजेपी को पिछड़े मुस्लिमों को आरक्षण मिलने का विरोध भी बंद कर देने के साथ ही इनकी सभी सरकारों को भी अपने यहां आरक्षण को ईमानदारी से लागू करके तथा बैकलॉग की भर्ती को पूरी करके यह साबित करना चाहिए कि वे इन मामलों में अन्य पार्टियों से अलग हैं। गौरतलब हो कि प्रधानमंत्री मोदी ने बीते 27 जून को मध्य प्रदेश में आयोजित पार्टी के एक कार्यक्रम के दौरान भाजपा के तीन मूल मुद्दों में से एक समान नागरिक संहिता को देश में लागू किये जाने की बात जोर शोर से उठाई थी। उन्होंने कहा कि पसमांदा मुस्लिम पिछड़े हुए हैं लेकिन वोट बैंक की राजनीति के कारण उनके साथ समान व्यवहार नहीं किया जाता है और भाजपा को उन्हीं के उत्थान के लिए काम करना है।

नवस्थापित 10 पुलिस थानों हेतु 324 पदों का सृजन: संजय प्रसाद

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ के निर्देश के अनुपालन मे नवस्थापित 10 पुलिस थानों क्रमश: गाजीपुर मे नवीन थाना रामपुर मॉझा, पुलिस कमिश्नरेट आगरा में नवीन पुलिस थाने बमरौली कटारा, ट्रांस-यमुना, किरावली एवं जनपद खीरी में नवीन पुलिस थाने शारदानगर, खमरिया व पुलिस कमिश्नरेट कानपुर में नवीन पुलिस थाना अरौल व पीलीभीत में नवीन थाना करेली एवं महाराजगंज में नवीन पुलिस थाना भिटौली तथा श्रावस्ती के नवीन थाना हरदत्त नगर गिरण्ट हेतु कुल 324 पदो के सृजन के आदेश निर्गत कर दिये गये हैं।प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि गाजीपुर के नवीन पुलिस थाना रामपुर मॉझा व पुलिस कमिश्नरेट आगरा के नवीन पुलिस थाना ट्रांस यमुना हेतु निरीक्षक, नागरिक पुलिस का 1-1, उपनिरीक्षक, नागरिक पुलिस का 02-02, मुख्य आरक्षी, नागरिक पुलिस के 09-09, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड ए के 03-03, आरक्षी, नागरिक पुलिस के 15-15, आरक्षी चालक के 02-02 तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 03-03 पदो का सृजन किया गया है। संजय प्रसाद ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट आगरा में नवीन पुलिसथाने बमरौली कटारा, किरावली व कानपुर कमिश्नरेट के नवीन पुलिस थाना अरौल, पीलीभीत के नवीन थाना करेली, जनपद महाराजगंज के नवीन थाना भिटौली एवं श्रावस्ती के नवीन थाना हरदत्त नगर गिरण्ट हेतु निरीक्षक, नागरिक पुलिस का 1-1, उपनिरीक्षक, नागरिक पुलिस का 02-02, मुख्य आरक्षी, नागरिक पुलिस के 09-09, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड ए के 02-02, आरक्षी, नागरिक पुलिस के 15-15, आरक्षी चालक के 02-02 तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 03-03 पदो का सृजन किया गया है। खीरी के नवीन पुलिस थाना शारदानगर एवं खमरिया हेतु निरीक्षक, नागरिक पुलिस का 1-1, उपनिरीक्षक, नागरिक पुलिस का 01-01, मुख्य आरक्षी, नागरिक पुलिस के 08-08, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड ए के 02-02, आरक्षी, नागरिक पुलिस के 08-08, आरक्षी चालक के 02-02 तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 03-03 पदो का सृजन किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा यह निर्णय इस क्षेत्र में बेहतर शांति व्यवस्था कोऔर अधिक सुदृढ़ करने, अपराधों पर और अधिक प्रभावी तरीके से अंकुश लगायेजाने, महिलाओं एवं जन-सामान्य को और अधिक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है।

संतगाडगे प्रेक्षागृह में ग्रीष्मकालीन नृत्य प्रस्तुततिपरक कार्यशाला के अन्तिम दिन कथक में प्रतिभाग करती कलाकार

मोदी सरकार ने लोकतन्त्र में पूरी तरह तानाशाही रवैया अख्तियार कर रखा: प्रमोद तिवारी

समृद्धि न्यूज लखनऊ

प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता राज्य सभा, एवं सदस्य, केन्द्रीय कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी ने कहा है कि कांग्रेस और विरोधी दलों ने जिस बात की आशंका व्यक्त की थी अब वह पूरी तरह सही साबित हो गयी है।

मोदी सरकार ने लोकतन्त्र में पूरी तरह तानाशाही रवैया अख्तियार कर रखा है। भारत के संविधान में एक-एक शब्द स्पष्ट है, पहले के तमाम उदाहरण भी मौजूद है, माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय की व्याख्या भी उपलब्ध है फिर भी मोदी सरकार तानाशाही पर उतर आयी है। तमिलनाडु में वहाँ के कैबिनेट मन्त्री बी. सेंथिल बालाजी, जो ई.डी. के छापे के बाद गम्भीर रूप से बीमार होने के बाद अस्पताल में भर्ती है और उनका उपचार चल रहा है, उनको मंत्रिमण्डल से बर्खास्त कर दिया गया, और उनकी बर्खास्तगी के पूर्व तमिलनाडु के राज्यपाल ने वहाँ के मुख्यमन्त्री जी से न तो वार्ता की और न ही उनकी संस्तुति ही प्राप्त की। बिना उनी सहायता और सलाह के एकतरफा बर्खास्तगी का ऐलान कर दिया गया। तमिलनाडु में लगभग तीन चौथाई से बहुमत की सरकार है। श्री तिवारी ने कहा है कि राजनैतिक व कानूनी चेतावनी मिलने के बाद उन्होंने अपने आदेश को फिलहाल वापस तो नहीं लिया है मात्र टाल दिया है। महामहिम राज्यपाल जी ने न तो संविधान के अनुच्छेद व नियमों का पालन किया और न ही पुरानी परम्पराओं या उदाहरण का ही पालन किया है। श्री तिवारी ने कहा है कि लोकतन्त्र जहाँ संविधान के नियमों, अनुच्छेद एवं सदन की उच्च परम्पराओं के अनुसार चलता है, वहाँ उन्होंने इन तीनों की अवहेलना ही नहीं की बल्कि एक तरह से लोकतन्त्र की हत्या की है।श्री तिवारी ने याद दिलाते हुये कहा है कि ऐसी ही एक घटना उत्तर प्रदेश में भी घटी थी । वर्ष 1987-88 में उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमन्त्री स्व. वीर बहादुर सिंह की बिना सिफारिश के तत्कालीन ऊर्जा मन्त्री सुनील शास्त्री ने तत्कालीन महामहिम राज्यपाल मो. उस्मान आरिफ साहब को अपना त्याग पत्र सौप दिया, और उन्होंने बिना मुख्यमन्त्री से वार्ता किये उनके त्याग पत्र को स्वीकार कर लिया था, तब उस समय स्व. बीर बहादुर सिंह जी ने तत्काल मुझे बुलाया, और यह निर्णय हुआ कि महामहिम राज्यपाल के पास मैं जाऊँ, और उन्हें संविधान की इस अनदेखी की तरफ उनका ध्यान आकर्षित करूँ । श्री तिवारी ने कहा कि महामहिम राज्यपाल से विशेष अनुरोध करके रात्रि लग्भग 08:00 बजे मैं राजभवन गया, और उक्त प्रकरण, संविधान के अनुच्छेद व नियमों की तरफ उनका ध्यान आकर्षित किया। मोहम्मद उस्मान आरिफजी योग्य व विद्वान थे, वे केन्द्र सरकार में मन्त्री रह चुके थे, उन्होंने कानूनविदों से सलाह मशविरा की, और सुनील शास्त्री का त्याग पत्र न मंजूर करते हुये तत्कालीन मुख्यमन्त्री स्व. बीर बहादुर सिंह जी की सलाह लेकर श्री सुनील शास्त्री जी को बर्खास्त किया।

श्री तिवारी ने कहा है कि सुनील शास्त्री सुशिक्षित व योग्य तथा विनम्र थे, वे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी के पुत्र थे, जब उनके संज्ञान में इसे लाया गया और संविधान के अनुच्छेद 164 तथा उससे संबंधित अन्य अनुच्छेद की तरफ उनका ध्यान आकर्षित किया गया तो उन्होंने भी अपने त्याग पत्र पर बल नहीं दिया। इस तरह से संविधान के अनुच्छेद एवं मर्यादाओं का पालन किया गया था। तमिलनाडु में संविधान के अनुच्छेद, नियमों, तमाम उदाहरण और परम्पराओं की अवहेलना करके जो कदम उठाया गया है वह असंवैधानिक और नियमानुसार नहीं है अत: महामहिम राष्ट्रपति महोदया जी को ऐसे महामहिम राज्यपाल को तत्काल वापस बुला लेना चाहिए। यदि संविधान का रक्षक ही भक्षक बन जायेगा तब देश कैसे चलेगा ? श्री तिवारी ने कहा है कि मोदी सरकार इस मामले में कुख्यात रही है जिस तरह गोवा एवं मणिपुर सहित कई राज्यों में बहुमत व संविधान की अपेक्षा करके उसने सरकार गठित की है वह सर्वविदित है। मणिपुर में प्रेम व भाईचारा का संदेश लेकर "भारत जोड़ो यात्रा" के महानायक और कन्याकुमारी से काश्मीर तक पैदल यात्रा करने वाले हमारे प्रिय नेता राहुल गाँधी को मणिपुर में जिस तरह रोका गया वह "मोदी सरकार" की तानाशाही का दूसरा स्वरूप है। स्वयं तो माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजनैतिक इच्छाषक्ति या साहस का प्रदर्षन नही कर पा रहे हैं, और मणिपुर की जनता से शांति बनाये रखने की अपील करने का भी साहस नहीं कर पा रहे है, वहीं एक व्यक्ति नफरत की बाजार में जब हिंसा से जलते हुये मणिपुर में प्रेम व भाईचारा का संदेश लेकर गया है तो भारतीय जनतापार्टी उसका विरोध कर रही है और वहाँ की सरकार उन पर रोक लगा रही है ।

मोदी सरकार का यह कदम अत्यंत शर्मनाक व दुर्भाग्यपूर्ण है, जहाँ बहुमत की उपेक्षा करके कांग्रेस को सरकार बनाने का न्यौता नहीं दिया गया और स्वयं खरीद फरोख्त करके सरकार का गठन किया वहाँ विरोधी दलों का विरोध किया जा रहा है ।

अटल भूजल योजना की हुई प्रशंसा

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

भारत सरकार की टीम ने बुंदेलखंड के गांव-गांव में अटल भूजल योजना के कार्यों की सराहना की। टीम ने विभिन्न जनपदों के निरीक्षण में स्थाई भूजल प्रबंधन के प्रयासों को देखा। सूक्ष्म सिंचाई पद्धति से किसानों के जीवन में आए बदलाव को जाना। अमृत सरोवरों के निर्माण व भूजल संरक्षण के प्रयासों की सराहना भी की। शुक्रवार को भारत सरकार की टीम ने अपने अनुभवों को नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव के साथ साझा किया। ज्ञात हो कि 27 से 29 जून तक महोबा, बांदा, हमीरपुर में किये गये निरीक्षण में भारत सरकार की टीम ने पाया कि अटल भूजल योजना से कई क्षेत्रों में सूक्ष्म सिंचाई पद्धति के उपयोग में 3 गुना तक बढ़ोत्तरी हुई है। टीम ने सदस्यों ने प्रमुख सचिव को बताया कि जन समूहों में परियोजना की समझ भी बढ़ रही है। अभियान में लगे अधिकारी परियोजना की जानकारी बखूबी जनमानस तक पहुंचा रहे हैं। अटल भूजल एप

का प्रयोग भी क्षेत्रीय जनता अपने ग्राम पंचायत की भूजल जानकारी के लिए कर रही है। टीम द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि इन्सेन्टिव कम्पोनेन्ट में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। बैठक में संयुक्त सचिव सुबोध यादव ने प्रदेश में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी अटल भूजल योजना के क्रियान्वयन पर प्रसन्नता व्यक्त की। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने एनपीएमयू टीम को उनके सहायोग एवं दिशा-निर्देश के लिए धन्यवाद दिया। बैठक में जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव सुबोध यादव(आईएएस), अटल भूजल योजना नई दिल्ली के परियोजना निदेशक प्रतुल सक्सेना, अटल भूजल योजना के उप निदेशक जितेश तातिबाल, अटल भूजल योजना की उप निदेशक मधुमन्ती रॉय, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के विशेष सचिव राजेश पाण्डेय, भूगर्भ जल विभाग निदेशक वीके उपाध्याय,अधिशासी अभियन्ता अनुपम और अमोद कुमार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।भारत सरकार की टीम ने बांदा में ग्राम पंचायत लुकतरा में तालाब के निरीक्षण के साथ परंपरागत जल स्रोतों के प्रोत्साहन के लिए किये जा रहे कुआं पूजन कार्यक्रम की सराहना की। महोबा की किडारी, काली पहाड़ी और अंतरार माफ ग्राम पंचायतों में नवनिर्मित अमृत सरोवर तालाबों को देखा। यहां सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों के लाभार्थियों से उन्होंने बातचीत की। पपरेन्दा ग्राम पंचायत में रुफ टॉप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सोकपिट और मवई बुजुर्ग ग्राम पंचायत में गोसाई तालाब का स्थलीय निरीक्षण किया। हमीरपुर में गुन्देला ग्राम पंचायत में ग्रामीणों से जन सवाद किया और यहां निर्मित अमृत सरोवर भी देखा।

महिला चालकों को प्रशिक्षित करेगा परिवहन निगम

लखनऊ। योगी सरकार ने परिवहन निगम के बेड़े में शामिल पिंक बसों के लिए महिला संविदा चालकों की संख्याओं में वृद्धि करेगी। इसके लिए 108 महिला अभ्यर्थियों को पिंक बस संचालन के लिए प्रशिक्षण का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानाचार्य प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश परिवहन निगम कानपुर के द्वारा कौशल विकास मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। मॉडल ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट कानपुर में होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिला चालकों को लाइट मोटर व्हीकल ड्राइवर लेवल-3 और कामर्शियल व्हीकल ड्राइवर लेवल-4 दोनों कोर्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। लाइट मोटर व्हीकल ड्राइवर लेवल-3 कोर्स की प्रशिक्षण अवधि 200 घंटे (2 माह) की होगी। इसके बाद कौशल विकास मिशन द्वारा निर्धारित सेक्टर स्किल काउंसिल एएसडीसी दिल्ली के माध्यम से एसेसमेंट में उत्तीर्ण अभ्यर्थिनियों का कामर्शियल व्हीकल ड्राइवर लेवल-4 कोर्स का 400 घंटे (04 माह) का प्रशिक्षण होगा। दोनों कोर्स पूरा करने के बाद 17 माह का प्रशिक्षण डिपो कार्यशाला में होगा। इस दौरान 6000 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड भी दिया जाएगा। यह कोर्स आवासीय है, जिसके लिए संस्थान के परिसर में स्थित हास्टल में दोनो कोर्स करने की अवधि में सभी अभ्यर्थिनियों का रहना अनिवार्य है। अभ्यर्थिनियों के लिए संस्थान के हास्टल में निवास, भोजन भी नि:शुल्क होगा। 24 माह के प्रशिक्षण में सफल रहने वाली महिला चालकों को पिंक बस संचालित करने के लिए डिपो में संविदा चालक के रूप में तैनात किया जाएगा।

बांदा सड़क हादसे में हुई जनहानि पर योगी ने जताया दुख, मृतकों के परिजनों के प्रति की संवेदना व्यक्त

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांदा जनपद में हुए भीषण सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री योगी ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। वहीं, उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित इलाज कराए जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। बता दें कि बांदा जिले में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जहां एक तेज रफ्तार बोलेरो के ट्रक से टकराने से 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 गंभीर रूप से घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसा गुरुवार को बबेरू थाना क्षेत्र के बबेरू कमसिन मार्ग पर हुआ। बांदा की जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के मुताबिक बांदा जिले के बबेरू कमासिन मार्ग पर एक तेज रफ्तार एसयूवी के एक खड़े ट्रक से टकरा जाने से 6 लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के मुताबिक, बांदा की जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि ष्आठ लोगों से भरी एक तेज रफ्तार बोलेरो एक ट्रक से टकरा गई। पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराए गए तीन लोगों में से एक की मौत हो गई, और दो की हालत गंभीर है, उन्हें सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। जिनका इलाज चल रहा है। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

खबरें एक नजर में

कम से कम शब्दों में अपनी बात कहने वाले होते है सफल पत्रकार

लखनऊ। रेडियो जयघोष संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश और जिम्सी कानपुर की मीडिया कार्यशाला के चौथे दिन शुक्रवार को लखनऊ दूरदर्शन के सहायक निदेशक अनुपम पाठक ने बताया कि मौजूदा दौर में सफल पत्रकार वही है जो अपनी बात कम से कम शब्दों में आसानी से लोगों तक पहुंचा सके। इस क्रम में एमिटी स्कूल ऑफ कम्यूनिकेशन के डायरेक्टर डॉ.संजय मोहन जौहरी ने तथ्य आधारित पत्रकारिता पर जोर दिया। 27 जून से 2 जुलाई तक उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में आयोजित इस कार्यशाला में अनुपम पाठक ने बताया कि रेडियो-टीवी की पत्रकारिता के इच्छुक लोगों को चाहिए कि वह अपनी कुदरती आवाज को पहचाने और उसे विकसित करें। किसी भी एंकर या आर.जे. की आवाज ही उसकी पहचान होती है, इसलिए किसी दूसरे की नकल करने के बजाए उसे अपना लहजा विकसित करना चाहिए। उनके अनुसार समाचार पढ़ने के दौरान आवाज का उतार-चढ़ाव और अंतराल का बहुत महत्व होता है जिसका ध्यान रखना चाहिए। जिस तरह एक मेकअप से चेहरे में आकर्षण लाया जा सकता है उसी तरह एंकर की संयमित आवाज से खबर के सौन्दर्य को भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने इब्ने इंशा की लोकप्रिय रचना एक छोटा सा लड़का था मैं जिन दिनों, एक मेले में पहुंचा हुमकता हुआ सुना कर भाव, विचार और अभिव्यक्ति का अंदाज बयां किया। कार्यशाला में आमंत्रित डॉ.संजय मोहन जौहरी ने बताया कि हर पत्रकार को चाहिए कि वह कब, क्यों, कैसे, कहां, किसने जैसे प्रश्नों का उत्तर अपने समाचार में जरूर दे। पत्रकारिता का ध्येय क्रान्ति लाना हरगिज नहीं है वह तो बस तथ्यों पर आधारित समाज को एक दिशा देने वाला माध्यम भर है। उनके अनुसार कोरोनाकाल में मीडिया ने अपने को तेजी से आधुनिक किया है। ऐसे में पत्रकारों को भी चाहिए कि वह अपने को जल्द से जल्द 卐डिजिटल लिटरेट卐 करें। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सिटिजन रिपोर्टर ने भी तेजी से मीडिया जगत में अपनी खास जगह बना ली है। इस कार्यशाला के चौथे दिन जिम्सी कानपुर के एसोसिएट प्रो.रामकृष्ण बाजपेई, आर.जे.राधेश्याम दीक्षित, आर.जे.समरीन, रेडियो जयघोष के समन्वयक डॉ.दुर्गेश पाठक सहित अन्य उपस्थित रहे।

ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे से आगरा-नोएडा यमुना एक्सप्रेस-वे को जोड़ने की कार्रवाई शीघ्र शुरू होगी: जयवीर सिंह

लखनऊ। आगरा-नोएडा यमुना एक्सप्रेस-वे को ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे से जोड़ने के लिए यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण गौतमबुद्ध नगर द्वारा किसानों को नॉन लिटिगेशन इन्सेन्टिव वितरण किये जाने के उपरान्त जोड़ने सम्बंधी कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। इससे यमुना एक्सप्रेस-वे से गुजरने वाले यात्रियों को आसानी और ईंधन एवं समय की बचत भी होगी। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने देते हुए बताया मुख्यमंत्री से आगरा-नोएडा यमुना एक्सप्रेस-वे को नया विकसित ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे से जोड़ने का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री के कार्यालय

के निर्देश पर ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे से कनेक्ट कराये जाने की कार्रवाई हेतु उप महाप्रबंधक (परियोजना) यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण गौतमबुद्ध नगर को निर्देशित किया गया था। दिल्ली के बाहर नया विकसित ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे बन जाने के कारण दिल्ली को जोड़ने वाले विभिन्न महत्वपूर्ण अन्तर्राज्यीय मार्ग इससे जुड़ने के फलस्वरूप आवागमन की सुगमता हो गयी है।

29 जून व्यापारी कल्याण दिवस घोषित होने पर वित्त मंत्री का जताया आभार

लखनऊ। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना से भेंट करके कैबिनेट में 29 जून भामाशाह जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के प्रस्ताव को लाने एवं घोषित करने एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित करने के निर्णय पर आभार व्यक्त करने के लिए उनके 10 कालिदास मार्ग पर पहुंचकर उनका अभिनंदन किया गया।व्यापारियों ने उनसे ट्रांस गोमती क्षेत्र में विशेष रूप से इंदिरा नगर में सीलिंग के नोटिस पर भी अपनी बात रखी और उनसे व्यापारियों की मदद करते हुए सम्मान योजना को अति शीघ्र लागू करने का आग्रह किया जिस पर उन्होंने सकारात्मक जवाब देते हुए इसका ठोस हल निकालने की बात कही। सुरेश खन्ना का स्वागत करने वाले प्रमुख व्यापारी नेताओं में सुरेश छबलानी, आकाश गौतम, अश्वन वर्मा, संजय सोनकर, राजीव अरोड़ा, असीम चंद्रा, संजय निधि अग्रवाल, शिव कुमार गुप्ता, जिलाध्यक्ष अंबेडकरनगर शिव कुमार गुप्ता सहित दर्जनों व्यापारी शामिल थे।

यूपी में 20 जुलाई से 16 जनवरी तक होंगी छह स्थानों पर सेना भर्ती रैली

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 20 जुलाई 23 से 16 जनवरी 24 तक छह स्थानों पर सेना भर्ती रैली होगी। उप्र के मुख्य सचिव ने शुक्रवार को एक बैठक में यह जानकारी दी। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में अग्निपथ योजना के अन्तर्गत सेना भर्ती रैली के संबंध में बैठक आयोजित हुई जिसमें सभी बिंदुओं पर चर्चा की गयी।अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि आगामी 20 जुलाई 23 से 16 जनवरी 24 तक की अवधि में प्रदेश के फतेहगढ, बड़ौत, लखनऊ, आगरा, अमेठी एवं गोरखपुर में अग्निवीर योजना के अन्तर्गत सेना भर्ती रैली का आयोजन होगा। इन जनपदों में होने वाली सेना भर्ती रैली में आने वाले युवाओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए समय से सभी तैयारियां पूरी कर ली जायें।

सेवा दिवस के रुप में मनाया गया समाजसेवी अब्दुल वहीद का जन्मदिन

मेडिकल कालेज के गरीब मरीजों और उनके तीमारदारों भोज,बांटा फल

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

ऐसे तो सभी लोगों का जन्मदिन साल में एक बार उनके अपने तौर-तरीकों के साथ मनाया जाता है लेकिन समाजसेवी अब्दुल वहीद का जन्मदिन मनाने का अपना एक अलग ही अंदाज है। इस बार अपने 49 वें जन्मदिन पर उन्होंने मेडिकल कालेज में विजय फाउंडेशन के प्रसादम सेवा के माध्यम से असाध्य रोगों से पीड़ित मरीजों के तीमारदारों के बीच जाकर उन्हें भोजन वितरण किया। इस अवसर पर लगभग 300 लोगों ने भोजन,फल मिष्ठान प्राप्त किया और अब्दुल वहीद को उनके जन्मदिन पर बधाई और दुआएं दी।कर्मठ समाजसेवी अब्दुल वहीद ने आज अपने 49 वे जन्मदिन को सेवा दिवस के रुप में मनाया। जरुरतमंदों को भोज कराने के साथ ही गांधी वार्ड के सामने बने रैन बसेरे समेत 4 रैन बसेरे में जरूरतमंदो को अपने हाथों से हलवे का वितरण किया। तीमारदारों के बीच प्रसादम सेवा के संचालक विशाल सिंह ने अब्दुल वहीद का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और उन्हें मुबारकबाद देने के साथ ही सम्मान पत्र देकर और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस बार के जन्मदिन पर विशेष बात यह रही कि उन्होंने महानगर सेक्टर क् 2 पार्क मे बने हुए आदर्श स्कूल जो कि झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों की शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र है,वहां पर बच्चों को बैग, बिस्कुट, नमकीन, फल आदि का वितरण किया। उपहार पाकर बच्चे बहुत खुश हुए और उनको जी भर के दुआएं दी। बच्चों ने कहा कि हमारे लिए बहुत खुशी का मौका है कि हमको आप अपने जन्मदिन में शामिल कर रहे हैं। ईश्वर आपको लंबी उम्र दे और ऐसे ही आप सेवा की भावना के साथ सभी जरूरतमंद लोगों का सहयोग करते रहे।इस अवसर पर संरक्षक विजयश्री फाउंडेशन एवं महासचिव उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन अब्दुल वहीद ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि दूसरों की सेवा करने में ही सच्ची खुशी मिलती है। उन्होंने कहा कि मुझे इस पुनीत कार्य में सहभागी बन नर सेवा नारायण सेवा विचार को बढ़ाने की बड़ी पहल का साझेदार बनना मेरे लिए काफी अनमोल पल है।उन्होंने कहा कि ये सेवा संस्कार मुझे मेरे माता-पिता से विरासत में मिले है और हमें निरूशक्त व असहायों की सेवा से सच्ची खुशी मिलती है और स्कूल में हमारे गुरुजनों से भी यही शिक्षा मिली है। उन्होंने आगे कहा कि समाज के प्रबुद्ध तबके को भी नर सेवा नारायण सेवा पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर सहभागी बनना चाहिए।

हजरतगंज के दक्षिण हनुमान मंदिर के समीप सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर उनकी दीर्घआयु के लिए हवन करते सपा समर्थक

कई आईएएस और पीसीएस अफसरों का स्थानांतरण, मिली नई जिम्मेदारी

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल जारी है। आज शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में आठ आईएएस और पीसीएस अफसरों के तबादले हुए हैं। गन्ना और आबकारी विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे संजय भूसरेड्डी के रिटायरमेंट के बाद शासन ने बदलाव किया है। राहत आयुक्त प्रभु नारायण सिंह को गन्ना एवं चीनी आयुक्त की जिम्मेदारी सौंपी गई। जीएस नवीन को राहत आयुक्त प्रभारी बनाया गया है। प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद बीना कुमारी मीना को प्रमुख सचिव गन्ना एवं आबकारी विभाग के साथ महिला कल्याण का अतिरिक्त प्रभारी बनाया गया है। आईएएस बालकृष्ण त्रिपाठी विशेष सचिव एपीसी से विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा विभाग के पद पर भेजे गए हैं। बृजेश कुमार को ग्रेटर नोएडा एसीओ की जिम्मेदारी मिली है। अब आईएएस योगेंद्र यादव कमिश्नर निशक्तजन एवं अपर सचिव समाज कल्याण की जिम्मेदारी संभालेंगे।वही पीसीएस अफसर राजेश कुमार सिंह को सचिव गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी दी गई है। विनीत कुमार सिंह को एडीएम एफआर की जिम्मेदारी दी गई है। अंजनी कुमार सिंह को एडीएम सिटी गोरखपुर और मंगलेश दुबे को सिटी मजिस्ट्रेट गोरखपुर बनाया गया है। गुलाबचंद एडीएम मुरादाबाद बनाए गए हैं। रणविजय सिंह एडीएम गाजियाबाद बनाए गए हैं।संजय कुमार को एडीएम एफआर जालौन की जिम्मेदारी दी गई है। लखनऊ एडीएम प्रशासन की जिम्मेदारी शुभी काकन को दी गई है। पीसीएस अफसर सिद्धार्थ को सिटी मेजिस्ट्रेट लखनऊ बनाया गया है जबकि राकेश सिंह को एडीएम एफआर लखनऊ बनाया गया है। इसके अलावा अरुण सिंह एडीएम बाराबंकी बनाए गए हैं।

स्थानान्तरण नीति व कानपुर वृत्त के अधीक्षण अभियन्ता के विरोध में धरना-प्रदर्शन

- संगठनों के अधिकार धरना व प्रदर्शन अंग्रेजी काल की तरह रोक लगाने का कार्य किया जा रहा है

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में स्थानान्तरण नीति व कानपुर वृत्त के अधीक्षण अभियन्ता के हठधर्मिता के विरोध में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्टिरियल एसोसिएशन का कलम बन्द हड़ताल व धरना प्रदर्शन किया। वहीं शुक्रवार को प्रमुख अभियन्ता (विकास) विभागाध्यक्ष का घेराव कर सैकड़ों की संख्या में धरना प्रदर्शन किया।एसोसिएशन के प्रान्तीय अध्यक्ष पद्मनाभ त्रिवेदी ने बताया 29 जून को संघ के वार्ता व प्रमुख अभियन्ता के निर्देष मिलने के बाद अधिकारी अपनी हठधर्मिता के पद पर कायम है। एसोसिएशन के प्रान्तीय महामंत्री जेपी पाण्डेय ने बताया शासन व प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष के निर्देष को मुख्य अभियन्ता (मु0-2) के द्वारा बिना हस्ताक्षर के मुख्य अभियन्ताओं को अपनी स्थानान्तरण नीति अपनाने को अमादा है। कानपुर के अधीक्षण अभियन्ता, कन्हैया झा के गलत कृत्यों के विरोध करने पर संघ सदस्यों को प्रताड़ित कर पद का गलत उपयोग कर रहे है। संगठनों के अधिकार धरना व प्रदर्शन अंग्रेजी काल की तरह रोक लगाने का कार्य किया जा रहा है। एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता सीपी श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त प्रकरण को लेकर शुक्रवार को प्रदेश के 75 जिलों में लोक नि.वि. मिनि. एसोसिएशन कर्मचारियों ने हड़ताल कर शासन व प्रशासन से न्याय की मांग है। धरने को एसोसिएशन के संरक्षक सुरेन्द्र लाल श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधांशू शर्मा, उपाध्यक्ष हेमन्त गुजर, पीडब्लूडी नियमित वर्क चार्ज कर्मचारी संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष भारत सिंह यादव, लोनिवि संयुक्त कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रान्तीय महामंत्री रामराज दुबे सहित कई कर्मचारी संगठनों नेता मौजूद रहे।

आवास विकास विभाग द्वारा इंदिरा नगर क्षेत्र में सीलिंग की कार्रवाई के विरोध में व्यापारियों हुवे एकजुट, किया प्रदर्शन

लखनऊ । आवास विकास विभाग द्वारा इंदिरा नगर क्षेत्र में शुक्रवार को सीलिंग की कार्रवाई की गई। 2 प्रतिष्ठानों अग्रवाल साइकिल एवं एबीपी पैथोलॉजी पर की गई आवास विकास विभाग द्वारा सीलिंग की कार्रवाई की जानकारी उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार के प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता संगठन के पदाधिकारियों के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे तथा भारी संख्या में आदर्श व्यापार के पदाधिकारी एवं इंदिरा नगर क्षेत्र के सैकड़ों व्यापारी मौके पर पहुंचकर, जबरदस्त विरोध किया। सीलिंग के विरोध में जमकर नारेबाजी की व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने अधिकारियों से कहा इस विषय पर पर कुछ उच्च स्तर पर वार्ता की गई है। जल्दी कोई समाधान निकलेगा तब तक सीलिंग की कार्रवाई रोकने को कहा संगठन एवं व्यापारियों के दबाव में आवास विकास विभाग के अधिकारियों ने सीलिंग की कार्रवाई को बीच में ही रोक दिया तथा वापस लौट गए। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा यदि सीलिंग की कार्रवाई नहीं रुकी तो उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल सड़कों पर उतर कर जबरदस्त प्रदर्शन करेगा सीलिंग की कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जयसवाल, व्यापारी नेता अमिताभ श्रीवास्तव ,शशि प्रताप सिसोदिया, निखिल राज, विक्की दयालानी, तरुण वधवानी ,रंजीत पटेल, हर्ष केसरी, गोपाल अग्रवाल, वीरेश सिंह, अनिल अग्रवाल सहित भारी संख्या में व्यापारी शामिल थे।

पोस्टल वर्कर्स डे आज, डाककर्मियों की भूमिका में हो रहे तमाम परिवर्तन

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

विश्व भर में डाक सेवाओं में आमूल चूल परिवर्तन आये हैं। फिजिकल मेल से डिजिटल मेल के इस दौर में डाक सेवाओं में विविधता के साथ कई नए आयाम जुड़े हैं। डाककर्मी सरकारों और आमजन के बीच सेवाओं को प्रदान करने वाले एक अहम कड़ी के रूप में उभरे हैं। ऐसे में 1 जुलाई को पूरी दुनिया में श्नेशनल पोस्टल वर्कर्स डेश् के दिन डाककर्मियों का आभार व्यक्त करने का प्रचलन उभरा है। पीएमजी वाराणसी कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि श्नेशनल पोस्टल वर्कर डेश् की अवधारणा अमेरिका से आई, जहाँ वाशिंगटन राज्य के सीऐटल शहर में 1997 में कर्मचारियों के सम्मान में इस विशेष दिवस की शुरुआत की गई। धीरे-धीरे इसे भारत सहित अन्य देशों में भी मनाया जाने लगा। यह दिन दुनिया भर में डाककर्मियों द्वारा की जाने वाली सेवा के सम्मान में मनाया जाता है। डाककर्मियों की भूमिका में तमाम परिवर्तन आए हैं। श्डाकिया डाक लायाश् के साथ श्डाकिया बैंक लायाश् भी अब उतना ही महत्वपूर्ण है। पत्रों व पार्सल के साथ आधुनिक दौर में लोगों के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण चीजें पोस्टमैन ही घर-घर वितरित करता है। आधार

कार्ड, पासपोर्ट, पैन कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, बैंक चेक बुक, एटीएम जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ-साथ विभिन्न मंदिरों के प्रसाद, दवाईयां और रक्षाबंधन पर्व पर राखियाँ भी डाकियों द्वारा ही पहुँचायी जा रही हैं। वाराणसी परिक्षेत्र में दो हजार से ज्यादा पोस्टमैन लोगों के दरवाजे पर हर रोज दस्तक लगाते हैं, जिनके द्वारा औसतन प्रति माह 6 लाख स्पीड पोस्ट व पंजीकृत पत्र और 13 लाख साधारण पत्रों का वितरण किया जा रहा है। ई-कामर्स को बढ़ावा देने हेतु कैश ऑन डिलीवरी, लेटर बाक्स से नियमित डाक निकालने हेतु नन्यथा मोबाईल एप एवं डाकियों द्वारा एण्ड्रोयड बेस्ड स्मार्ट फोन आधारित डिलीवरी और वित्तीय सेवाएं प्रदान करना जैसे तमाम कदम डाक विभाग की अभिनव पहल हैं। डाक विभाग का सबसे मुखर चेहरा डाकिया है। डाकिया की पहचान चिट्ठी-पत्री और मनीऑर्डर बाँटने वाली रही है, पर अब डाकिए के हाथ में स्मार्ट फोन और बैग में डिजिटल डिवाइस भी है। इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से आर्थिक और सामाजिक समावेशन के तहत पोस्टमैन चलते-फिरते एटीएम के रूप में नई भूमिका निभा रहे हैं और जन सुरक्षा योजनाओं से लेकर आधार, डीबीटी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, ई-श्रम कार्ड, वाहन बीमा,डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट तक की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। घर-घर जाकर आईपीपीबी के अंतर्गत डाकियों द्वारा घर बैठे 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार बनाने, आधार में मोबाइल नंबर अपडेट करने के तहत प्रति माह 20,000 लोगों का आधार नामांकन अद्यतनीकरण का कार्य किया जा रहा है, वहीं 18,000 लोगों को आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से घर बैठे उनके विभिन्न बैंक खातों से नगदी उपलब्ध करायी जा रही है। आज भी डाककर्मी जाड़ा, गर्मी, बरसात की परवाह किये बिना सुदूर क्षेत्रों तक डाक सेवाये प्रदान कर रहे हैं।

पर्यटन मंत्री फिरोजाबाद एवं मैनपुरी दौरे पर

लखनऊ। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह आज से 02 जुलाई तक मैनपुरी तथा फिरोजाबाद के भ्रमण पर रहेंगे। पर्यटन मंत्री आज 30 जून को अपराह्न 03 बजे लखनऊ से प्रस्थान कर शाम 06 बजे शक्ति केन्द्र गाड़ीवान मण्डल दक्षिणी मैनपुरी पहुचें। घर-घर सम्पर्क अभियान में शामिल होने का कार्यक्रम तय था। अगले दिन पर्यटन मंत्री पूर्वाह्न 09 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे तक शिविर कार्यालय निकट रेलवे क्रासिंग मैनपुरी में जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। इसके उपरान्त भावंत चौराहा राधारमन रोड निकट पुलिस चौकी मैनपुरी में आरओ वाटर शोरूम का उद्घाटन करेंगे। इसके पश्चात अपराह्न 02 बजे शगुन मैरिज होम स्टेशन रोड मैनपुरी में 23वॉ मेधावी छात्र छात्रा सम्मान समारोह एवं अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके बाद 02 जुलाई को सिरसागंज, जिला फिरोजाबाद कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई पूर्वाह्न 10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक करेंगे।

29 जून व्यापारी कल्याण दिवस घोषित होने पर वित्त मंत्री का जताया आभार

लखनऊ। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना से भेंट करके कैबिनेट में 29 जून भामाशाह जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के प्रस्ताव को लाने एवं घोषित करने एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित करने के निर्णय पर आभार व्यक्त करने के लिए उनके 10 कालिदास मार्ग पर पहुंचकर उनका अभिनंदन किया गया।व्यापारियों ने उनसे ट्रांस गोमती क्षेत्र में विशेष रूप से इंदिरा नगर में सीलिंग के नोटिस पर भी अपनी बात रखी और उनसे व्यापारियों की मदद करते हुए सम्मान योजना को अति शीघ्र लागू करने का आग्रह किया ।

एक्शन में जिलाधिकारी, राजस्व के पुराने वादों के निस्तारण के लिए लिया बड़ा फैसला

राजस्व न्यायालयों में अब नहीं मिलेगी तारीख पर तारीख

गोंडा ,समृद्धि न्यूज

जनपदवासियों के लिए अच्छी खबर है। उन्हें राजस्व न्यायालयों में अब तारीख पर तारीख नहीं लेनी पड़ेगी। अपनी कार्यशैली से जनता के बीच जगह बना जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपदवासियों को राहत देने के लिए बड़ा फैसला लिया है।

ग्राम चौपाल जैसी अनूठी पहल को सफलतापूर्वक लागू करने के बाद डीएम अब राजस्व न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों को लेकर गंभीर हो चली हैं। एक्शन में आई गोण्डा डीएम ने राजस्व न्यायालयों में पुराने वादों लम्बित होने के प्रकरण को

लापरवाही पर होगी कार्यवाही

जिलाधिकारी राजस्व न्यायालयों में लम्बित वादों की संख्या को लेकर काफी गंभीर हैं। ऐसे में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वादों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही कदापि स्वीकार नहीं की जाएगी। जिन न्यायालयों में मानक के अनुरूप वादों का निस्तारण नहीं होगा, उनके पीठासीन अधिकारियों का उत्तरदायित्व तय करते हुए अनुशासनिक कार्यवाही की जाएगी।

गंभीरता से लेते हुए इनके समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के संबंध में सख्त निर्देश जारी किए हैं।

जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने आदेश पर जनपद के राजस्व न्यायालयों में 5 वर्ष से अधिक अवधि के लम्बित वादों की सूची तैयार की गई है। वहीं, इनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। इसके लिए जुलाई माह में विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। सभी राजस्व न्यायालयों के पीठासीन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह आगामी जुलाई माह में प्रत्येक कार्यदिवस पर अधिक से अधिक वादों की सुनवाई/ निस्तारण सुनिश्चित करें तथा दैनिक प्रगति रिपोर्ट मुख्य राजस्व अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत की जाए।

जिलाधिकारी के आदेश पर जनपद के मुख्य राजस्व अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के न्यायालयों में 05 वर्ष से अधिक अवधि से लम्बित वादों की सूची तैयार की गई है। डीएम द्वारा अधिक संख्या में पुराने वाद लम्बित होने के चलते चिंता व्यक्त करने के साथ ही इनको प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने हेतु विशेष अभियान संचालित करने के आदेश दिए हैं।

उन्होंने स्पष्ट आदेश दिए हैं कि पुराने वादों की दिन-प्रतिदिन के आधार पर सुनवाई करने एवं अधिक से अधिक वादों का प्रतिदिन निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

गंभीर चोट, फिर भी मारपीट का लिखा मुकदमा

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के नगर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सद्भावना पुलिस चौकी क्षेत्र के पूरे शिवा बख्तावर जैजैराम राम पुरवा में आठ जून को दबंगों के हमले से घायल अनूप तिवारी को तत्काल गोण्डा से लखनऊ रेफर किया गया वहां से सिर का आपरेशन करके 18 दिन भर्ती रखने के बाद बेहोशी हालत में ही डिस्चार्ज करके गोण्डा जिला अस्पताल में भर्ती करने की सलाह देते हुए जबरदस्ती ये कहकर गोण्डा भेज दिया कि इनकी स्थिति नाजुक हैं और इन्हें होश आने में कई महीने भी लग सकता है। इसलिए हम इन्हें इतने दिनों तक नहीं रख सकते हैं। चोट के 22 दिन बीतने पर भी खबर लिखे जाने तक घायल अनूप तिवारी को होश नहीं आया है। जबकि दबंग खुलेआम घूमते हुए घायल के परिवार को आते जाते हंसी ठिठोली लेकर चिढ़ा रहे हैं। बावजूद इसके नगर कोतवाली पुलिस का कहना है कि गिरफ्तारी वाली धारा नहीं लगी है। इसलिए आरोपियों को गिरफतार नहीं किया जा सकता है। जबकि गंभीर रूप से घायल युवक को लखनऊ मेडिकल कॉलेज से लेकर गोण्डा जिला अस्पताल के सभी डाक्टर स्थित नाजुक बता रहे हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार गत आठ जून को शाम रास्ते के विवाद में ग्राम जैजैराम पुरवा में दबंगों ने अनूप तिवारी और उनके परिवार पर जानलेवा हमला किया। हमले में जहां अनूप तिवारी मौके पर ही बेहोश हो गये वहीं परिवार के सदस्यों को भी चोटें आई। अनूप तिवारी को तत्काल लखनऊ मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां पर डाक्टरों ने उन्हें 18 दिन भर्ती रखकर इलाज किया। इस दौरान इनके सिर की हड्डी का आपरेशन भी हुआ परन्तु होश में

नहीं ला सके और अंत में थक-हार कर बेहोशी अवस्था में ही जिला अस्पताल में भर्ती करने की सलाह देकर इस दबाव के साथ डिस्चार्ज कर दिया कि इन्हें होश आने में कई महीने लग सकते हैं और इतने दिनों तक हम इन्हें यहां नहीं रख सकते हैं। 26 जून की रात जिला अस्पताल गोण्डा में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने अनूप के लड़के से यह लिखवा लिया कि वह अपनी जिम्मेदारी पर अस्पताल में भर्ती कराए हैं। अस्पताल की कोई जिम्मेदारी नहीं है। पूरे मामले में पुलिस की भूमिका शुरू से ही संदिग्ध रही है। सर्व प्रथम तो दरोगा राजेन्द्र कनौजिया ने पीड़ित की तहरीर बदलवा दिया और फिर हल्की धारा 323 504 506 में मुकदमा दर्ज कर लिया। ऐसा तब है जबकि दरोगा राजेन्द्र कनौजिया के सामने ही बेहोशी अवस्था में लखनऊ के लिए 108 एम्बुलेंस से ले जाया गया था। चौकी प्रभारी राजेन्द्र कनौजिया और नगर कोतवाल राकेश कुमार सिंह शुरू से ही इस मामले में कन्फ्यूज नजर आए। धाराएं बढ़ाने के नाम पर लगातार मेडिकल कॉलेज ट्रामा सेन्टर की रिपोर्ट का इन्तजार करने की बात करते रहे। जबकि गोण्डा जिला अस्पताल में हुई डाक्टरी में हेड इन्जरी और सिर में 5 सेमी से अधिक घाव प्रदर्शित हो रहा था। इस प्रकार 20 दिन तक लखनऊ से रिपोर्ट आने की बात कह कर टालते रहे और घायल के लड़कों द्वारा दिखाई जाने वाली लखनऊ की रिपोर्ट जिसमें सिर की हड्डी टूटी हुई और हेड इन्जरी प्रदर्शित हो रही है । जिसे देखकर भी यह कहकर टालते रहे कि हम मेडिकल कॉलेज की मोहर लगी रिपोर्ट ही मानेंगे और वह रिपोर्ट डिस्चार्ज के बाद ही मिलेगी। जबकि विधि विशेषज्ञों का कहना है कि सिर में 5 सेमी घाव होने पर तुरंत धारा 308 लग जानीं चाहिए। अंत तक दरोगा व नगर कोतवाल कन्फ्यूजन बरकरार रहा और 18-20 दिन बाद 26 या 27 जून को उन्होंने घायल के लड़के के ही रिपोर्ट पर धारा 325 और 308 बढ़ा दिया। जिसकी सूचना घायल के परिजनों को 28 जून को दी गई। अब गिरफ्तारी के सवाल पर पुलिस का कहना है कि धारा 308 में गिरफ्तारी नहीं हो सकती है। अब सवाल यह उठता है कि ऐसी स्थिति में धारा 307 जान से मारने का प्रयास क्यों नहीं लगाईं गई।इस पर नगर कोतवाल राकेश कुमार सिंह का कहना है कि डॉक्टरी में धारा 307 नहीं बन रही है। जबकि डॉ. वी. के. गुप्ता वरिष्ठ सर्जन ने बताया कि स्थिति नाजुक हैं कुछ कहा नहीं जा सकता है। लखनऊ से लेकर गोण्डा तक के डाक्टर जहां स्थित बेहद नाजुक बता रहे हैं। जबकि नगर कोतवाल सिंह व चौकी प्रभारी राजेंद्र कनौजिया को ये जानलेवा हमला नजर ही नहीं आ रहा है।वही मंगलवार को नगर कोतवाल राकेश सिंह कुछ पुलिसकर्मियों के साथ घायल अधिवक्ता पर हमला करने वाले साजन से मिलने जिला अस्पताल गए भी थे परन्तु वसी वार्ड में बगल में ही घायल व्यक्ति जिन्दगी मौत से लड रहे अनूप तिवारी के परिवार से झूठा भी हाल नहीं पूछा। बताया जाता है कि घायल अनूप तिवारी का दाहिना अंग बिल्कुल काम नहीं कर रहा है। ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि यदि अनूप तिवारी को कुछ हो जाता है तो नगर कोतवाल राकेश सिंह आरोपियों को गिरफ्तार करेंगे या फिर ईमानदार पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के साथ पर बट्टा लगाते रहेंगे।

जनपद न्यायाधीश, डीएम तथा एसपी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

गोंडा, समृद्धि न्यूज। शुक्रवार को जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वहां पर कैदियों से बात की तथा उन्हें जेल में दी जा रही सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा एसपी ने स्वयं विभिन्न बैरकों, अस्पताल, भोजनालय, भंडार कक्ष, पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देश दिए कि जेल में जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं इसके साथ ही ऐसे कैदी जिनके पास वकील नहीं है उनके लिए सरकारी वकील का भी प्रबंध कराया जाए जेल में निरुद्ध कैदियों का बराबर मेडिकल चेकअप कराने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर सीजेएम, जेल अधीक्षक, डिप्टी जेल अधीक्षक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बिना नहर की जांच किये ही छोड़ दिया गया पानी, भारी जलभराव

कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

सिंचाई विभाग के नहर खण्ड के जिम्मेदार लोगों की उदासीनता ग्रामीणों पर भारी पड़ रही है। बिना नहर की जांच किये ही पानी छोड़ दिया गया,जिससे नहर कट गई और चारों तरफ भारी जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

मामला विकास खण्ड कर्नलगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत दिनारी के मजरा उसरेर के पास का है। यहां नहर कटने से चारो तरफ जलभराव हो चुका है। खेतों के रास्ते नहर का पानी गांव के किनारे तक पहुंच गया है। प्रधान प्रतिनिधि दिनारी मुफीस खान ने बताया कि करीब 3-4 दिन पहले नहर मे पानी छोड़ा गया था। पहले थोड़ा रिसाव था,उसके बाद वह बढ़ता गया। गुरुवार को नहर की एक तरफ की दीवार कट गई जिससे तेजी के साथ पानी आसपास फैलने लगा। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत नहर विभाग के अधिकारियों से गई है। जिससे नहर का पानी बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार काफी समय पूर्व यह छोटी नहर की शाखा निकाली गई थी। जिस पर करोंड़ो रूपये विभाग व्यय कर चुका है। लेकिन किसानों को इस नहर का कोई विशेष लाभ नही मिल सका है। बताया गया कि नहर मे पानी आते ही कहीं न कहीं नहर कट जाती है जिससे ग्रामीणों के सामने समस्या उत्पन्न हो जाती है। जिसका कारण बिना नहर की जांच पड़ताल किये ही पानी छोड़ देना माना जा रहा है। जानकर बताते हैं कि नहर में पानी आते ही चूहों के बिल सहित अन्य रास्ते से पानी निकलने लगता है। और वह कुछ ही घंटे मे बड़ा होल बनकर नहर के साइड को काट देता है। ज़ब तक विभाग को इसकी सूचना होती है और बचाव कार्य प्रारम्भ होता है तब तक ग्रामीणों के सामने जल भराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस संबंध में सरयू नहर खंड के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि प्रकरण संज्ञान मे है। नहर के मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है।

खबरें एक नजर में

ललिता सभागार में किया गया मेधावी छात्रों को पुस्तकों का वितरण

गोंडा, समृद्धि न्यूज। श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय गोंडा में छात्रकल्याण समिति द्वारा मेधावी छात्र छात्राओं को उनकी मांग पर उपयोगी पुस्तकों का वितरण किया गया। प्राचार्य प्रो. रवींद्र कुमार पांडेय के निर्देशन में छात्र कल्याण समिति ने अध्ययनशील एवं जिज्ञासु छात्र छात्राओं से उनके लिए उपयोगी पुस्तकों के लिए आवेदन लिया गया था, जिसका वितरण आज ललिता सभागार में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह, सचिव उमेश शाह, प्राचार्य प्रो. रवींद्र कुमार पांडेय, छात्र कल्याण समिति के संयोजक प्रो. शिव शरण शुक्ल, प्रो. अभय कुमार श्रीवास्तव, प्रो. संदीप श्रीवास्तव, डॉक्टर संतोष कुमार श्रीवास्तव, डॉक्टर रेखा शर्मा, डॉक्टर हरीश कुमार शुक्ला एवं डॉक्टर अमित कुमार शुक्ला एवं अनेकों विद्यार्थी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ठ अतिथि एवं प्राचार्य ने छात्र छात्राओं को संबोधित किया और उनको प्रेरित किया कि भविष्य में भी अध्ययनशील विद्यार्थियों को सहायता प्रदान की जाएगी । उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर अग्रसर रह कर परिवार, समाज और महाविद्यालय का नाम ऊंचा करें।

संक्रामक बीमारियों पर काबू पाने के लिए आज से चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

गोंडा, समृद्धि न्यूज। जनमानस को संचारी रोगों से बचाने के लिए आज से आगामी 31 जुलाई तक एक माह का विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के जरिए डेंगू, मलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी, फाइलेरिया, कुष्ठ रोग और कुपोषण पर काबू पाने के प्रयास किए जाएंगे। शुक्रवार को सीएमओ डॉ रश्मि वर्मा ने अभियान से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों से सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि महीने भर चलने वाले इस विशेष अभियान को सफल बनाने की जिम्मेदारी शासन द्वारा 13 विभागों को सौंपी गई है। इसमें संचारी रोग के मरीजों को चिन्हित कर उनका उपचार कराने, मच्छरों की रोकथाम व सफाई के लिए जागरूकता शामिल है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मानसून आने के साथ समुदाय में डेंगू, मलेरिया व दिमागी बुखार जैसी विभिन्न तरह की संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इससे बचाव के लिए शासन के मंशानुरूप सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करेंगे। अभियान में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों और नगरीय इलाकों में गंदगी व झाड़ियों की कटाई कराई जाएगी। इसके अलावा मच्छरों की रोकथाम के लिए फॉगिंग कराई जाएगी। यूनिसेफ के डीएमसी शेषनाथ सिंह ने बताया कि 17 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। इसमें टीमें घर-घर जाकर संक्रामक रोगों से ग्रसित मरीजों की पहचान करेंगी। इस टीम में आशा कार्यकर्ता के साथ-साथ स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल रहेंगे, जो रोगियों को चिन्हित कर उन्हें दवा देंगे और जरूरी होने पर अस्पताल में भर्ती भी कराएंगे।

आज आएंगे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक

- राष्ट्रीय स्तर की कई योजनाओं के डिजिटल शुभारंभ में ऑनलाइन जुड़ेंगे

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक आज यानी 01 जुलाई को जनपद भ्रमण पर रहेंगे। वह राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न योजनाओं के डिजिटल शुभारंभ में ऑनलाइन जुड़ेंगे। जिला प्रशासन ने कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं।सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने बताया कि कार्यक्रम के अनुसार, डिप्टी सीएम दोपहर 02:35 बजे सिंचाई कॉलोनी मोतीपुर मैदान स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे।

कार्यक्रम स्थल का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय सिकिल सेल डिजीज उन्मूलन मिशन एवं राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न योजनाओं के डिजिटल शुभारम्भ कार्यक्रम के मद्देनज़र 01 जुलाई 2023 को विकास खण्ड मिहींपुरवा अन्तर्गत कुड़वा में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के भ्रमण कार्यक्रम के सम्बन्ध में की जा रही तैयारियों का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा व अन्य अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर मौजूद अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम व एसपी ने सिंचाई कालोनी मोतीपुर मैदान स्थित हेलीपैड स्थल, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कुड़वा तथा जन आरोग्य केन्द्र का निरीक्षण कर मौजूद अधिकारियों को फुलप्रूफ व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) संजय प्रसाद, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी मिहींपुरवा अजीत सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

उप मुख्यमंत्री 02:50 बजे कार्यक्रम स्थल ग्राम कुड़वा मिहींपुरवा बहराइच पहुंचकर प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय सिकिल सेल डिजीज उन्मूलन मिशन एवं राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न योजनाओं के डिजिटल शुभारंभ कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़ेंगे। उसके बाद उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक शाम 04:40 बजे सिंचाई कॉलोनी मोतीपुर हेलीपैड पहुंचकर लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

बाइक में दुपट्टा फंसने से गिरी गर्भवती महिला

पुलिसकर्मियों ने बचाया, भेजा अस्पताल

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपद के धनावा गांव निवासी एक युवक अपनी गर्भवती पत्नी को दिखाने के लिए अस्पताल जा रहा था। तेज हवा के चलते महिला का दुपट्टा बाइक के पहिए में फंस गया, महिला नीचे गिर गई। तभी गश्त पर निकली खैरीघाट पुलिस ने महिला को पहिये में फंसने से बचाया और उसे घर भिजवाया। खैरीघाट थाना क्षेत्र के धनावा गांव निवासी कसौवा पुत्र फकीर की पत्नी शीबा आठ माह की गर्भवती है। गुरुवार शाम को महिला की तबीयत खराब हुई जिस पर पति बाइक से लेकर नानपारा डॉक्टर के यहां दिखाने ले जा रहा था। तेज हवाएं चल रही थी। बाइक सवार मटेरा कला गांव के पास पहुंचा तभी महिला का दुपट्टा पहिया में फंस

गया। महिला जमीन पर गिर गई।उधर गश्त के लिए आ रहे प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र बहादुर सिंह और अन्य पुलिस कर्मियों ने महिला को जमीन पर गिरा देखा तो सभी ने वाहन रोक कर महिला को बाइक से अलग किया। इसके बाद पानी की व्यवस्था की। महिला को इसके बाद अस्पताल के लिए भेज दिया। महिला के पति ने बताया कि हालत सही है। कोई दिक्कत नहीं है। पुलिस के इस कार्य की सभी सराहना कर रहे हैं।

हर्षोल्लास से मनाई गई बकरीद, नमाज अदा कर मांगी गई अमन की दुआ

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के थाना बिशेश्वरगज क्षेत्र में गुरुवार को बकरीद धूमधाम से मनाई गई। कई दिनों से इस दिन की तैयारियां चल रही थी। मस्जिदों से लेकर बाजारों तक में रौनक-ए-खास नजर रही थी। नमाज अदा करने के नियम के साथ लोगों ने बकरीद पर एक-दूसरे को गले लगकर बधाई दी। क्षेत्र के लोनावा दरगाह ,कुरसहा,गंगवल, पुरैना,आदि ग्राम पंचायतों के मस्जिदों में नमाजियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए नमाज मस्जिदों के अलावा बाहर बैठकर भी कराई गई। इसका प्रबंध भी मस्जिदों के संचालकों ने पहले ही कर लिया था। बाजार की दुकानों पर सेवईया, ड्राई फ्रूट फल आदि की भी खूब बिक्री हुई थानाध्यक्ष बिशेश्वरगज की पुलिस टीम चप्पे चप्पे पर चाक चौबंद रही ।कहीं से किसी अप्रिय घटना की खबर नही मिली ।

पंचायत सहायक आत्महत्या मामला

बुधवार से था गायब, पेड़ से लटकती मिली लाश

- पिता ने लगाया हत्या का आरोप, कहा- सुसाइड करना होता तो वह बहराइच क्यों आता

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

बाराबंकी जनपद निवासी लापता पंचायत सहायक का शव हाईवे के निकट फंदे से लटकता मिला है। पुलिस ने परिवार की मौजूदगी में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिता ने बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि एक लड़की से वह बात भी करते थे। फिर वह बहराइच में आकर आत्महत्या क्यों करेंगे।

बाराबंकी जनपद के सफदरगंज थाना अंतर्गत धनौल गांव निवासी

चंद्रेश कुमार रावत (26) पुत्र रामप्रकाश रावत पंचायत सहायक के पद पर किशुनदासपुर बदोसराय में तैनात था। पंचायत सहायक के माता पिता बुधवार को खेत गए थे। शाम को पांच बजे सभी वापस आए तो बेटे को घर नहीं देखा। इस पर ग्राम प्रधान को फोन कर जानकारी ली तो ग्राम प्रधान ने बेटे के गांव न आने की बात कही। चंदेश का शव बृहस्पतिवार सुबह बहराइच जनपद के रामगांव थाना क्षेत्र के धर्मकुंडा गांव के पास हाईवे के निकट आम के पेड़ से लटकता मिला। आसपास के ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची पुलिस ने मृतक के पास से बैग बरामद किया। बैग से मृतक युवक की पहचान हुई। चंदेश के परिवार को पुलिस ने सूचना दी। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। पिता राम प्रकाश ने बताया कि बेटा एक लड़की से बात करता था। ऐसे में उसकी हत्या की गई है। उसे आत्महत्या करना होता तो वह बहराइच क्यों आता। वहीं मृतक का बड़ा भाई हरिओम बलिया जनपद में दीवान के पद पर तैनात हैं। प्रभारी निरीक्षक अमितेंद्र कुमार ने बताया कि बाराबंकी जनपद से परिवार के लोग बहराइच आ गए सभी ने युवक के बुधवार शाम से लापता होने की सूचना दी है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि परिवार के लोगों ने कोई आरोप नहीं लगाए हैं। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

भीम आर्मी प्रमुख पर हमले को लेकर निकाला शांति मार्च

- सरकार के विरुद्ध नारेबाजी कर सौंपा ज्ञापन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

भीम आर्मी प्रमुख पर बुधवार को बदमाशों ने हमला कर दिया था। जिसके विरोध में गुरुवार को भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर पार्क से कलेक्ट्रेट तक सभी ने शांति मार्च निकाला। जिले में बृहस्पतिवार को भीम आर्मी के सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी अंबेडकर पार्क में एकत्रित हुए। यहां पर सभी ने भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद पर हुए हमले के विरोध में नारेबाजी करते हुए शांति मार्च निकाला। भीम आर्मी के देवी पाटन मंडल प्रमुख संतोष कुमार राज की अध्यक्षता में अंबेडकर पार्क पर एकत्रित

होकर जमकर प्रदर्शन किया। सभी नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंच गए।कलेक्ट्रेट पहुंचकर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा प्रदर्शन किया गया और सरकार विरोधी नारे भी लगाए। कलेक्ट्रेट में जमीन पर ही सभी बैठ गए और जमकर नारेबाजी की। सभी हमले के आरोपी की गिरफ्तारी करने और आर्मी प्रमुख को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की। इसके बाद मौके पर पहुंची नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर व पुलिस द्वारा उन्हें शांत कराया गया। भीम आर्मी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। भीम आर्मी द्वारा ज्ञापन के माध्यम से भीम आर्मी चीफ चंद्र शेखर सिंह आजाद को सरकार द्वारा जेड प्लस सुरक्षा मुहैया कराने व दोषियों के विरुद्ध जल्द से कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो इसका अंजाम पूरा उत्तर प्रदेश और देश देखेगा क्योंकि वह एक ऐसे नेता है जो हर एक दलित समाज के बच्चे और बच्चियों के साथ खड़े हैं। इस दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चोरी की 15 बाइकें बरामद, दो शातिर गिरफ्तार

- ऑटोलिफ्टर गैंग का भंडाफोड़
- बरामद बाइके सीज

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली देहात पुलिस ने बाइक चोरी का खुलासा करते हुए 15 बाइकें चोरी की बरामद की है। बरामद बाइक पुलिस ने सीज कर दिया है। जबकि शातिर चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

शहर में बाइक चोरी की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। बुधवार को ही जिला अस्पताल और एक जांच सेंटर के निकट से लोगों की बाइक चोरी हो गई है। लगातार चोरी हो रही बाइकों

को बरामद करने के निर्देश एसपी प्रशांत वर्मा ने पुलिस को दिए थे। जिस पर कोतवाली देहात पुलिस ने चोरी की बरामदगी की। जिसका खुलासा बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक ने किया। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि कोतवाली देहात पुलिस ने जांच शुरू की। अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी राजीव सिसोदिया की देखरेख में पुलिस ने बाइक चोरों पर नजर रखा। एसपी ने बताया कि कोतवाल देहात शमशेर बहादुर सिंह, उप निरीक्षक अनिल यादव, चौकी इंचार्ज सूरज कुमार, एसआई यतींद्र सिंह के साथ पुलिस टीम ने बाइक चोरों की तलाश शुरू की। कोतवाल के मुताबिक चौखड़िया गांव के निकट गांव निवासी श्याम बिहारी उर्फ गुड्डू चौधरी पुत्र रक्षा राम को चोरी की बाइक के साथ पकड़ा गया। साथ नानपारा के सिलेटन गंज निवासी भानु प्रताप पुत्र सत्यदेव के पास भी चोरी की बाइक मिली। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दोनों से कड़ी पूछताछ की गई तो सभी ने अन्य चोरी की बाइक के बारे में बताया। बताए गए स्थान से 13 और चोरी की बाइक बरामद हुई। बरामद बाइकों को पुलिस को पुलिस ने सीज कर दिया है। जबकि दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। एसपी ने बताया कि बाइक जिनके हैं, उनकी तलाश कर बाइक दिया जायेगा। इस दौरान पुलिस टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

बच्चों के विवाद में जमकर चली लाठियां, सात घायल

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

फखरपुर थाना अंतर्गत वजीरगंज बाजार में बुधवार देर शाम को लोग बकरीद की खरीदारी कर रहे थे। तभी बाजार में मोहर्रम अली और नफीस के बच्चों के बीच विवाद शुरू हो गया। बच्चों के विवाद के बीच बड़े आ गए। दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे पर लाठी और डंडे से हमला किया। मारपीट में दोनों पक्ष के सात लोग घायल हुए हैं। फखरपुर थानाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि मोहर्रम अली पुत्र मो. यासीन और नफीस पुत्र ननकऊ पक्ष के बीच मारपीट हुई है। दोनों पक्ष की तहरीर पर पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि घायलों का इलाज चल रहा है।

मानसून की पहली बारिश ने खोली नगर पंचायत की पोल

- बारिश से पानी-पानी हुआ कस्बा, जलजमाव से जीना हुआ दुश्वार
- बरसात के पहले दौर में कस्बा लबालब, अस्पताल से लेकर दुकान तक में भरा पानी

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश सरकार लाख दावे करे की सड़कें चुस्त दुरुस्त हैं लेकिन अभी भी बहुत ऐसी जगह हैं जहाँ सरकार के दावे खोखले साबित हो रहे हैं।शुक्रवार को हुई बेमौसम भारी बारिश से गांव से कस्बो तक पानी-पानी हो गया है।कस्बे के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं।

कुछ ऐसा ही नजारा लालगंज में उस समय देखने को मिला जब हल्की बारिश में ही बरदाही रोड़ जलमग्न हो गया।लोगों का आना जाना मुश्किल हो गया।जिससे लोगों की मुसीबतें काफी बढ़ गई है। इस बारिश ने कस्बे की सफाई व जलनिकासी व्यवस्था को ले नगर पंचायत की तमाम दावों की पोल खोल कर रख दी है।वैसे ये समस्या कोई नई नहीं है।दशकों से प्रतीक्षारत लोगों को निराशा ही हाथ लगी।पिछली पंचवर्षीय में भी तत्कालीन नगर अध्यक्ष ने भी इस समस्या को नजरअंदाज किया।तो वर्तमान नगर अध्यक्ष से लोगों की उम्मीदें जुड़ीं लेकिन अभी तो निराश ही होना पड़ा।

सिर्फ कागजों पर हो रही नालियों की सफाई

मूसलधार बारिश ने नगर पंचायत लालगंज में पानी निकास व्यवस्था का पोल खोल दिया है। कस्बे में जगह-जगह पानी जमा हो गया। यूं कहा जाय की लालगंज पानी- पानी हो गया तो अतिश्योक्ति नहीं होगा। कस्बे की मेन रोड के अलावा अन्य मोहल्लों में सड़कें तालाब की तरह नजर आईं। सड़कों में पानी भरा होने से लोगों को आवागमन में भारी समस्या का सामना करना पड़ा। कागजों पर सफाई दिखाने के नाम पर लाखों रुपए का टेंडर निकालकर थैली भर ली जाती है। थोड़ी सी बारिश होने के बाद से सबसे ज्यादा परेशानी दुकानदारों को होती है। लेकिन नगर पंचायत सिर्फ तमाशबीन बना रहता है।

क्या इस बरसात भी बरदाही वासियों को जलभराव की समस्या से जूझना पड़ेगा?

लालगंज कस्बे के बरदाही मोहल्ले में भी वैसे तो सड़क, नाली, की समस्याएं भी हैं, लेकिन सबसे बड़ी परेशानी बारिश में होती है। आलम यह है कि कस्बे में थोड़ी सी बारिश होते ही इस वार्ड की सड़कों और गलियों में इतना पानी भर जाता है कि घर से निकलना मुहाल हो जाता है। कारण यह है कि इस वार्ड में नगर पंचायत द्वारा जलनिकासी की व्यवस्था न होने के कारण बारिश भर इस परेशानी से वार्डवासी जूझते रहते हैं। इसके अलावा वार्डवासियों की शिकायत यह भी है कि नालियों की सफाई नहीं होती और वे गंदगी से बजबजाती रहती हैं। हर साल करोड़ों रुपए नाली - गली के निर्माण और सफाई के नाम पर खर्च किए गए। बावजूद इसके कस्बे बरदाही मोहल्ले में बरसात के दिनों में गंदगी का आलम व्याप्त रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हम लोगों ने तो उम्मीद ही छोड़ दी है।देखो शायद किसी जनप्रतिनिधि की नजर पड़े और विचार करें। अब देखना यह है कि खबर प्रकाशित होने के बाद कस्बे वासियों को इस समस्या से निजात मिलता है या पूर्व की तरह इस बार भी जलजमाव की समस्या से लोगों को जूझना पड़ेगा?

भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर मोदी सरकार की 9 साल की उपलब्धियां गिनाई

महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर फिर से एक बार मोदी सरकार बनाने के लिए लोगों से समर्थन मांग रहे हैं। सेवा सुशासन और गरीब कल्याण 9 साल मोदी सरकार के पूर्ण होने पर घर-घर महाजन संपर्क अभियान के अंतर्गत महराजगंज मंडल के बूथ संख्या 257 पर घर-घर संपर्क किया गया वाला भारतीयों से 9090 90 20 24 पर मिस कॉल कर कर एक बार फिर से मोदी सरकार बनाने का समर्थन मांगा गया।

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा मंडल उपाध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला मंडल मंत्री राघवेंद्र सिंह शक्ति केंद्र संयोजक विनोद त्यागी ग्राम प्रधान सत्रोहन लोधी सुरेश पासी बूथ अध्यक्ष विकास लोधी विजय धीमान सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रायबरेली सर्विलांस टीम को मिली बड़ी सफलता

25 लाख रुपए कीमत के 101 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को सौंपा

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रायबरेली जिले की सर्विलांस टीम को मिली बड़ी सफलता गुम हुए 25 लाख रुपए कीमत के 101 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को सौंपा रायबरेली जिले के पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के निर्देशन में सर्विलांस टीम द्वारा चलाए जा रहे मोबाइल एप्लीकेशन के तहत बरामद किए गए 101 मोबाइल फोनों को मोबाइल स्वामियों को किया सौंपा रायबरेली जनपद के सर्विलांस टीम द्वारा किरण हाल में जनपद से सर्विलांस के जरिए बरामद किए गए 25 लाख रुपए की कीमत के 101 मोबाइल फोन बरामद किया अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि सर्विलांस टीम द्वारा कुल 101 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं जिसकी मार्केट कीमत ?25 लाख आंकी गई है जिसमें ब्रांडेड कंपनी आईफोन वीवो सैमसंग रेडमी ओप्पो रियल मी सहित दर्जनों कंपनियों के मोबाइल है जो रायबरेली पुलिस द्वारा तैयार किए गए एप्लीकेशन पर मिले प्रार्थना पत्रों पर कार्यवाही करते हुए सर्विलांस टीम ने 101 मोबाइल फोन बरामद किया गया है बरामद मोबाइल फोन को उनके स्वामियों को पुलिस अधीक्षक के किरण हाल बुलाकर सौंप गया मोबाइल फोन पाकर मोबाइल स्वामियों रायबरेली पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक

रायबरेली, सद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के माहिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की राज्यमंत्री एवं जनपद की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि शहर में किराये पर चल रही आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने हेतु टीम बनाकर व्यवस्थाओं को दुरूस्त करते हुए उसकी अद्यतन रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि शहर व ग्रामीण क्षेत्रों बारिश को दृष्टिगत रखते हुए साफ-सफाई, जलभराव आदि व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखें। अधिकारी अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी के साथ करें, कार्य के प्रति लगाव एवं लगन रहेगी तो गुणवत्तापूर्ण कार्य सम्पन्न होगा, उदासीनता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने महिला उत्पीड़न संबंधी मामलों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

प्रदेश की राज्य मंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार एवं जनपद की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला आज बचत भवन सभागार में जनपद के विकास एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहीं थीं।

बैठक में राज्य मंत्री ने कहा कि शहर की निर्माणाधीन सड़कों की स्थिति में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठायें जाएं एवं इस बात का ध्यान अवश्य रखा जाए कि आमजन को समस्याएं न होने पायें।

उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन जिन सड़कों का कार्य पूर्ण होने के हैं, उनपर आवागमन की सुचारू व्यवस्था के लिए आवश्यक कार्य तत्काल करायें जाएं।

विकास एवं निर्माण कार्यो में मानक व गुणवत्ता पर दें विशेष ध्यान : प्रभारी मंत्री

जनपद की प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समस्त पात्र व्यक्तियों को दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं पेयजल जैसी सेवाएं पुण्य सेवाएं हैं, इस सेवाओं के निर्वहन में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा बिजली आपूर्ति में लापरवाही नहीं की जाए, जितनी बिजली सरकार दे रही है उतनी बिजली की आपूर्ति प्रत्येक दशा में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विकास एवं निर्माण के कार्यो में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि बिजली के कनेक्शन तथा ट्रांसफार्मर बदलने आदि के मामलों में समय का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद में बिजली आपूर्ति आदि के कार्यों का निहित रूप से अनुश्रवण अपने स्तर से भी करें। विद्युत समस्या विद्युत के बिल की समस्या का निस्तारण नियमानुसार किया जाए।

खबरें एक नजर में

पति ने पत्नी को लाठी-डंडों से पीटा, जिला अस्पताल रेफर

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। नारी शक्ति को लेकर सरकार लगातार जागरूकता अभियान फैला रही है, महिलाओं को आत्मनिर्भर और उनको उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए समय-समय पर संगोष्ठी के माध्यम से उन को जागरूक करने का काम भी कर रही है। फिर भी महिलाओं के ऊपर अत्याचार कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला बछरावां थाना क्षेत्र के थुलेंडी चौकी अंतर्गत थुलेडी गांव का है। जहां की रहने वाली महिला को उसके ससुराली जनों ने लाठी-डंडों से जमकर मारा पीटा, जिसकी वजह से महिला घायल हो गई। ग्रामीणों की मदद से उसे एंबुलेंस के माध्यम से बछरावां स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। महिला का आरोप है कि उसके पति देशराज के द्वारा कई वर्षों से उसे प्रताड़ित किये जा रहा है और उसे मारता- पीटता है। बृहस्पतिवार भी उसी घटना की पुनरावृत्ति हुई जिस पर ग्रामीणों के द्वारा बीच-बचाव करके घायल महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां पर हालत गंभीर होने की वजह से डॉक्टरों के द्वारा उसे जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने पति देशराज को हिरासत में लेकर पूछताछ प्रारंभ कर दी है।

सड़क दुर्घटना में तीन घायल, जिला अस्पताल रेफर

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत पश्चिम गांव के पास देर रात बाइक सवार दो व्यक्तियों के साथ इलाज कराने जा रही एक बीमार महिला को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पदम खेड़ा निवासी का कमला पत्नी कल्लू उम्र लगभग 60 वर्ष की बीते बृहस्पतिवार रात अचानक तबीयत खराब हो गई। वृद्ध महिला के पड़ोसी रामअवध पुत्र रजऊ उम्र 50 वर्ष एवं देशराज पुत्र छीटू महिला को दिखाने के लिए अस्पताल जा रहे थे। जैसे उनकी बाइक पश्चिम गांव के पास पहुंची, अचानक एक अज्ञात वाहन द्वारा उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा एंबुलेंस के माध्यम से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां उनकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस बाबत थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार राय ने बताया घटना की सूचना प्राप्त हुई है, तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन रासलीला का बखान

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। बांगरमऊ क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे हवाई पट्टी पर स्थित कर्बीरपुर खंभौली कुटी में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा तथा मूर्ति प्रतिष्ठा यज्ञ के छठवें दिन शुक्रवार को भागवताचार्य पंडित रामदेव तिवारी द्वारा भगवान कृष्ण की रासलीला के मर्म का बखान किया गया। उन्होंने कहा कि रासलीला श्रीमद्भागवत महापुराण का सार तत्व है। कथा व्यास एवं यज्ञाचार्य श्री तिवारी ने रासलीला प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि यह जीव और ब्रह्म के मिलन की लीला है। ब्रम्ह से मिलन होते ही जीव का बाह्य आवरण पाप-पुण्य से ऊपर उठकर उसे जीवभाव का आभास समाप्त हो गया। उन्होंने बताया कि बंशी का आध्यात्मिक अर्थ एवं रहस्य अत्यंत गूढ़ है। भगवान कृष्ण द्वारा तत्व ज्ञानरूपी बंशी बजाते ही सभी जीव रस सिंधु में निमज्जित अर्थात सराबोर हो गए। उन्होंने बताया कि रस समूह ही रास है और सभी आभरण भंग जीव बंशी श्रवण कर सदा के लिए कृतार्थ हो गये। अंत में नैमिष तीर्थ से पधारे संत हनुमान मुनि जी ने हनुमत महिमा पर प्रवचन किया। उन्होंने उपदेश दिया कि बजरंगबली आठ सिद्धियों और नौ निधियों के दाता हैं। कथा समाप्ति पर यजमान कुलबीर सिंह मोर और मुकेश देवी ने भगवान कृष्ण की आरती कर प्रसाद वितरित किया।

किशोरी ने खाया जहर

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चकपीरनगर निवासी दिनेश के पुत्री पायल 15 वर्ष ने आज घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। हालत बिगड़ती देख परिजन आनन-फानन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने किशोरी की हालत नाजुक बताकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

आकाशीय बिजली से गई युवक की आंखो की रोशनी

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। पड़ोसी जिला हरदोई के थाना मल्लावां अंतर्गत ग्राम आलापुर कोट निवासी शिवशंकर का पुत्र प्रशांत पटेल (25) आज अपने मकान की छत पर घरेलू काम कर रहा था तभी अचानक आसमान में उमड़-घुमड़ रहे घने काले बादलों के बीच से कहीं तेज बिजली गिरी। बिजली की इतनी तेज रोशनी हुई कि उसकी आंखें चौंधिया गई। बाद में उसने इधर-उधर देखा तो उसे आंखों से दिखना बंद हो गया। परिजन तुरंत उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने युवक की आंखों की जांच की और जांच बाद उसे हायर आई सेंटर रेफर कर दिया।

तालाब में मिला अज्ञात युवक का शव

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। माखी थाना क्षेत्र में कानपुर-बालामऊ रेलवे लाइन के पास स्थित तालाब में अज्ञात युवक का शव पड़ा देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने की कोशिश की लेकिन पहचान नही हो पायी। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल मोर्चरी में रखवा दिया है। पटियारा रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार की शाम को ग्रामीणों ने तालाब के पास 45 साल के युवक का शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पहचान कराने की कोशिश की लेकिन उसकी पहचान नही हो सकी। मृतक नीला शर्ट और मटमैले कलर की पैंट पहने था। पैरों में जूता-चप्पल नही थे। इस सम्बंध में थाना प्रभारी बीर बहादुर सिंह ने बताया कि अज्ञात शव मिला है जिसकी पहचान नही हो सकी है। मृतक के शरीर पर जाहिरा चोट के निशान नहीं है। शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है। मृतक की पहचान के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है।

हर्षोल्लास के साथ बकरीद का त्योहार सम्पन्न, नमाज अदा कर मांगी अमन की दुआ

महराजगंज/रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र भर में मुस्लिमों ने बकरीद का त्यौहार परंपरागत तरीके से मनाया। इस दौरान मस्जिदों में नवाज भी अदा की गई। इसके उपरांत बड़ी तादात में मुस्लिम समाज के लोगों ने कुर्बानी रश्म का पालन किया। बकरीद के त्यौहार को देखते हुए सभी प्रमुख ईदगाह और मस्जिदों में पुलिस प्रशासन ने डेरा डाल रखा था। कहीं से किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं मिला है।

मुस्लिम मजहब के दूसरे सबसे बड़े त्यौहार बकरीद के मौके पर बाजारों में रौनक छाई रही। पुरुषों के अलावा महिलाओं और बच्चों ने भी विभिन्न सामानों की खरीदारी की, जिससे बाजारों में चहल-पहल बनी रही। इसके उपरांत बृहस्पतिवार को मस्जिदों और ईदगाहों में बड़ी तादाद में लोगों ने नमाज अदा की। लोग एक दूसरे के गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद देते नजर आए। क्षेत्र में महराजगंज कस्बा के अलावा लोधवामऊ, थुलवासा, बावन बुजुर्ग बल्ला, पूरे बादल खां, असनी, हसनपुर, पारा कला, पारा खुर्द, हलोर, मऊ गर्बी, ज्योना, चंदापुर, खैरहना, इमामगंज, पहरेमऊ, आदि गांव में मौजूद मुस्लिमों ने बकरीद का त्यौहार पूरे अकीदत के साथ मनाया। इसके उपरांत प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइंस के अनुसार कुर्बानी की रस्म जगह-जगह अदा की गई। जबकि कहीं से भी किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं है। बकरीद के त्यौहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उप जिलाधिकारी राजेंद्र कुमार शुक्ल, तहसीलदार अभिनव पाठक, क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार नौहवार, कोतवाल महराजगंज श्याम कुमार पाल पूरे पुलिस महकमे के साथ क्षेत्र का भ्रमण करते रहे और बकरीद का त्यौहार मनाया गया।

खेत देखने गए किसान की सर्पदंश से मौत

सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज। खेत देखने गए किसान की सर्पदंश से मौत हो गई।घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के मुताबिक सलोन कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदाबाद गांव निवासी अनवर पुत्र अब्दुल उम्र लगभग 46 वर्ष शुक्रवार की सुबह बारिश होने पर अपने खेत देखने गया था।इसी दौरान किसी विषैले सर्प ने डस लिया। जिससे कुछ देर में हालत बिगड़ने लगी।परिजनों द्वारा उसे डॉक्टर के पास न ले जाकर झाड़-फूंक के चक्कर में पड़े रहे।

हालत में कुछ सुधार ना होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन ले गए।जहां डॉक्टरों ने जांच पर मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

भाई की पत्नी की हत्या करने वाला पहुंचा सलाखों के पीछे

महराजगंज/ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली क्षेत्र के असनी से गांव में विगत कुछ दिनो पहले हुए परिवारिक बंटवारे में जेठ ने फावड़े से अनुज वधु पर हमला कर दिया था जिसमें महिला आशा की ट्रामा सेंटर लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई थी। जिसमे हत्या का आरोपी वांछित चल रहा था जिसे आज महराजगंज पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 174 / 2023 धारा 304 भादवि से वांछित चल रहे आरोपी राजाराम पुत्र रामसेवक को असनी गांव से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक सर्वेश यादव ,आरक्षी देवेश यादव, आरक्षी अक्षय कुमार मौजूद रहे।

नशीला पदार्थ खिला नकदी मोबाइल व आभूषण पार कर ले गये जहरखुरान

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

हरियाणा प्रांत से कमाई कर रेल से वापस घर लौट रहा एक युवक जहरखुरानी गिरोह का शिकार हो गया। गिरोह ने युवक के बैग से तीन हजार रुपए नगदी सहित मोबाइल सेट, कपड़े और चांदी की जंजीर चोरी कर ली। युवक अर्धबेहोशी की हालत में किसी तरह नानामऊ गंगा पुल पर पहुंचा। जहां ग्रामीणों ने उसे पहचान कर उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। युवक को जिला अस्पताल रेफर किया गया। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदार नगर के मजरा खारपुरवा निवासी माता प्रसाद का पुत्र सुनील 28 वर्ष हरियाणा प्रांत के शहर भिवानी में मजदूरी करता है। वह मजदूरी के पैसे लेकर रेल से वापस अपने गांव लौट रहा था तभी रास्ते में जहरखुरानी गिरोह ने किसी खाद्य पदार्थ में जहरीली दवा मिलाकर उसे खिला दिया। जिससे वह अचेत हो गया। अचेत होते ही गिरोह के सदस्य उसके बैग में रखा तीन हजार रुपए नकदी, एंड्रॉइड मोबाइल सेट, 10 जोड़ी कपड़े तथा चांदी की चेन चोरी कर रेल से उतर गए। अर्धबेहोशी की हालत में सुनील किसी तरह कानपुर के बिल्हौर रेलवे स्टेशन से उतरकर पैदल नानामऊ गंगापुल पर पहुंचा। जहां कुछ ग्रामीणों ने उसे पहचान लिया और उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। बाद में ग्रामीणों ने घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। चिकित्सकों ने युवक की हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

नि:क्षय दिवस कार्यक्रम की समीक्षा करने पहुंचे जिले के अधिकारी

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

प्रधानमंत्री क्षयरोग मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड मियाँगंज क्षेत्र के अंतर्गत प्रत्येक माह की 15 तारीख को होने वाले नि:क्षय दिवस कार्यक्रम का जनपद से आये अधिकारियों ने समीक्षा की तथा संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

मियांगंज ब्लॉक क्षेत्र के कस्बा मियाँगंज में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री क्षयरोग मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 15 तारीख को होने वाले नि:क्षय दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें संभावित क्षयरोगियों की खोज करना क्षयरोग के लक्षण जैसे कि दो सप्ताह से अधिक खांसी आना, शरीर का तापमान बढ़ना, रात्रि के समय अचानक पसीना आना, भूख न लगना, लगातार वजन का कम होना, बलगम के साथ खून का आना आदि क्षयरोग के लक्षण हो सकते हैं। इस अवसर पर जिला समन्वयक विनोद यादव ने पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। जिसपर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा की गई जिसमें जिला समन्वयक विनोद यादव ने पाया कि कुछ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी दिये गये निर्देशों का पालन सही समय पर नहीं कर रहे हैं। जिससे प्रतीत होता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों पर कोई भी प्रभाव नहीं हो रहा है जबकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को 2025 तक क्षयरोग से मुक्त करने का संकल्प का वादा कर रखा है।

इस अवसर पर वरिष्ठ क्षय रोग पर्वेक्षक रामप्रकाश यादव को फटकार लगाते हुये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर डॉक्टर डी नाथ, वरिष्ठ क्षयरोग पर्वेक्षक रामप्रकाश यादव, एसटीएलएस सुशील कुमार, स्पोटम ट्रांसपोर्टर जितेंद्र कुमार, कमल वर्मा, अशोक कुमार वर्मा सहित सभी स्टाफ के लोग उपस्थित रहे।

एक सप्ताह बाद भी स्वास्थ्यकर्मी के ज्वाइन न करने से मरीज माथूस

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

- संयुक्त स्वास्थ्य सचिव ने 20 जून को दिये थे 27 स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती के आदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा घोषित व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित के ड्रीम प्रोजेक्ट बीघापुर स्थित 100 बेड के अस्पताल में महिला व पुरुष विभाग में 12 चिकित्सकों सहित कुल 27 लोगों के स्टाफ की तैनाती आदेश के 1 सप्ताह बीत जाने के बाद भी किसी ने ज्वाइन नही किया है। पूर्व में तैनात किए गए 6 फार्मेसिस्ट के भरोसे ही अस्पताल है।

स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव अजीज अहमद ने 20 जून को पत्र जारी कर इस अस्पताल में 12 चिकित्सकों से 27 लोगों की नियुक्ति के आदेश दिये थे। जिला अस्पताल उन्नाव में कार्यरत डॉ0 रमेश रमन को अस्पताल का चिकित्सा अधीक्षक बनाया गया तथा डॉ0 ज्ञानेंद्र सचान फिजीशियन, शुक्लागंज गंगाघाट से डॉ0 नसीम असलम अंसारी एनिस्थीसिया, रानीगंज प्रतापगढ़ से जनरल सर्जन सचिन शुक्ला, इमरजेंसी मेडिकल अफसर के रूप में हरदोई से मुकेश गुप्ता व डॉ शक्ति आनंद व मगरायर स्वास्थ्य केंद्र से डेंटल सर्जन के रूप में डॉ0 अनुराधा कटियार तैनाती दी गई।

महिला विभाग में बीघापुर में तैनात डॉ0 प्रियंका पांडे सहित इमरजेंसी मेडिकल अफसर के रूप में हरदोई से स्वेता तिवारी व डॉ0 पूनम गुप्ता को तैनाती दी गई है। इसी तरह 4 पैरामेडिकल स्टाफ, 6 फार्मेसिस्ट एक्सरे, टेक्निशियन, लैब टेक्नीशियन डार्करूम सहायक सहित 3 स्टाफ नर्सों की भी तैनाती हुई है इसी तरह लिपिक संवर्ग में एक वरिष्ठ सहायक व कनिष्ठ सहायक की भी तैनाती की गई है परन्तु आदेश को एक सप्ताह से अधिक का समय बीतने के बाद भी किसी चिकित्सक के ज्वाईन न करने तथा पूर्व में नियुक्त हुए दो पुरुष व एक महिला चिकित्सक के भी न आने तथा अस्पताल के संचालन की खबर के बाद से ईलाज के लिए आने वालों को निराश होकर वापस होना पड़ रहा है।

ट्रक में घुसी डीसीएम, चालक घायल

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर ट्रक चालक के अचानक ब्रेक लेने से पीछे चल रही डीसीएम तेजी से ट्रक के पीछे घुस गयी। हादसे में डीसीएम का केविन क्षतिग्रस्त हो गया और चालक घायल हो गया। जनपद बुलंदशहर के थाना डिवाई अंतर्गत ग्राम बघोर निवासी संजीव कुमार डीसीएम में अजमेर राजस्थान से धागा लादकर गोरखपुर जा रहा था तभी शुक्रवार को सुबह बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर गांव गौरिया कलां के निकट आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक ले लिया। जिससे डीसीएम तेजी से ट्रक के पीछे घुस गई। हादसे में डीसीएम का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में ही फंस गया। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से चालक को बाहर निकाला और दोनों भार वाहन किनारे कर आवागमन बहाल कराया। घटना में चालक को मामूली चोट आई।

मानसून की कसक

भारत में सदियों से मानसून का इंतजार पलक-पांवड़े बिछाकर किया जाता रहा है। आजादी के सात दशक बाद भी भारतीय कृषि की सिंचाई के लिये मानसून पर निर्भरता बताती है आज भी मानसून अन्न उत्पादन की धुरी है। यही वजह है कि भारतीय साहित्य वर्षा ऋतु के गुणगान से पुष्पित-पल्लवित रहा है। लेकिन हाल के वर्षों में मानसून आगमन के साथ ही शहरी लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आती हैं। हाल ही में मानसून की दस्तक के साथ ही हरियाणा की आधुनिक नगरी गुरुग्राम व अन्य शहरों की सड़कों में कारें व अन्य वाहन तैरते नजर आये। इससे छोटे वाहनों व पैदल चालकों की दुश्वारियों का अंदाजा लगाया जा सकता है। थोड़ी बारिश में भी सड़कें नालों में तब्दील होने लगती हैं। प्रशासन के अधिकारियों को पता होता है कि मानसून किस समय पर आएगा। सूचना माध्यमों में लगातार मानसून आगमन की तिथियों का उल्लेख होता भी है। लेकिन काहिल तंत्र के कान पर जूं नहीं रेंगती। विभिन्न विभागों में जल निकासी के लिये फंड भी होते हैं ताकि शहरों में जल भराव की स्थिति न बने। नागरिकों को मुश्किलों का सामना न करना पड़े। लेकिन समय रहते नालियों व सीवरेज व्यवस्था की खामियों को दूर नहीं किया जाता। जरा सी बारिश अधिकारियों व स्थानीय निकायों के दावों की पोल खोल देती है। हाल के दिनों में ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव के चलते बारिश के पैटर्न में भी बदलाव आया है। अब बारिश रिमझिम-रिमझिम होने के बजाय ज्यादा तेजी से होती है। बरसने की अवधि कम लेकिन पानी की मात्रा अधिक होती है। कम समय में ज्यादा बारिश होने से जलभराव का संकट पैदा होता है जिसके चलते सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होता है। लेकिन विडंबना यह कि हर साल पैदा होने वाले संकट के बजाय पूरे साल इस समस्या के निराकरण के लिये गंभीर प्रयास होते नजर नहीं आते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य है कि देश में कॉलोनियों व अपार्टमेंट्स के निर्माण के दौरान जल निकासी के लिये जरूरी वैज्ञानिक तौर-तरीकों को नहीं अपनाया जाता है। शहरी निर्माण के नियोजन की दिशा में सार्थक पहल होती नजर नहीं आती। होना तो यह चाहिए कि किसी भी मकान का नक्शा पास होने से निर्माण तक जल निकासी व संरक्षण के सख्त प्रावधान हों। लेकिन भू माफियाओं ने उन जगहों को येन-केन-प्रकारेण आवासीय स्थलों में बदल दिया जो कभी पानी की स्वाभाविक निकासी का जरिया होते थे। दरअसल, शहरी संस्कृति में लोगों की पानी की उपयोगिता तो बढ़ी, लेकिन उस अनुपात में प्रयोग किये गये पानी के निकासी की व्यवस्था नहीं की गई। पानी की स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है कि वह ऊंचाई से निचले स्थानों की ओर जाता है। पानी के प्रति संवेदनशील दृष्टि रखने वाले लोग तो यहां तक कहते हैं कि पानी अपनी जमीन तलाशता है जिस पर इंसान कब्जा करके निर्माण कर बैठा है। यदि पूरे देश में सर्वे किया जाये तो सामने आएगा कि देश में लाखों तालाबों, बावड़ियों, नालों-नालियों पर अतिक्रमण करके भू-माफिया ने निर्माण कर लिया है। बारिश के पानी के स्वाभाविक रास्ते पर जब अवैध निर्माण होगा तो जाहिर है पानी भी इंसानी इलाकों में अपना रास्ता तलाश करेगा। यह सामान्य सी बात हमारे नीति-नियंताओं और बिल्डर्स की समझ में नहीं आ रही है, जिसका खमियाजा आम लोगों को दिक्कत उठाने के रूप में भुगतना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर हमारे सत्ताधीशों ने बारिश के पानी को सहेजने के गंभीर प्रयासों को तरजीह नहीं दी है। देश में मानसून के दौरान जीवनदायी पानी यूं ही नदी-नालों से होता हुआ नहरों के जरिये समुद्र की तरफ बढ़ जाता है। इस पानी को भू-गर्भ में पहुंचाकर हम पानी संरक्षण कर सकते थे। निस्संदेह, देश में लगातार भूगर्भीय जल खत्म हो रहा है। इसके चलते डार्क जोन बनने से खेती के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। हम अगर अब भी न चेते तो देश के कई बड़े महानगर आने वाले दिनों में भीषण जल संकट का सामना करेंगे। जिसके लिये अभी से कारगर नीतियां बनाने की जरूरत है।

शिक्षण संस्थान और अन्तर्राष्ट्रीय मानक

आदित्य नारायण

आईआईटी मुम्बई की छलांग सराहनीय है लेकिन अन्य भारतीय संस्थान अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पिछड़ते जा रहे हैं। लगभग 50 हजार से अधिक उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी उच्च शिक्षा प्रणाली है। उच्च शिक्षा का लगातार विस्तार भी हो रहा है लेकिन अन्तर्राष्ट्रीय मानकों पर यह संस्थान काफी पीछे है। भारत स्वयं को विश्व गुरु मानता है। भारत में ही दुनिया का पहला आवासीय विश्वविद्यालय 450 ई. में खुला था, जिसे हम नालंदा विश्वविद्यालय के नाम से जानते हैं। नालंदा विश्वविद्यालय प्राचीन भारत में उच्च शिक्षा का सर्वाधिक महत्वपूर्ण और विख्यात केन्द्र था। इसकी स्थापना गुप्त काल के दौरान 5वीं सदी में कुमार गुप्त प्रथम ने की थी। देश-विदेश के छात्र यहां शिक्षा के लिए आते थे। नालंदा में सिर्फभारत ही नहीं बल्कि कोरिया, जापान, चीन, तिब्बत, इंडोनेशिया, ईरान, यूनान, मंगोलिया समेत कई देशों के छात्र शिक्षा ग्रहण करते रहे हैं। आज स्थिति यह है कि विश्व गुरु भारत के छात्र शिक्षा के लिए विदेशों में भाग रहे हैं। अभिभावक भी अपने बच्चों को विदेशी विश्वविद्यालयों में शिक्षा दिलाने के इच्छुक हैं। वे बच्चों को विदेश भेजने के लिए लाखों रुपए खर्च कर रहे हैं। भारत की प्रतिभाओं का लगातार पलायन हो रहा है। उच्च शिक्षा का क्षेत्र अब भी पर्याप्त फंडिंग, छात्रों को रोजगार मिलने में दिक्कतें, अध्यापन के निम्न स्तरीय मानक, खराब प्रबंधन और जटिल रेगुलेटरी प्रक्रिया जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है।

आईआईटी मुम्बई ने क्यूएस रैंकिंग में इस बार 149वां स्थान प्राप्त किया। संस्थान की रैंकिंग पिछले वर्ष के मुकाबले 23 रैंक ऊपर है। आठ साल के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी भारतीय संस्थान ने टॉप 150 विश्वविद्यालयों में जगह बनाई है। इससे पहले 2016 में 147वां रैंक प्राप्त कर इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफसाइंस बैंगलुरु ने मुकाम हासिल किया था। क्यूएस रैंकिंग सूची में एमआईटी अमेरिका ने लगातार बारहवीं बार शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इसके बाद यूके की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी है। नैशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर पिछले साल के रैंक 11 से तीन स्थान ऊपर चढ़कर चोटी के 10 विश्वविद्यालयों में शामिल होने वाला पहला एशियाई विश्वविद्यालय बन गया है। क्यूएस लिस्ट में इस बार काफी उतार-चढ़ाव दिखाई दिया है। आईआईएससी 155वें रैंक से 70 स्थान गिरकर 225वें स्थान पर आ गया है। ठीक इसी तरह आईआईटी दिल्ली 174वें स्थान से गिरकर 197वें स्थान पर आ गया है। आईआईटी मद्रास 250 से 285 पर आ गया है। जबकि आईआईटी कानपुर 264 से 278 पर आ गया है।

आईआईटी मुम्बई की छलांग सराहनीय है लेकिन अन्य भारतीय संस्थान अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पिछड़ते जा रहे हैं। लगभग 50 हजार से अधिक उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी उच्च शिक्षा प्रणाली है। उच्च शिक्षा का लगातार विस्तार भी हो रहा है लेकिन अन्तर्राष्ट्रीय मानकों पर यह संस्थान काफी पीछे है। भारत स्वयं को विश्व गुरु मानता है। भारत में ही दुनिया का पहला आवासीय विश्वविद्यालय 450 ई. में खुला था, जिसे हम नालंदा विश्वविद्यालय के नाम से जानते हैं। नालंदा विश्वविद्यालय प्राचीन भारत में उच्च शिक्षा का सर्वाधिक महत्वपूर्ण और विख्यात केन्द्र था। इसकी स्थापना गुप्त काल के दौरान 5वीं सदी में कुमार गुप्त प्रथम ने की थी। देश-विदेश के छात्र यहां शिक्षा के लिए आते थे। नालंदा में सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि कोरिया, जापान, चीन, तिब्बत, इंडोनेशिया, ईरान, यूनान, मंगोलिया समेत कई देशों के छात्र शिक्षा ग्रहण करते रहे हैं। आज स्थिति यह है कि विश्व गुरु भारत के छात्र शिक्षा के लिए विदेशों में भाग रहे हैं। अभिभावक भी अपने बच्चों को विदेशी विश्वविद्यालयों में शिक्षा दिलाने के इच्छुक हैं। वे बच्चों को विदेश भेजने के लिए लाखों रुपए खर्च कर रहे हैं। भारत की प्रतिभाओं का लगातार पलायन हो रहा है। उच्च शिक्षा का क्षेत्र अब भी पर्याप्त फंडिंग, छात्रों

को रोजगार मिलने में दिक्कतें, अध्यापन के निम्न स्तरीय मानक, खराब प्रबंधन और जटिल रेगुलेटरी प्रक्रिया जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है। जनसंख्या की दृष्टि से भारत चीन को पीछे छोड़कर दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। इस दृष्टि से उच्च शिक्षा की मांग भी तेजी से बढ़ेगी। भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली दुनिया की सबसे बड़ी होने के बावजूद इसे अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ये चुनौतियां पठन-पाठन की गुणवत्ता, सरकारी-निजी भागीदारी, विदेशी संस्थानों का प्रवेश, रिसर्च क्षमता में वृद्धि और फंडिंग, इनोवेशन, अन्तर्राष्ट्रीयकरण, वैश्विक अर्थव्यवस्था की बदलती मांग जैसे क्षेत्रों में हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ती मांग को देखते हुए बीते दो दशकों में अनेक प्रयास हुए हैं लेकिन नई चुनौतियां भी लगातार उभर रही हैं। अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (एआईएसएचई) के अनुसार 18-23 आयु वर्ग में भारत का ग्रॉस एनरोलमेंट अनुपात (जीईआर) 271 फीसदी (एआईएसएचई 2019-20) है। यह 36.7 फीसदी के वैश्विक औसत से बहुत कम है। छात्र जो शिक्षा ग्रहण करते हैं और रोजगार के लिए उन्हें जिस कौशल की जरूरत होती है उनमें भी बड़ा अंतर होता है। इसकी प्रमुख वजह है उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्ता की कमी। इसके अलावा पाठ्यक्रम में कौशल विकास का न होना भी एक कारण है। उच्च शिक्षा संस्थान इन दिनों शिक्षकों की भीषण कमी से जूझ रहे हैं। अनुमान है कि इन संस्थानों में 30 से 40 फीसदी फैकल्टी की जगह खाली है, क्योंकि उन पदों के लिए योग्य लोग ही नहीं मिलते हैं। इससे छात्र-शिक्षक अनुपात असंतुलित हो गया है। हाल के दशकों में सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त उच्च शिक्षा संस्थानों में फंडिंग का ट्रेंड देखें तो केंद्रीय विश्वविद्यालयों को ज्यादा फंडिंग हुई है। हमें व्यवस्था को मजबूत बनाने की जरूरत है ताकि गुणवत्ता सुनिश्चित हो। इससे रोजगार पाने योग्य ग्रेजुएट की संख्या बढ़ेगी। इस समय उच्च शिक्षा में सुधारों पर ध्यान देना होगा। छात्रों को विभिन्न तरह के कौशल विकसित करने के पर्याप्त अवसर मिलने चाहिए। हमें अलग-अलग विषयों में रिचर्स पर जोर देना होगा। उच्च शिक्षा और उभरते ट्रेंड के बीच तालमेल होना जरूरी है। घ्यह शिक्षा ऐसी हो घ्की छात्र भविष्य के जीवन के लिए तैयार हो सकें। इसलिए अध्यापन का कार्य भविष्य को ध्यान में रखकर हो, जिसमें छात्रों को तेजी से बदलते सामाजिक परिदृश्य में एक ऐसे अनजाने भविष्य के लिए तैयार किया जा सके, जहां खेल के सभी नियम बदले हुए होंगे लेकिन इसके साथ हमारा पारम्परिक ज्ञान, कौशल, मूल्य और संस्कृति भी अक्षुण्ण रहे। उच्च शिक्षा को किसी नौकरी के लिए डिग्री हासिल करने का माध्यम मात्र न माना जाए, बल्कि इसे व्यक्ति की पूर्ण क्षमता विकसित करने का जरिया समझा जाना चाहिए।

विचार

टी एस सिंहदेव पर उचित फैसला

छत्तीसगढ़ समेत पांच राज्यों में इस साल के आखिर में चुनाव होने हैं। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकारें हैं और दोनों ही राज्यों में कांग्रेस सत्ता बनाए रखने की उम्मीद दिखा रही है। वहीं मध्यप्रदेश में भाजपा को सत्ता से हटाने की पुरजोर कोशिश कांग्रेस की है। तेलंगाना में कांग्रेस का मुकाबला सत्तारुढ़ बीआरएस से है, लेकिन यहां भी कांग्रेस ने अभी से पुख्ता रणनीति पर काम शुरु कर दिया है।

मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट की सरकार है और यहां सत्तारुढ़ दल के अलावा भाजपा से भी कांग्रेस को मुकाबला करना है। इस पूर्वोत्तर राज्य में कांग्रेस के भविष्य के बारे में कोई अनुमान लगाना अभी कठिन है, लेकिन हिंदी पट्टी के राज्यों में कांग्रेस इस बार बड़ी जीत की उम्मीद लगाए बैठे है। पांच साल पहले भी मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़, तीनों राज्यों में कांग्रेस ने भाजपा को मात देकर राजनैतिक विश्लेषकों को चौंका दिया था, क्योंकि तब देश में मोदी के आगे कौन वाला सवाल भाजपा समेत मीडिया का बड़ा वर्ग और राजनैतिक जानकार भी उठाते रहते थे। लेकिन राहुल गांधी के अध्यक्ष रहते कांग्रेस ने ये बड़ी जीत हासिल की थी। लेकिन इसके साथ ही अंदरूनी खींचतान और क्षेत्रीय नेताओं की महत्वाकांक्षाओं से जूझना भी पड़ा था। मध्यप्रदेश में तो ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बगावत करके न सिर्फ अपने समर्थकों के साथ पार्टी छोड़ी, बल्कि भाजपा की सरकार भी बनवा दी और खुद राज्यसभा सांसद के साथ केंद्र सरकार में मंत्री बन गए। मध्यप्रदेश में इसके बाद भी कांग्रेस के कई धड़े बने रहे, मगर अब चुनावों के पहले सभी एक साथ आकर भाजपा को हराने की रणनीति बना रहे हैं। राजस्थान में भी अशोक गहलोत और सचिन पायलट के आपसी झगड़ों से कांग्रेस की सत्ता दांव पर लग गई थी। लेकिन यहां भाजपा में भी अंदरूनी कलह है और भाजपा कांग्रेस की फूट का लाभ नहीं ले पाई।

अब कांग्रेस आलाकमान ने सचिन पायलट और अशोक गहलोत को मिलकर चुनाव लड़ने और जीत की ओर बढ़ने के लिए राजी कर लिया है। छतीसगढ़ में पिछले चुनाव में 15 साल बाद कांग्रेस को सत्ता में लौटने का मौका मिला था, लेकिन यहां भी पार्टी नेताओं की महत्वाकांक्षा फूट का डर बढ़ा रही थी। कांग्रेस ने भूपेश बघेल को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंपी, लेकिन इस पर टी. एस. सिंहदेव भी दावेदारी कर रहे थे। सत्ता के शुरुआती दिनों में ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्री वाले फार्मूले पर कई बार चर्चा हुई, लेकिन किसी ने इस पर मुहर नहीं लगाई। भूपेश बघेल मुख्यमंत्री रहे और इस बीच उत्तरप्रदेश, पंजाब, गुजरात, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश जैसे तमाम राज्यों में उन्होंने पार्टी के लिए जमकर मेहनत की। कहीं सफलता मिली, कहीं नहीं मिली, लेकिन भूपेश बघेल का कद दिल्ली में बढ़ता रहा। लेकिन इस दौरान टी.एस.सिंहदेव की नाराजगी या असंतुष्टि भी बीच-बीच में जाहिर होती रही। स्वास्थ्य मंत्रालय के अलावा श्री सिंहदेव के पास ग्रामीण विकास मंत्रालय भी था, लेकिन जब इससे उन्होंने इस्तीफा दिया तो उनकी नाराजगी खुलकर सामने आई। फिर पिछले दिनों उनका एक बयान वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने सरगुजा संभाग की सभी 14 विधानसभा सीटों पर जीत को लेकर संशय जाहिर किया था। इसके अलावा उन्होंने अपने चुनाव लड़ने को लेकर भी कोई स्पष्टता न होने की बात कही थी। 13 जून को श्री सिंहदेव ने अंबिकापुर में कांग्रेस के संभागीय सम्मेलन में यह बयान दिया था कि दिल्ली में उन्होंने भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की थी। उन्हें भाजपा में शामिल होने का प्रस्ताव दिया गया है, लेकिन वह भाजपा में नहीं शामिल होंगे। टी. एस. सिंहदेव का यह बयान कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी थी। क्योंकि वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोड़ने या दूसरे दल में चले जाने का नुकसान आसानी से संभाला नहीं जा सकता। इन सबसे कांग्रेस आलाकमान को यह समझ आ गया कि छत्तीसगढ़ में असंतोष भीतर ही भीतर खदबदा रहा है और अगर समय रहते इसे संभाला नहीं गया तो यह कांग्रेस के हाथ से बनी-बनायी बाजी को छीन सकता है। इसलिए बुधवार को दिल्ली में छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेताओं के साथ हुई एक अहम बैठक के बाद कांग्रेस नेतृत्व ने टी. एस. सिंहदेव को उपमुख्यमंत्री बनाने का फैसला लिया, जो बिल्कुल सही कदम है।

सिंदहेव जी भले ही चार महीनों के लिए उपमुख्यमंत्री रहेंगे, लेकिन कांग्रेस की सत्ता वापसी की राह इससे आसान हो जाएगी। छत्तीसगढ़ की सरगुजा रियासत के राजा और अंबिकापुर के विधायक टी. एस. सिंहदेव की न केवल सरगुजा पर पूरी पकड़ है, बल्कि राज्य की राजनीति में वे सुलझे विचारों वाले, बौद्धिक क्षमता से परिपूर्ण, प्रगतिशील नेता माने जाते हैं। 2018 के चुनाव में जिस घोषणापत्र के साथ कांग्रेस भाजपा के खिलाफमैदान में उतरी थी, उसे तैयार करने में सिंहदेव जी की अहम भूमिका रही है। घोषणापत्र तैयार करने के लिए सिंहदेव जी ने पूरे छत्तीसगढ़ का दौरा किया और समाज के हर वर्ग से परामर्श किया। इस घोषणापत्र में किसानों के मुद्दे, स्वास्थ्य आदि को लेकर महत्वपूर्ण बिंदु शामिल किए गए, जो कांग्रेस की जीत में निर्णायक साबित हुए। उनके प्रयासों से सरगुजा की सभी 14 विधानसभा सीटें कांग्रेस के खाते में आई और इससे कांग्रेस को भाजपा पर बड़ी बढ़त बनाने में मदद मिली। बहरहाल, श्री सिंहदेव ने उपमुख्यमंत्री पद के लिए उन्हें नामित करने के फैसले के लिए कांग्रेस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देर आए दुरुस्त आए। लेकिन इसके साथ ही यह भी कहा कि श्मैं भाग्यशाली हूं कि आलाकमान ने मुझे ऐसी जिम्मेदारी दी है। वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी महाराज जी को बधाई और शुभकामनाओं वाला ट्वीट किया है। साथ ही लिखा है- हैं तैयार हम। मुख्यमंत्री बघेल का यह ट्वीट एक तरह से चुनाव से पहले कांग्रेस का ऐलान है कि पार्टी एक बार फिर एकजुट होकर मैदान में उतरने के लिए तैयार है। भाजपा ने जरूर कांग्रेस के इस कदम पर चुटकी ली है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने इसे महज झुनझुना करार दिया है, क्योंकि पार्टी ने चुनाव के चंद महीने पहले उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाया है। लेकिन भाजपा जब चुनाव के पहले मुख्यमंत्री बदलने की घोषणा कर सकती है, तो कांग्रेस भी सरकार में नए पद अनुभवी लोगों को दे सकती है। चुनावी राजनीति के ये दांव-पेंच अब अनोखे नहीं लगते।

साहित्य

झरोखा

मैं एक पथिक चलते-चलते...

दीपक सिंह

मैं एक पथिक चलते-चलते,
मेरा सब्र टूट गया।
तब मैं एक वृक्ष के साए में।
जाके बैठ गया।।

जब उसने देखी मेरी दशा,
पत्ते सब उसके हिलने लगे।

तन में ठंडक होने लगी,
मन के तार सब बजने लगे।।

जब सिर उसके तन पे टिकाया,
पत्ते गालों पर गिरने लगे।

फिर याद आई तो मां की,
उसी पल ये मॉ से लगने लगे।।

फिर मुझे नींद ऐसी आयी,
उस धरती मां पर लोट गया।
मैं एक पथिक चलते चलते,
मेरा सब्र टूट गया।
तब मैं एक वृक्ष के साए में,
जाके बैठ गया।।

नींद खुली आगे चला,
देखा वृक्ष को काट रहे।
मैं समझाता मुझपर हंसते,
पागल हिस्से बाट रहे।।

उस वृक्ष के गिरते ही,
पंछी उड़कर ताक रहे।

जिसने छांव बसेरे फल दिये,
उसके सीने को नाप रहे।।

इंसा ने जब हद कर दी,
प्रकृतिचक्र तब डोल गया।।

मैं एक पथिक चलते चलते,
मेरा सब्र टूट गया।
तब मैं एक वृक्ष के साए में,
जाके बैठ गया।।

राशिफल

मेष:- योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

वृषभ:- नई घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जरूरी कार्य की समय से पूर्ति करें।

मिथुन:- नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरतें।

कर्क:- सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। रोजगार में क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा।

सिंह:- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

कन्या:- मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बने। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। आलस्य कतई न करें।

तुला:- पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरनें। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

वृश्चिक:- भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

धनु:- मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं। जरूरी कार्य की पूर्ति समय से करें।

मकर:- सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। किसी मेहमान के आगमन से घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

कुंभ:- किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें। रोजगार में आ रही समस्याओं से निराश न हों।

मीन:- प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

उच्च शिक्षा में भारत

भारत के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान आईआईटी बॉम्बे ने एक खास उपलब्धि हासिल की है। दुनिया भर की शैक्षिक संस्थाओं के लिए की जाने वाली क्वाक्वारेली साइमंड्स (क्यूएस) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में आईआईटी बॉम्बे को 150 शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों में 149 वां स्थान हासिल हुआ है। भले हम पीछे से दूसरे स्थान पर आए हैं, लेकिन फिलहाल इसी में खुश हुआ जा सकता है कि भारत के किसी संस्थान को क्यू एस रैंकिंग में स्थान मिला है।

वैश्विक उच्च शिक्षा में क्यू एस रैंकिंग को खास महत्व दिया जाता है, क्योंकि इस रैंकिंग से संस्थाओं की गुणवत्ता का अनुमान लगाकर छात्र और अभिभावक पढ़ाई के लिए इनका चयन करते हैं और बड़ी-बड़ी कंपनियां नियुक्तियों के लिए इन संस्थाओं का चयन करती हैं। आईआईटी बॉम्बे ने वैश्विक स्तर पर 149वीं रैंक हासिल करने के लिए 23 स्थान की बड़ी छलांग लगाई है। इससे आठ साल पहले भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलोर ने 2016 में 147वीं रैंकिंग के साथ यह उपलब्धि हासिल की थी। क्यूएस के शीर्ष 500 की रैंकिंग में इस साल पहली बार दिल्ली विश्वविद्यालय और अन्ना विश्वविद्यालय ने भी जगह बनाई है। लेकिन भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलोर 155वें रैंक से 70 स्थान गिरकर 225वें स्थान पर आ गया है। आईआईटी दिल्ली 174 से गिरकर 197 वें स्थान पर आ गया है। भारत के लिए खुश होने वाली बात ये है कि भारत के 45 विश्वविद्यालयों को इस रैंकिंग में शामिल किया गया, जो दुनिया में सातवां सबसे अधिक प्रतिनिधित्व है। भारत के अलावा एशिया से जापान के 52 और चीन के 71 विश्वविद्यालय रैंकिंग में लिए गए हैं। अमेरिका का मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) लगातार बारहवीं बार विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग में शीर्ष पर है, इसके बाद यूके की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी हैं। नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) पिछले साल मिले 11वें स्थान से तीन स्थान ऊपर चढ़कर शीर्ष 10 क्लब में शामिल होने वाला पहला एशियाई विश्वविद्यालय बन गया है। भारत का कोई भी विश्वविद्यालय या उच्च शिक्षा संस्थान इनके आसपास भी नजर नहीं आ रहा है। यानी विश्व गुरु होने या बनने का दावा इस एक रैंकिं ग से ही खारिज हो जाता है। मगर फिर भी संतोषीजीव की तरह मोदी सरकार जो कुछ है, उसी में खुश होने या अपनी तारीफ करने के मौके तलाश रही है।

आईआईटी बॉम्बे की इस उपलब्धि पर केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि मुझे खुशी है कि इस साल की क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 45 भारतीय विश्वविद्यालयों ने रैंकिंग में जगह बनाई है। पिछले नौ वर्षों में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में शिक्षा को बदल दिया है। उन्होंने कहा, भारतीय विश्वविद्यालय विश्वस्तरीय हैं। अब कम भारतीयों को बेहतर शिक्षा के लिए विदेश यात्रा करनी पड़ेगी। भारतीय शिक्षा अब न केवल अच्छी है, बल्कि यह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ में से एक है। केन्द्रीय मंत्री के इस बयान को सुनकर समझा जा सकता है कि देश को कितने मुगालते में रखा जा रहा है और किस कदर मोदीजी की तारीफ करने के मौके तलाशे जा रहे हैं। भाजपा सरकार को यह तो याद होगा ही कि आईआईटी और आईआईएम जैसे उच्च शिक्षण संस्थान नेहरूजी की प्रगतिशील सोच और उनकी सरकार की देन हैं। नेहरूजी की सरकार ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी का गठन किया। कई विश्वविद्यालय, शोध संस्थान, मुक्त विश्वविद्यालय, कृषि, दुग्ध, वस्त्र उद्योगों को बेहतर बनाने के लिए इनके लिए समर्पित संस्थान कांग्रेस सरकारों ने स्थापित किए।

नेहरूजी चाहते थे कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी नए भारत के आधुनिकीकरण और इसकी बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने में एक प्रमुख भूमिका निभाए और इसी सोच के अनुरूप उच्च शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने और परवर्ती सरकारों ने काम किए। यानी आज देश में उच्च शिक्षा में जो उपलब्धियां हासिल हो रही हैं, उसमें मोदीजी को श्रेय देने से पहले ये देख लेना उचित होगा कि इन उपलब्धियों का रास्ता कहां से तैयार हुआ। राजीव चंद्रशेखर का यह बयान भी सही नहीं है कि अब कम भारतीयों को शिक्षा के लिए विदेश यात्रा करनी पड़ेगी। क्योंकि भारत सरकार की इंडियन स्टूडेंट्स मोबिलिटी रिपोर्ट 2018 के अनुसार, विदेश में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों की संख्या साल 2000 में 66,000 से बढ़कर 2022 में 770,000 से अधिक हो गई। पढ़ाई के लिए बाहर जाने वाले छात्रों की संख्या में दो दशकों में यह बड़ा उछाल इस कड़वी सच्चाई को दिखाता है कि मौका मिलने पर छात्र बाहर पढ़ने जाने का विकल्प ही चुन रहे हैं। क्योंकि देश में उच्च गुणवत्ता वाले संस्थान उंगलियों पर गिने जाने लायक हैं और उनमें भी प्रवेश के लिए भयानक मारामारी मची हुई है। ए आई ट्रिपल ई, नीट और अब सीयूईटी जैसी परीक्षाओं में लाखों बच्चे बैठते हैं, जिनमें कुछ हजार को ही प्रवेश नसीब हो पाता है, क्योंकि संस्थाओं में सीटों की संख्या सीमित रहती है और अच्छी गुणवत्ता के सरकारी संस्थान कम खुल रहे हैं। देश में पढ़ने के बेहतर मौके न मिल पाने के कारण ही बच्चे बाहर का रुख करने पर मजबूर होते हैं। और कई बच्चे आर्थिक कठिनाइयों के कारण न बाहर जा पाते हैं, न देश में आगे पढ़ पाते हैं, तो वे अपना जीवन या तो कुंठा में गुजारते हैं या तनाव में आकर अपनी जान दे देते हैं। अभी जब आईआईटी बॉम्बे की इस उपलब्धि की खबर आई, तभी कोटा में मेडिकल परीक्षा की तैयारी करने वाले दो छात्रों की आत्महत्या की खबर भी सामने आई है। हर साल कई बच्चे पढ़ाई के तनाव में इसी तरह अपनी जान दे रहे हैं, तो यह भी विचारणीय है कि आखिर हम किस तरह की उच्च शिक्षा का माहौल बना रहे हैं और कैसे संस्थान बना रहे हैं।

मोदी सरकार को अब तक की सबसे अच्छी सरकार और मोदीजी को सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री बनाने के चक्कर में भाजपा कई बार अपने ही शब्दों के जाल में उलझ जाती है। बेहतर यही है कि भाजपा अच्छी बातों का श्रेय तो ले, लेकिन साथ ही ये भी विचार करे कि दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाले देश में विश्व स्तर के शिक्षा संस्थान जब गिने-चुने रहेंगे तो देश कैसे तरक्की करेगा।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

डीएम ने ली जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, दिए निर्देश

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

- कांवड़ यात्रा मार्ग पर सुगम यातायात के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं कराएं सुनिश्चित : डीएम
- डीएम बोले, जन-जन तक पहुँचाए यातायात नियमों की जानकारी
- मानक के अनुरूप होने पर ही हो संचालित स्कूली वाहन
- अवशेष ब्लैक स्पॉट पर शीघ्र पूरा कराएं सुधारात्मक कार्य

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने तथा यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में जनपद में घटित दुर्घटनाओं का विश्लेषण, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (वनरेबल लोकेशन), स्कूली वाहनों के मानकों अनुरूप होने पर ही संचालन किए जाने पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड तृतीय के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार यादव ने किया। जिले में सड़क-सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डीएम ने अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाई करने के निर्देश दिया। श्रावण मास पर कांवर यात्रा के मद्देनजर संबंधित खंड के अधिशासी अभियंता कांवड़ यात्रा मार्ग पर सुगम यातायात उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। एनएच के भीरा-पलिया मार्ग के मरम्मत, अतरिया ब्लैक स्पॉट पर सुधारात्मक कार्यवाही, शारदा सेतु के वेयरिंग कोर्स की मरम्मत हेतु एनएचआई के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया। जिले में जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट है, वहां से सौ मीटर पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिया। स्कूली वाहन मानक के अनुरूप होने पर ही संचालित हो। सड़क निर्माण एजेंसियों को डीएम ने निर्देशित करते हुए कहा कि उनके मार्ग पर जितने भी ब्लैक स्पॉट अवशेष हैं, उनका शीघ्र अति शीघ्र सुधारात्मक कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने ब्लैक स्पॉटवार सुधारीकरण कार्य की प्रगति जानी। डीएम ने जिले में घटित दुर्घटनाओ का विश्लेषण करते हुए नए ब्लैक स्पॉट एवं बनरेबल लोकेशन चिन्हित करने के निर्देश दिए। डीएम ने सुझाव दिया कि लिंक मार्ग व मुख्य मार्ग को कनेक्ट करने वाले स्थानों के पास संकेतांक के साथ मानक के अनुसार स्पीड ब्रेकर बनाए जाए। परिवहन-पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि नियमित रूप से यातायात नियमों की जानकारी जन-जन तक पहुँचाये जाने के उद्देश्य से वाल राईटिंग, हैण्डबिल्स, होर्डिंग्स व बैनर इत्यादि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करायें।

बैठक में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, ईई पीडब्ल्यूडी तरुणेंद्र त्रिपाठी, अनिल कुमार यादव, एनएचएआई बरैली से टीम लीडर अनवर अली, एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ धनीराम, डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, एआरएम रोडवेज मुकेश मेहरोत्रा सहित जिला सड़क सुरक्षा समिति के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

बकरीद का त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

जनपद में ईद उल अजहा का त्यौहार शांति प्रिय ढंग से संपन्न हुआ चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस। मुस्लिम बहुल इलाकों में आज बकरीद का त्यौहार मुस्लिम समाज के लोगों ने धूमधाम एवं शांति प्रिय ढंग से नमाज अदा की तथा लोगों ने बंद स्थानों पर कुर्बानी की। शहरों के अलावा ग्रामों में भी बकरीद का त्यौहार सौहार्दपूर्ण भाईचारे से मनाया गया कहीं भी किसी प्रकार से कोई छोटी से छोटी घटना नहीं घटने पाई पुलिस की सतर्कता काफी कामयाब रही।जिसका परिणाम महौल शान्त रहा।अपने अपने क्षेत्र के थाना प्रभारी सहित एवं नौजवान कांस्टेबल चप्पे-चप्पे पर मौजूद रहे तथा पुलिस की सतर्कता काफी देखने लायक थी जहां परिंदा भी पर नहीं मार सकता था।। समय प्रातः7 से प्रातः 8 बजे के मध्य नमाज अदा की और एक दूसरे के गले मिले तथा कुर्बानी का कार्यक्रम चलता रहा। बकरीद का त्यौहार सकुशल संपन्न होने के कारण पुलिस बल को थाना प्रभारी सहित उप निरीक्षकों की सराहना की।

खबरें एक नजर में

रामप्रवेश होंगे जिले के नये बीएसए

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज। शासन द्वारा जिला बेसिक शिक्षाधिकारियों के किये गये स्थानांतरण के क्रम में ललितपुर के जिला बेसिक शिक्षाधिकारी रामप्रवेश का जालौन स्थानांतरण किया गया है। अब रामप्रवेश जनपद के नये बीएसए होंगे। जबकि निवर्तमान बीएसए सचिन कुमार का स्थानांतरण बागपत जनपद में डॉयट प्रवक्ता के पद पर हुआ है।

सावन माह को लेकर शिव मंदिरों और शिवालयों में साज सज्जा की तैयारियां शुरू

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज। 4 जुलाई से शुरू हो रहे सावन को लेकर शिव मंदिरों और शिवालयों की साज सज्जा की तैयारियां सम्पन्न। बताते चलें शहर में भुईफोरवा नाथ मन्दिर, जंगली नाथ मंदिर व शहर से करीब 9 किलोमीटर दूर महाभारत कालीन पौराणिक लिलौटी नाथ शिव मंदिर भी शिव भक्तों के लिए तैयार हैं। रास्ते दुरुस्त किए गए है। तीर्थ, कुंड और स्नान घाटों पर सफाई कर उन्हें चमकाया गया है। लाइटिंग और पार्किंग व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है। महंत रोहित गिरि ने बताया कि इस बार पुरुषोत्तम माह है। करीब दो माह सावन के होंगे। 8 सोमवार पड़ेंगे।

अकीदत और एहतराम के साथ पढ़ी गयी ईद-उल-जुहा की नमाज

बिसवां सीतापुर, समृद्धि न्यूज। ईद-उल-जुहा पर्व पर कस्बा स्थित ईदगाह में बड़े एहतराम के साथ ईदगाह ईमाम मौलाना शौकत अली ने सुबह ठीक 8:30 बजे ईद की नमाज पढ़ाई। इस मौके पर जहांगीराबाद सहित आसपास क्षेत्र के भारी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा की जिनमें नौजवानए बुड्ढे और बच्चे शामिल थे। इसके बाद तमाम लोगों के घरों में कुर्बानी की रस्म अदा की गयी। देर रात तक एक दूसरों के घरों में जाकर बकरीद पर्व की बधाइयां देने और सिवंइयों मिठाइयों सहित अन्य पकवानों के खाने का क्रम चलता रहा। इस अवसर पर चौराहे पर मेला भी लगा जिसमें लोगों ने मिठाइयां खरीदीं और बच्चों ने झूले का आनन्द लिया। जहांगीराबाद सहित पूरे क्षेत्र में बकरीद का त्यौहार बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ शान्ति पूर्वक मनाया गया। चप्पे.चप्पे पर रही पुलिस की नजर। इस मौके पर भारी पुलिस बल के साथ थाना सदरपुर की पुलिस रिपोर्टिंग चौकी देबियापुर के प्रभारी उपनिरीक्षक रिषभ यादव व क्षेत्रीय लेखपाल नीलेश कुमार यादव मौजूद रहे।

उप निदेशक ने जरूरी कार्यों का प्रस्ताव बनाकर भेजने के दिये निर्देश

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। कृषि उत्पादन मंडी समिति का उप निदेशक मंडी निर्माण ने मंडी का निरीक्षण किया और आवश्यक कार्यों के प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए। बंगरा मार्ग पर स्थित थोक सब्जी मंडी में प्रकाश व्यवस्था खराब हो गई है। मंडी में प्रकाश के लिए खंभों की आवश्यकता है और उन पर लाइटें लगाने की जरूरत है। इसके साथ ही मंडी परिसर में बना गोदाम भी जर्जर हो चुका है व सड़कें भी खराब हो चुकी है। कुछ दुकानें भी क्षतिग्रस्त हैं। व्यापारियों व मंडी सचिव की मांग पर उपनिदेशक मंडी निर्माण झांसी महेंद्र कुमार शुक्रवार को टीम के साथ मंडी पहुंचे और मंडी परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रकाश व्यवस्था के लिए 10-12 बिजली के पोल लगाने व प्रत्येक पोल पर लाइटें लगाने के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए। मंडी परिसर की खराब हो रही सड़कों, गोदाम व जर्जर दुकानों की मरम्मत के लिए भी प्रस्ताव देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मंडी सचिव वीरेंद्र कुमार को निर्देश दिए कि मंडी में जो भी छोटे बड़े काम होने हों उनको कराने के प्रस्ताव बनाकर भेजे जाएं। जिससे प्रक्रिया पूरी कराकर आवश्यक कार्य करा दिए जाएं।

आवास विकास कालौनी के आवारा कुत्तों से मोहल्लेवासी परेशान

- आये दिन राह चलते लोगों को बनाते हैं निशाना

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।

नगर के मोहल्ला आवास विकास कॉलोनी में एक कुत्ते गुरूवार की शाम से अचानक राहगीरों को अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया।

आवारा कुत्ते ने रात में कॉलोनी में आठ लोगों को शिकार बनाया। वहीं शुक्रवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले पूर्व कानूनगो दुर्गा प्रसाद, मकरंद सिंह समेत चार लोगों को कुत्ते ने अपना निशाना बनाया। सुबह कुत्ते ने पूर्व कानूनगो के मुंह पर वार कर दिया। जिससे वह घायल हो गए। आवास विकास कालोनी में संचालित पुस्तकालय में कुसमरा निवासी 24 वर्षीय काजल पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान यह कुत्ता पुस्तकालय में पहुंच गया और उसके पैर में काट कर घायल कर दिया। इसके अलावा मुक्ता (16), मोहम्मद करीम (24), चांद मोहम्मद (13), पुष्पेंद्र (24), रानू (24), नाथूराम (84), जयपाल (60) को भी कुत्ते ने अपना निशाना बनाया। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां उनकी ड्रेसिंग के साथ उन्हें एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाए गए। इस संदर्भ में सीएचसी प्रभारी डॉ. केडी गुप्ता ने बताया कुत्ते ने एक दर्जन लोगों को काटा है। जिनका इलाज कर उन्हें एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाए गए हैं। वहीं, सभासद हर्षित राय की शिकायत पर नगर पालिका की टीम ने कुत्ते को पकड़ लिया है।

एसीएस ने आईटीआई निर्माण की देखी गुणवत्ता

- खीरी पहुंची एसीएस ने अल्पसंख्यक विभाग के कार्यक्रमो, योजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण, दिए निर्देश

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

29 जून को अल्पसंख्यक कल्याण एवं मुस्लिम वक्फ विभाग, उप्र की अपर मुख्य सचिव मोनिका एस गर्ग ने जनपद खीरी पहुंची, जहां उन्होंने अल्पसंख्यक विभाग से संबंधित संचालित प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजना के तहत निर्माणाधीन राजकीय आईटीआईफूलबेहड़ का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के समय कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएसएस के सहायक अभियन्ता ने 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण होना बताया। एसीएस ने कार्यदायी संस्था को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए तथा परियोजना के लिए अवशेष धनराशि शीघ्र अवमुक्त करने के सम्बन्धित को निर्देश दिए, ताकि आईटीआई शीघ्र बनकर तैयार हो तथा क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को रोजगारपरक शिक्षा शीघ्र उपलब्ध करायी जा सके।

एसीएस ने निर्माणाधीन राजकीय आईटीआई बांकेगंज, धौरहरा एवं राजकीय पॉलिटेक्निक लखीमपुर में वर्कशाप को शीघ्र क्रियाशील कराये जाने के निर्देश कार्यदायी संस्था एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को दिए जायें। पोर्टेबल वाटर सप्लाई के तहत तीन परियोजनाओं को शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। साथ ही जनपद में शैक्षणिक हब योजनान्तर्गत निर्माणाधीन 02 माडल इण्टर कालेज, गरदहा व किरियारा को 30 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश कार्यदायी संस्था सी एण्ड डीएस यूनिट 26 को दिए। एसीएस ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दफ्तर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण में कार्यालय की साफ-सफाई एवं व्यवस्थित अभिलेखों को संतोषजनक बताया। एसीएस मोनिका एस गर्ग से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। निरीक्षण के समय एसडीएम (सदर) श्रद्धा सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बीरपाल उपस्थिति रहे।

संजय कुमार होंगे नए एडीएम, पूनम निगम का स्थानांतरण

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज। शासन द्वारा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पूनम निगम का स्थानांतरण कानपुर अपर आयुक्त के पद पर कर दिये जाने के साथ ही संजय कुमार को जालौन का नया एडीएम बनाकर भेजा गया है।

गौरतलब हो कि पिछले कई दिनों से एडीएम के स्थानांतरण को लेकर चर्चाओं का दौर चल रहा था जैसे ही बीती देर शाम शासन द्वारा स्थानांतरण की सूची डाली तो उसमें संजय कुमार को जालौन का नया एडीएम वित्त एवं राजस्व बनाकर भेजा गया है। जबकि अभी तक एडीएम पूनम निगम का अपर आयुक्त कानपुर नगर के स्थानांतरित किया गया है।

तीन माह पूर्व किसान के घर हुई चोरी का सीओ ने किया खुलासा

- चार आरोपियों को गिरफ्तार कर सफेद, पीली धातु के जेवर समेत 20 हजार बरामद
- चोरी की बाइक सहित तीन तमंचा व तीन कारतूस भी हाथ लगे

जालौन (उई), समृद्धि न्यूज।

तीन माह पूर्व किसान के घर हुई चोरी के मामले का सीओ ने खुलासा किया। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर सफेद व पीली धातु के जेवर समेत 20 हजार रुपये नगद बरामद किए। पुलिस ने चोरी की एक बाइक समेत तीन तमंचा व तीन कारतूस भी आरोपियों के पास से बरामद किए। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रूरा मल्लू निवासी किसान रोहित सेंगर के घर में 26 मार्च की रात अज्ञात चोर घर में घुस गए थे। चोरों ने अलमारी व बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे 86 हजार रुपये नगर समेत सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए थे। जिसकी रिपोर्ट किसान ने कोतवाली में दर्ज कराई थी। वहीं, भिटारा निवासी रंजीत सिंह की बाइक बीती नौ जून को चोरी हो गई थी। जिसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। उक्त मामलों का खुलासा करते हुए सीओ रविंद्र गौतम ने बताया कि कोतवाल समीर सिंह को सूचना मिली कि उक्त मामले में आरोपी औरैया रोड पर प्रतापपुरा मोड़ के पास कहीं बाहर भागने की फ़िराक में खड़े हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने एसआई सर्वेश कुमार व अतुल कुमार को पुलिस टीम के साथ मौके पर भेजा। पुलिस ने मौके से रमन कुमार पुत्र रामकिशन निवासी सैननाये गोपालपुर थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात, सत्यम पुत्र मोहनलाल निवासी गिनोली थाना अछल्दा जनपद औरैया, वीरेंद्र वर्मा उर्फ डागर व उमाशंकर उर्फ कल्लू उर्फ टाइगद निवासीगण मोहल्ला हरीपुरा थाना जालौन को पकड़ लिया। जबकि बीपी निवासी ग्राम पुरवा थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात व सद्दाम हुसैन निवासी ग्राम निभू थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात मौके से भाग निकले। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से पीली धातु के दो मंगलसूत्र, कान के सुई धागा, एक चौन एवं सफेद धातु की दो जोड़ी तोड़िया, एक जोड़ी बिछिया, एक हाफ पेटी व 20 हजार रुपये नगद बरामद किए। इसके अलावा पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की एक बाइक, तीन तमंचा, तीन कारतूस व एक पिकअप गाड़ी भी बरामद की। सीओ ने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

विपक्षियों के षड़यंत्र से परेशान पीड़ित ने एसपी से लगायी न्याय की गुहार

जालौन (उई), समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चुर्खीवाल निवासी शिवशक्ति सिंह ने एसपी को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि मोहल्ला फर्दनवीस निवासी एक महिला से एक प्लॉट जरिए रजिस्टर्ड बैनामा के खरीदा था। जिसका संपूर्ण भुगतान उन्होंने चौक के माध्यम से किया था। लेकिन महिला अब मकान को खाली नहीं करना चाहती है और उससे रंजिश मानती है। जिसके चलते उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि महिला उसके खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज करा रही है। जबकि मकान का दाखिल खारिज भी काफी समय पूर्व हो चुका है। फर्जी मुकदमा लिखाकर उसे व उसके परिवार को परेशान किया जा रहा है। पीड़ित ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की गुहार लगाई है।

कोंच फिल्म फेस्टिवल की गर्ल्स पावर विंग टीम गठित

- सना अध्यक्ष व कोमल बनीं महासचिव

कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।

शहर, सिनेमा एवं गांव-कस्बों की प्रतिभाओं को एक मंच पर लाने जैसे उद्देश्यों के साथ कार्यरत कोंच इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ने अपने फ्रंटल गर्ल्स पावर विंग की कार्यकारिणी घोषित की।

फेस्टिवल के संस्थापकध्संयोजक पारसमणि अग्रवाल ने बताया कि कोंच फिल्म फेस्टिवल के सफल आयोजन के लिए गर्ल्स पावर विंग नगर व क्षेत्र की सक्रिय बालिकाओं से सुशोभित फ्रंटल है। फिल्म फेस्टिवल की गतिविधियों में यह विंग महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है। उन्होंने बताया कि गर्ल्स पावर विंग का अध्यक्ष सना परवीन को बनाया गया है जबकि महासचिव कोमल कुशवाहा को मनोनीत किया गया है। वहीं उपाध्यक्ष कीर्ति अग्रवाल, सचिव प्रिंसी राठौर व अलका राठौर को बनाया गया है। कार्यक्रम प्रभारी का दायित्व राफिया को सौंपा गया तो शिक्षा प्रभारी का दायित्व मुस्कान शर्मा संभालेंगी। सोशल मीडिया प्रभारी का कार्यभार पत्रकार अनुप्रिया अग्रहरी (कानपुर) एवं एंकर पल्लवी त्रिवेदी (लखनऊ) को संयुक्त रूप से सौंपा गया है।क्रिएटव हेड साक्षी सेठ को बनाया गया है जबकि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जसमीन, चमन, रिया कुशवाहा, गौरी नायक, राधा, तेजस्विनी शर्मा, फरीन व साहिबा को शामिल किया गया है। सरंक्षक मंडल में ब्यूटीशयन अंशू सोनी, समाजसेवी नीलू गिरवसिया, मधु गुप्ता, निशि सिंघल को शामिल किया गया है।पारस ने कहा कि गर्ल्स पावर विंग की नई टीम पूरे मनयोग और मेहनत के साथ फेस्टिवल की गतिविधियों को आयोजित होने में सहायक बन प्रतिभाओं को निखारने एवं मुकम्मल मंच प्रदान करने में सहायक होगी।

बिचौली गांव का पंचायत सहायक बना स्वेच्छाचारी, ग्रामीण परेशान

- जब भी ग्रामीण जाते काम से पंचायत भवन पर तो जड़ा मिलता है ताला

कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।

ग्राम पंचायत बिचौली में पंचायत सहायक बृजेंद्र गौतम की स्वेच्छाचारिता से आजिज आये ग्रामीणों ने जब ग्राम प्रधान से शिकायत की तो शुक्रवार को ग्राम प्रधान महेश हकीकत जानने के लिये पंचायत भवन पहुंचे तो उन्हें भी वहां पर तालाबंदी मिली। जब उन्होंने पंचायत सहायक के मोबाइल पर बात करने का प्रयास किया तो उसने फोन काटते हुये साफशब्दों में कहा कि उसे इतना मेहनताना नहीं मिलता है कि वह प्रातः 9.30 से शाम 4 बजे तक बैठा रहे। पंचायत सहायक की बातें सुनकर ग्राम प्रधान आवाक रह गये।

उल्लेखनीय हो कि शासन की मंशा ग्राम स्तर पंचायत सहायक की तैनाती की गयी है ताकि वह गांव के लोगों के विभिन्न फार्मों को ऑनलाइन करे और गांव का काम गांव में होता रहे। इसके पीछे शासन की मंशा थी कि बेवजह गांव के लोगों को छोटे से काम के लिये अपना दिन बर्बाद न करने पड़े। लेकिन ग्राम बिचौली में पंचायत सहायक को शायद ग्रामीणों की परेशानियों से कोई लेनादेना नहीं है। यही कारण है कि जब उसकी मर्जी होती है तो वह पंचायत भवन का ताला खोलता है और जब मर्जी नहीं होती तो वह अपने घर में आराम फरमाने चला जाता है। जब ग्रामीणों ने मामले की शिकायत ग्राम प्रधान से की तो वह पंचायत भवन पर पहुंचे तो उन्हें भी उसका ताला लटकता मिला। इस पर उन्होंने पंचायत सहायक से जानकारी करने के लिये उसके मोबाइल नंबर पर बात करने का प्रयास किया तो उसने तत्काल फोन काट दिया। जब ग्राम प्रधान ने दूसरी बात नंबर मिलाया तो पंचायत सहायक ने अभद्रता पूर्ण बर्ताव करते हुये प्रधान से दो टूक कह दिया कि पहले मेरी दुकान खुलेगी और जब समय मिलेगा तो वह पंचायत भवन में बैठेगा। पंचायत सहायक का कहना था कि वैसे भी नौकरी इतनी बड़ी नहीं है कि वह प्रातः 9.30 बजे से शाम 4 बजे तक पंचायत भवन को खोलकर बैठे। जब प्रधान ने पंचायत सहायक से कहा कि उसकी जिम्मेदारी गांव के ग्रामीणों की समस्याओं का निदान कराने के साथ ही उनके विभिन्न प्रकार के फार्मों को ऑनलाइन करने की है ताकि गांव के ग्रामीणों को ब्लाक या तहसील मुख्यालय न भागना पड़े। इस पर पंचायत सहायक ने टका सा जबाब देते हुये कहा कि जाओ हमारी शिकायत किसी भी प्रशासनिक अधिकारी से कर दीजिए हम इससे कभी नहीं डरते। फिलहाल तो ग्रामीण पंचायत सहायक की स्वेच्छाचारिता से त्रस्त हो चुके हैं। उन्होंने बीडीओ कुठौंद से मांग की है कि वह ऐसे स्वेच्छाचारी पंचायत सहायक को हटाकर दूसरे युवक को जिम्मेदारी सौंपे ताकि ग्रामीणों को परेशान न होना पड़े।

संजीव गुप्ता हर घर दहलीज तक पहुंचा रहे भाजपा की नीतियां और रीतियां

- डाक्टरों से लेकर व्यापारियों से मिले भाजपा नेता संजीव गुप्ता टिन्चू

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

पीएम मोदी के नौ साल बेमिसाल रहे । पीएम मोदी की हर सांस जनता के नाम कुर्बान है। मोदी के कार्यकाल में देश में ऐतिहासिक कार्य हुए। देश का किसान खुशहाल हुआ तो गरीबों का आर्थिक जीवन स्तर दुरूस्त हुआ है। गरीबों को उनके सपनों का घर मिला तो ग्रामीण महिलाओं को चूल्हे के धुएं से छुटकारा मिला। मोदी के नेतृत्व में रात के अंधेरे में गांवों की गहिलयों में दूधिया प्रकाश फैला तो हर घर शौचालय का निर्माण करवाकर ग्रामीणों को खुली में शौच जाने से मुक्ति मिली। यह बात युवा भाजपा नेता संजीव गुप्ता ने जनसम्पर्क के दौरान मतदाताओं से कही। अपने सम्पर्क के दौरान संजीव गुप्ता टिन्चू ने कहा कि पीएम मोदी की ही देन है कि आज गांवों में दूधिया प्रकाश फैल रहा है पहले छात्र ढिबरी या लालटेन की रोशनी में अपनी पढ़ाई करते थे लेकिन मोदी ने अब ग्रामीण छात्रों को भी दूधि प्रकाश दिया और छात्र दूधिया प्रकाश में अपनी बेहतर पढ़ाई को अंजाम दे रहे है। यह सभी कार्य मोदी के नेतृत्व में सम्पन्न हुए है। मोदी ने इतिहास कायम करते है किसानों को किसान सम्मान निधि से सम्मानित किया। जिसके चलते किसानों को पैसे मिलते है और उनसे किसान अपनी फसल की बेहतर पैदावार व अन्य खर्चे निपटा रहा है। गरीबों के आयुष्मान योजना चलाई यह योजना भी ऐतिहासिक मानी जा रही है। इस योजना के तहत गरीब से गरीब व्यक्ति भी गम्भीर रोगों में प्राइवेट बेहतर उपचार पा रहा है। स्वास्थ्य सम्बन्धी यह योजना मोदी की ऐतिहासिक योजनाओं में ही सुमार की जा रही है। जम्मू कश्मीर से धारा 307 हटी और एक देश एक झण्डे का ऐलान हो गया है। यह कार्य आजादी से लेकर अब नही हो सका था। पीएम मोदी जैसे देशभक्त ने धारा 370 हटाकर ऐतिहासिक कार्य किया है। संजीव गुप्ता टिन्चू ने कहा कि इसी लिये आज देश की जनता कह रही है कि मोदी के नौ साल बेमिसाल रहे और देश की जनता आगे भी देश का नेतृत्व पीएम मोदी के हाथों में देगी। इसके लिये देश की जनता मोदी को इस बार इतनी बड़ी ताकत के साथ केन्द्र भेजेगी कि विपक्ष के हाथों केवल झुन झुना और उसका छल ही लगेगा। संजीव गुप्ता टिन्चू ने कहा कि मोदी के कार्यकाल में देश चारों तरफ से सुरक्षित है और देश की जनता खुश है। इसी क्रम में भाजपा नेता संजीव गुप्ता ने डा. बीएल खन्ना, डा. जीएल दीक्षित , डा. सुनील वैश्य, डा. चित्रा वैश्य, डा. अवनीश जायसवाल, सहित व्यापारियों से मिलकर भाजपा की रीतियों और नीतियों को बताया।

पति के मौत के गम में महिला ने मासूम पुत्री सहित नदी में लगाई छलांग

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

मासूम संग एक महिला ने को चहलारी घाट पुल से सरयू नदी में छलांग लगा दी। नदी में डूबने से महिला की मौत हो गई जबकि ग्रामीणों ने बच्ची को बचा लिया। बताते हैं कि पति की मौत होने के बाद से महिला मानसिक रूप से परेशान थी। वह घर से दवा लेने की बात कहकर निकली थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बहराइच के थाना पयागपुर के पैतोरा निवासी दीपिका शर्मा (35) अपनी पुत्री सिया (7) के साथ लखनऊ दवा लेने जाने की बात कहकर घर से निकली थी। थानगांव क्षेत्र में बहराइच और सीतापुर जिले को जोड़ने के लिए चहलारी घाट पुल बना हुआ है। दोपहर को यहां पहुंची महिला ने अपनी पुत्री के साथ चहलारी घाट पुल से सरयू नदी में छलांग लगा दी।

नदी में महिला के कूदते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों को बाहर निकाला। पुलिस ने दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं बालिका का इलाज किया जा रहा है। थानाध्यक्ष रामप्रकाश ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बच्ची की हालत स्थिर है। दीपिका के भाई विष्णु शर्मा ने बताया कि दीपिका के पति की तीन साल पहले ही मौत हो चुकी है।

वह चंडीगढ़ स्थित एक एयरपोर्ट पर नौकरी करते थे। पति की मौत के बाद से ही दीपिका मानसिक रूप से परेशान रहने लगी थी। उसका इलाज लखनऊ में चल रहा था। वह अक्सर दवा लेने जाती थी। बुधवार को भी वह यही बताकर दवा लेने निकली थी।

आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी चीफ पर हुए जानलेवा हमले से आक्रोशित हुए भीम आर्मी कार्यकर्ता

समृद्धि न्यूज

बाराबंकी। सहारनपुर के देवबंद में आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष व भीम आर्मी के चीफ चंद्रशेखर आजाद रावण पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौप कर हमलावरों को गिरफ्तार करने और चंद्रशेखर आजाद को जेड श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि चंद्रशेखर आजाद पर सुनियोजित जानलेवा हमला किया गया है। जो बेहद गंभीर है दुखदाई मुद्दा है। चंद्रशेखर आजाद द्वारा पूर्व में कई बार अपनी सुरक्षा व जान के खतरे के संबंध में सहारनपुर एसएसपी व डीजीपी पुलिस लखनऊ व मुख्यमंत्री को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया था। परंतु शासन प्रशासन ने उनकी सुरक्षा को जानबूझकर गंभीरता से नहीं लिया जो बहुत ही निराशाजनक है शासन प्रशासन की शिथिलता पूर्ण के कारण ही यह घटना घटित हुई है। उक्त घटना के कारण समाज के लाखों लोगों की भावनाओं को गहरा आघात पहुंचा है भीम आर्मी लगातार आदरणीय चंद्रशेखर आजाद की सुरक्षा की मांग करती रही है। इस मांग पत्र के माध्यम से हम प्रार्थीगण आपसे विनम्र निवेदन करते हैं कि उक्त मामले की गंभीरता को समझते हुए उक्त मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए उक्त मामले में दोषी अभियुक्तों को तुरंत गिरफ्तारी करते हुए सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए और दोषियों के विरुद्ध रासुका के तहत भी कार्रवाई अमल में लाई जाए तथा चंद्रशेखर आजाद की सुरक्षा को पुख्ता करते हुए उन्हें स्पेशल जेड सुरक्षा अविलंब उपलब्ध कराई जाए।ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से हरिनंदन सिंह जिला प्रभारी भीम आर्मी भारत एकता मिशन के प्रभारी हरिनंदन सिंह, जिला अध्यक्ष शिव बरन सिंह एडवोकेट, मोहम्मद वसी हैदर जिला अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी ,अरुण कुमार धीमान अविनाश कुमार एडवोकेट ,विपिन कुमार, मनीष कुमार, शैलेंद्र कुमार, रामू ,अशोक कुमार, आशीष ,सूरज कुमार ,आज सैकड़ों समर्थन एकजुट होकर कार्यवाही की।

सेवानिवृत हुए परियोजना अधिकारियों को दी भावभीनी विदाई

बाराबंकी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में परियोजना अधिकारी के पद पर कार्यरत प्रेमलता भारती एवं दर्शन सिंह के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडे के संरक्षण में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सुधा जयसवाल के द्वारा आयोजित किया गया। बीएसए संतोष कुमार देव पांडे ने पुष्प भेंट कर दोनों अधिकारियों के प्रति शुभकामनाएं दी तत्पश्चात सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी मनोज कुमार त्रिपाठी खंड शिक्षा अधिकारी फतेहपुर सुशील कुमार कनौजिया अवर अभियंता विश्वजीत राय, जिला समन्वयक, सुधा जायसवाल, विनीता मिश्रा, शिक्षा पीयूष त्रिपाठी, नंदन पांडे जिला मध्यान भोजन के डॉ पीयूष श्रीवास्तव, एमआईएस राहुल शुक्ला ऋषि टंडन ऋतु पाठक केके सिंह विजय सिंह शशिकांत शुक्ला हृदेश कुमार राजेंद्र त्रिपाठी बलराम अभिषेक सिंह सहित समस्त स्टाफ ने पुष्प भेंट कर एवं माल्यार्पण कर दोनों अधिकारियों का स्वागत किया। दोनों परियोजना अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए बीएसए ने कहा कि यह सेवा का विधि विधान है कि एक निर्धारित आयु में सेवानिवृत्त होते हैं लेकिन आप सदैव अपनी उर्जा का उपयोग करते रहें और सेवानिवृत्त होने का आशय कार्य से पृथक होना नहीं बल्कि दूसरे क्षेत्रों में कार्य को अधिक समय देने और अपने कार्य अनुभव का उपयोग करना चाहिए तत्पश्चात कार्यालय साहब द्वारा दोनों अधिकारियों को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर कार्यक्रम का समापन किया गया इस अवसर पर कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

शारदा सहायक में डूबे युवक का तीसरे दिन भी नही लगा सुराग

हैदरगढ़ बाराबंकी। शारदा सहायक खंड 28 की जौनपुर ब्रांच नहर में बुधवार को डूबे 25 वर्षीय युवक का शुक्रवार को तीसरे दिन भी पता नहीं चल सका। गुरुवार को घटनास्थल पर पहुंचे जॉइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी सुमित आर महाजन द्वारा तलाशी अभियान में जुटी एनडीआरएफ टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। उल्लेखनीय है कि कोतवाली क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी अभिषेक शुक्ला पुत्र पप्पू शुक्ला बुधवार को किसी काम से घर से निकले थे। परिजनों के मुताबिक जौनपुर ब्रांच नहर के दयालगंज रेगुलेटर के पास पटरी पर मृतक का चड्डा मिलने से नहर में डूबने की आशंका है। सूचना पाकर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने गोताखोरों की मदद से अभिषेक की तलाश शुरू की थी पर सफलता नहीं मिली जिसके बाद एनडीआरएफ की टीम को बुला कर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है यही नहीं गुरूवार को घटनास्थल पर सी ओ के साथ पहुंचे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने टीम को तलाशी अभियान में तेजी लाने के लिए निर्देश दिए थे वहीं दूसरी ओर नहर में डूबे युवक के रिश्तेदार भी अमेठी जनपद के मऊ कस्बे में नहर पर बने रेगुलेटर एवं रास्ते में लगातार निगरानी रख रहे हैं फिर भी अभी तक लापता युवक का पता नहीं चल सका है। बताया जा रहा है की लापता युवक मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। शुक्रवार को तीसरे दिन भी एनडीआरएफ की टीम द्वारा दयाल पिंकी रेगुलेटर से लेकर चिलूला पुल तक रेस्क्यू अभियान चलाया गया परंतु युवक का पता नहीं चल सका। वही सूचना पाकर नगर पंचायत अध्यक्ष हैदरगढ़ आलोक तिवारी भी अपने सहयोगियो के साथियों के घर पहुंचे और दुखी परिजनों को ढांढस बंधाया।

सीएचसी पर किशोर कल्याण मेले का हुआ आयोजन

हैदरगढ़ बाराबंकी। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत हैदरगढ़ सीएचसी पर राष्ट्रीय किशोर कल्याण दिवस मेले का आयोजन किया गया जिसमें किशोर किशोरी उनके माता-पिता क्षेत्रीय एएनएम सीएचओ आशा संगिनी आशाओं एवं डॉ जितेंद्र सोनी ने भाग लिया। मुख्य अतिथि डॉक्टर मुकुंद पटेल ने सभी किशोर किशोरियों को बताया कि आप लोग साफ सफाई पर ध्यान रखें एवं स्वास्थ विभाग की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने में सहयोग प्रदान करेंअंत में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम नोडल कोऑर्डिनेटर डी पी यादव ने सभी अतिथियों एवं किशोर किशोरियों उनके माता-पिता तथा एएनएम आशा संगिनी आशाओं का आभार व्यक्त किया।

पशुआहार के साथ अवैध रूप से शराब लदी ट्रक पूर्वांचल ऐक्सप्रेसवे पर हुआ छतिग्रस्त

हैदरगढ़ बाराबंकी। शुक्रवार की अलसुबह पशु आहार की आड़ में अवैध शराब लादकर गाजीपुर की ओर जा रहा एक ट्रक पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर ओवरटेकिंग के दौरान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक ट्रक का क्लीनर बताया जा रहा है, जबकि दुर्घटना के बाद से चालक फरार है जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या जी जे 17 टी टी 9829 आज सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर लखनऊ - गाजीपुर लेन पर जा रहा था कि तभी सुबेहा थाना क्षेत्र में अमित का पुरवा मजरे कुड़वा के निकट पड़ने वाले किलोमीटर 51.2 पर सुबह लगभग 4ः30 बजे दूसरे वाहन को ओवरटेक करने के दौरान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कंट्रोल रूम से सूचना मिलने के बाद सुबेहा थाना प्रभारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे।। उन्होंने बताया कि ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त अवस्था में खड़ा था और निकट ही एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था। ट्रक से शराब की गंध आ रही थीं, जब देखा गया तो ट्रक में पशु आहार लदा हुआ था। सूचना आबकारी निरीक्षक को दी गई तथा मृतक की तलाशी ली गई तलाशी में आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान जनपद अमेठी के ग्राम मचवा निवासी अनंत श्रीवास्तव पुत्र चंद्रशेखर के रूप में हुई है जो ट्रक पर खलासी की नौकरी करता था। जिसकी सूचना परिजनों को दे दी गई है। यहां पहुंचे आबकारी निरीक्षक के निरीक्षण में पशु आहार की बोरियों के पीछे से लगभग 500 पेटी शराब बरामद होने की बात कही जा रही है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रुपए होगी। इस संबंध में जब पुलिस उपाधीक्षक जेएन अस्थाना से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान ट्रक के खलासी के रूप में हुई है ट्रक पर लदी शराब संभवत बिहार या फिर असम ले जाई जा रही थीं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

सेवानिवृत हुए चिकित्सक को दी गई भावभीनी विदाई

हैदरगढ़ बाराबंकी। कस्बा स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में आज एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के पद से सेवानिवृत हुए डॉक्टर ओम प्रकाश पांडे को भावभीनी विदाई दी गई। उपस्थित लोगों ने उपहार के साथ ही उनके स्वस्थ, सुदीर्घ एवं सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर डॉ पांडेय को अंग वस्त्र धार्मिक ग्रंथ माता दुर्गा की तस्वीर एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर देवव्रत शिक्षा अधिकारी माता प्रसाद अवस्थी मनोज सिंह राकेश सिंह संजू सिंह डॉक्टर जितेंद्र सोनी फार्मासिस्ट अंबरीश त्रिपाठी स्टाफ नर्स सरोज गायत्री प्रीती रामकिशोर श्रवण कुमार विमला सहित समस्त स्टाफ एवं गणमान्य जन मौजूद रहे।

पागल कुत्ते ने व्यक्ति को किया घायल

हैदरगढ़ बाराबंकी। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लाही गाँव में गुरुवार को पागल कुत्ते के हमले में शौच के लिए घर से बाहर निकला आयुष पुत्र बाबादीन गंभीर रूप से घायल हो गया परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पर लाएं गए बालक को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पता चला है कि पिछले 3 दिन से पागल कुत्ते द्वारा गांव में कई लोगों के अलावा जानवरों को भी काट कर घायल कर दिया गया हैं।

अकीदत के साथ मनाया गया बकरीद का त्योहार, सुरक्षा के लिए मुस्तैद रही पुलिस

हैदरगढ़ बाराबंकी। ईद उल अजहा (बकरीद) का त्यौहार गुरुवार को समूचे क्षेत्र मे अकीदत एवं एहतराम के साथ परम्परागत तरीके से शन्तिपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने ईदगाह एवं विभिन्न मस्जिदों में पहुंचकर नमाज अदा की और मुल्क में अमन और चैन की दुआ मांगी। नमाज के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर ईदगाह परिसर मे भारी पुलिस बल तैनात रहा । ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /उप जिलाधिकारी सुमित महाजन एवं पुलिस उपाधीक्षक जे एन अस्थाना भी भ्रमण कर मुआयना कर स्थित का जायजा लेते हुए नजर आये नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर बधाई दी। इस अवसर पर हैदरगढ़ पहुंचे पूर्व विधायक राम मदन रावत ने लोगों से गले मिलकर ईद उल अजहा की बधाई दी। चेयरमैन प्रत्याशी रहे पप्पू सिद्दीकी सभासद मोहम्मद इसहाक शब्बीर पहाड़ी मोहम्मद तैयब मोहम्मद रईस सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इसी कडी मे कस्बा सुबेहा स्थित ईदगाह मे ईदु उल अजहा बकरीद की नमाज शन्तिपूर्वक अदा की गयी । पिछ्ले साल की अपेक्षा इस बार कुछ ज्यादा भीड देखी गयी । विभिन्न गांव से पहुचे बडी संख्या मे लोगो ने नमाज अदा की और देश के अमन चैन व खुशहाली की दुआ माँगी गयी ।यहां पर सुबह 8 बजे नमाज अदा की गयी मौलाना मोहम्मद अनस साहब नदवी ने ईदगाह मे नमाज अदा करायी । नमाज अदा करने के बाद लोगो ने एक दूसरे के गले मिलकर बकरीद की मुबारक बाद दी इसके बाद लोग कुर्बानी के प्रबंध मे लग गये ।यहाँ पर मेले का आयोजन भी किया गया ।

लिंक मार्ग के निर्माण में मानकों को दरकिनार कर पुरानी घटिया ईंटों का हो रहा प्रयोग

हैदरगढ़, बाराबंकी। क्षेत्र के सराय चौबे से हरपालपुर व बरावां को सीधे जोड़ते हुए सुबेहा- शुकुलबाजार सम्पर्क मार्ग तक पाँच किलोमीटर लिंक मार्ग के निर्माण में लोक निर्माण के ठेकेदार द्वारा नियमों व मानकों को दरकिनार कर सराय चौबे गाँव में पुरानी ईंटों का प्रयोग कर नाली का निर्माण कराया जा रहा है। जिसको लेकर यहां के ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। बताते चले कि लोक निर्माण विभाग द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेस- वे के सर्विस रोड सराय चौबे से होकर हरपालपुर व बरावां गाँव से होकर सुबेहा शुकुलबाजार मार्ग तक आरसीसी लिंक मार्ग का निर्माण इन दिनों कराया जा रहा है। जानकारी के लिए यह भी बताते चले कि हो रहे

● ठेकेदार की मनमानी से ग्रामीणों ने की शिकायत

आरसीसी मार्ग के निर्माण के दौरान गाँव के अंदर जलनिकासी के लिए जरूरत के मुताबिक नाली निर्माण कराया जाना है, साथ में रोड के बगल दोनों पटरियों पर इंटरलॉकिंग का भी निर्माण होना है। वहीं सराय चौबे गाँव में ठेकेदार द्वारा जलनिकासी के लिए बनवाये जा रहे नाली निर्माण में खुलेआम पुरानी ईंटों का प्रयोग कर निर्माण कराकर मानकों की धज्जियां उ?ाई जा रही है। यहाँ के ग्रामीणों ने बताया कि नये विकास काम में पुरानी ईंटों का प्रयोग बेखौफ होकर किया जा रहा है, जो कि नियमों की खुलेआम अनदेखी है। जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बावजूद भी उनके द्वारा अपने कर्तव्यों के प्रति इतिश्री की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा इसमें ब? पैमाने पर धांधली की जा रही है नाली निर्माण में नई ईंटों का प्रयोग होना चाहिए फिर क्यों पुरानी ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि आरसीसी मार्ग के बगल दोनों साइडों में इंटरलॉकिंग का निर्माण भी मानकों के विपरीत हो रहा है इंटरलॉकिंग बिछाने के पहले गिट्टी की कुटाई नहीं कराई जा रही है बॉक्सिंग का भी निर्माण नहीं कराया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा उच्च अधिकारियों से मामले में कार्यवाई की माँग की गई है।

अलग अलग स्थानों पर बरामद हुए युवक-युवती के शव

मसौली बाराबंकी। सफदरगंज थाना क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर एक युवती एव एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गयी पुलिस ने शवो का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर मजरे लक्षबरबजहा निवासी 27 वर्षीय चंद्रिका प्रसाद पुत्र रमेश रावत का शव गुरुवार की सुबह लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बाला जी मिष्ठान भंडार के सामने लगे शीशम के पे? से लटकता मिला। अपने ही गमछे से लटकते शव के पैर पुरी तरह जमीन से छु रहे थे जिससे मौके पर मौजूद लोगो ने हत्या कर शव लटकाये जाने की अशंका जता रहे है। मृतक चंद्रिका प्रसाद पेशे से टेम्पो चालक है तथा बुधवार की शाम को घर से निकला था जिसका शव गुरुवार की सुबह पे? की डाल से लटकता मिला। मृतक के एक वर्षीय पुत्री लक्ष्मी व 4 वर्षीय पुत्र कृष्णा के आलावा पत्नी हेमा का रो रोकर बुरा हाल है।

दूसरी घटना थाना व कस्बा सफदरगंज की 26 वर्षीय अविवाहित युवती ने घर के अंदर फांसी लगा ली परिवार वालो को जानकारी होने पर जिला अस्पताल ले गये जहां से ट्रामा सेन्टर लखनऊ मे इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

आईजी ने किया विजेताओं का उत्साहवर्धन

अयोध्या। शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र प्रवीण कुमार द्वारा उत्तर प्रदेश स्टेट राइफल एसोसिएशन (यूपीएसआरए) द्वारा बीती 23 जून से 26 जून तक आयोजित की गई 21वीं प्री स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में अयोध्या जिले से प्रतिभाग कर मेडल प्राप्त करने वाले खिलाि?यों को सम्मानित किया गया।टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे कोच शनि कुमार वर्मा ने बताया कि अयोध्या जिले के खिलाि?यों को विभिन्न श्रेणियों में कुल 12 मेडल प्राप्त हुए हैं।इनमें से 06 मेडल अयोध्या पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा अर्जित किये गये हैं।अयोध्या पुलिस के जिन अधिकारियों और कर्मचारियों ने मेडल जीता है उनमें क्षेत्राधिकारी राजेश तिवारी ने गोल्ड,सहायक उपनिरीक्षक लिपिक अभय प्रताप ने गोल्ड व सिल्वर,सहायक उपनिरीक्षक लिपिक मोइन अहमद खान ने गोल्ड व सिल्वर और महिला आरक्षी नीलू शर्मा ने गोल्ड मेडल अर्जित किया है।इसके अतिरिक्त डॉ भुवन ने गोल्ड व सिल्वर, जैनुल ने गोल्ड,वंशिका ने गोल्ड, ध्रुव सिंह ने गोल्ड तथा निवेदिता सिंह ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया गया।मेडल जीतने वाले इन सभी विजेताओं का पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र श्री कुमार द्वारा उत्साहवर्धन किया गया।इस अवसर पर भवदीय शूटिंग रेंज के प्रबंधक अवधेश वर्मा भी उपस्थित रहे।मेडल प्राप्त करने वाले सभी खिलाि?यों द्वारा भवदीय शूटिंग रेंज से प्रशिक्षण प्राप्त किया जा रहा है।

आश्रय गृह निरीक्षण समिति द्वारा किया गया निरीक्षण, दिए गए निर्देश

समृद्धि न्यूज अयोध्या

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन तथा जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गौरव कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में शुक्रवार को राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर और राजकीय महिला शरणालय का निरीक्षण किया गया।संयुक्त रुप से किया गया यह निरीक्षण आश्रय गृह निरीक्षण समिति की सदस्य श्रीमती नूरी अंसार,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शैलेंद्र सिंह यादव तथा प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड सुश्री साक्षी सिंह द्वारा किया गया।इस निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर में कुल-109 किशोर संवासित है जबकि राजकीय महिला शरणालय अयोध्या में कुल 36 संवासिनियों सहित चार बच्चें भी संवासित है।इसी क्रम में महिला शरणालय में माह जून 2023 में कुल 12 बन्दियों को पुनर्वासित किया जा चुका है तथा महिला संवासिनियों को सिलाई बुनाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान समिति द्वारा संस्था की साफ सफाई पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा निर्देशित किया गया कि बारिश के मौसम में सीलन की समस्या न हो,संस्था की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए और पूर्ण स्वच्छता बरती जाए।निरीक्षण समिति द्वारा सभी किशोरो को समझाया गया कि सभी आपस में मिलजुल कर रहे।प्राधिकरण सचिव श्री यादव द्वारा किशोरों को विधिक जानकारी प्रदान की गयी एवं बताया गया कि यदि किसी अपचारी किशोर के पास अधिवक्ता की सुविधा उपलब्ध नहीं है तो उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अपने मुकदमे की पैरवी हेतु नि:शुल्क अधिवक्ता/लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल की सुविधा प्रदान की जाती है।जिस किसी अपचारी किशोर को कोई समस्या हो तो वह लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है।

जल जमाव वाले क्षेत्र में नगर आयुक्त ने मोर्चा संभाला

समृद्धि न्यूज,गोरखपुर

रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण नगर निगम के जलजमाव वाले क्षेत्रों का नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने मोर्चा संभाला स्वयं अपने कर्मचारियों के साथ भ्रमणशील रहकर गोपलापुर, दाऊदपुर, सिविल लाइन्स, रसूलपुर, अग्रहरि पुलिया, सूरजकुंड, सुभाष चंद्र बोस नगर आदि स्थानों पर तत्काल जलनिकासी सुनिश्चित कराये जाने हेतु ?नल अधिकारी एवम सफाई निरीक्षक को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त के तेवर को देखते हुए जोनल अधिकारी व सफाई निरीक्षक हरकत में आते हुए जिन स्थानों पर जल जमाव की थोड़ी बहुत संभावना दिखाई दे रही थी तत्काल नालों की सफाई कराकर पानी के बहाव को सुचारू रूप से संचालित कराया जिससे मोहल्ले में जल जमाव की स्थिति ना होने पाए और मोहल्लेवासी नालों की बेहतर सफाई की सराहना करते नजर आए।

इंडिया बुक आफ रिकाईस में बंटी बबली को भारत में सर्वाधिक बिकने वाले ब्रांड के तौर पर किया गया दर्ज

समृद्धि न्यूज, सहजनवा गोरखपुर

इण्डिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड के नेतृत्व में कंपनी के ब्रांड बंटी बबली की भारत में सर्वाधिक बिकने वाले ब्रांड के तौर पर इंडिया बुक आफ रिकॉर्ड द्वारा दर्ज किया गया बताते चले की पिछले वर्ष आईजीएल ने अपने सबसे लोकप्रिय ब्रांड बंटी बबली की एक करो? तिरसठ लाख से अधिक का विक्रय किया था जो की अब तक का भारतवर्ष में उत्पादन एवं विक्रय का सर्वाधिक रिकॉर्ड है, और आईबीआर द्वारा सभी दस्तावेजों को सत्यापित करने के बाद अपने रिकार्ड में दर्ज किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेयर डॉ मंगलेश कुमार श्रीवास्तव रहे और विशिष्ट अतिथि सुगता दास रहे। सर्वप्रथम गोरखपुर के मेयर डॉ मंगलेश कुमार श्रीवास्तव का अभिनंदन और स्वागत किया गया तत्पश्चात उनकी अनुमति से कार्यक्रम को संचालित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा की आईजीएल के उत्पाद को आईबीआर में दर्ज किया जाने गोरखपुर के लिए ब?ी उपलब्धि है और इससे यह सिद्ध होता है की पूर्वांचल में अपार सम्भावनाये है और यहाँ के लोगो की कार्यकुशलता विश्व भर में सबसे उत्तम है। इसके साथ ही इस उपलब्धि हेतु मुख्य अतिथि ने बिजनेस हेड एस के शुक्ल को गणेश की प्रतिमा देकर सम्मानित किया , इसके साथ ही कुछ अधिकारियो को भी सम्मानित किया गया। तथा मेयर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव ने एस के शुक्ल को विकास पुरुष बताया, इसके साथ ही वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा को भी धन्यवाद दिया और कहा की आपने जिस तरह से आईजीएल के सीएसआर कार्यो को अंतिम छोर तक पहुचाये है उसके लिए पूरा आईजीएल परिवार बधाई के पात्र है। आईबीआर के तरफ से उपस्थित जूरी मेंबर सुगता दास ने गोल्ड मैडल , आईबीआर बुक्स और खिताब एवं, पत्र बिजनेस हेड एस के शुक्ल को मेयर की गरिमामयी उपस्थिति में सौपा और आईबीआर के रिजल्ट्स को भी सबके सामने प?ा , इसके साथ ही उन्होंने आईजीएल कंपनी को शुभकामना दिया। बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने एस उपलब्धि हेतु कंपनी के चेयरमैन की नीतिया और दूरदर्शिता के परिणाम बताये और उन्होंने इसका श्रेय गोरखपुर यूनिट के सभी कमर्चारियों को दिया और कहा की निसंदेह हम कुछ ही दिनों में नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे ।

नीलकंठ मे दिखेगी रवि यादव व आँचल पांडेय की जोड़ी

समृद्धि न्यूज अयोध्या

समय समय पर एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्म का निर्माण करके भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में फिल्म निर्माता राकेश सिंह अहम योगदान दे रहे हैं। उनकी फिल्म प्रोडक्शन हाउस %यस एंड राज एंटरटेनमेंट% बैनर के तले एक और बेहतरीन भोजपुरी फिल्म नीलकंठ का निर्माण किया जा रहा है।गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के रमणीय लोकेशन पर भोजपुरी फिल्म नीलकंठ की शूटिंग भव्य मुहूर्त करके व विधिवत पूजा अर्चना करके शुरू कर दी गई है। इस फिल्म के रवि यादव हैं और अभिनेत्री आँचल पांडेय हैं।बिग लेवल पर बन रही इस फिल्म %नीलकंठ% में पूरी तरह से जबरदस्त एक्शन के साथ एक बेहतरीन कहानी दर्शकों को देखने को मिलेगी।इस फिल्म के निर्माता राकेश सिंह हैं।फिल्म के लेखक व निर्देशक रामधीन चौधरी हैं जबकि म्यूजिक डायरेक्टर अफीज जमाल और मुन्ना मोहित हैं। डीओपी साहिल जे.अंसारी, डांस मास्टर विवेक थापा,एक्शन मास्टर दिलीप यादव हैं। एक्सक्यूटिव प्रोड्यूसर सुधीर यादव हैं तथा फिल्म का प्रोडक्शन अजय सिंह कर रहे हैं। फिल्म प्रचारक रामचन्द्र यादव व अरविन्द मौर्या हैं। फिल्म के मुख्य भूमिका में रवि यादव,आँचल पांडेय, बृजेश त्रिपाठी, अजय पटेल, अजय सूर्यवंशी, डॉली गुप्ता हैं।इसके साथ ही प्रमुख भूमिकाओं कई स्थानीय कलाकार भी अपना अभिनय प्रतिभा दिखाने वाले हैं।इस फिल्म के लेखक व निर्देशक रामधीन चौधरी ने बातचीत के दौरान के बताया कि %भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री धीरे धीरे अपनी पहचान इंटरनेशनल पर ब?ती जा रही है। इसलिए हमारी यही प्रयास है कि नीलकंठ फिल्म की कहानी से लेकर फिल्म के हर डिपार्टमेंट का कार्य हर प्रकार से इतना शानदार हो कि यह फिल्म पैन इंडिया में अपना स्थान बना सकें,जिससे भोजपुरी सिनेमा को एक दिशा प्रदान किया जा सके।भोजपुरी में भी अच्छी फिल्में बनती हैं जिससे आप नीलकंठ के रूप में देख सकते हैं।फिल्म निर्माता राकेश सिंह ने इस फिल्म की मेकिंग के लिए फुल छूट दे रखी है,जिससे हम बिना किसी रोकटोक के बिग लेबल पर इस फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं।वादा है कि दर्शकों को बहुत ही बेहतरीन फिल्म नीलकंठ देखने को मिलेगी।

व्यापार मंडल के बैनर तले एसएसपी ने महिलाओं को हेलमेट देकर सम्मानित किया

इटावा। समृद्धि न्यूज

यातायात व्यवस्थापन के लिए महिलाओं का हेलमेट लगाना बहुत आवश्यक है महिलाएं अगर हेलमेट लगाकर के घर से चलेंगी तो परिवार के पुरुषों में ऊर्जा का संचार होगा और जागरूकता आएगी।

उक्त उदगार उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा शहर इकाई द्वारा आयोजित यातायात जागरूकता अभियान एवं महिलाओं को हेलमेट देकर सम्मान समारोह में शास्त्री चौराहा पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा ने व्यक्त किए। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा बस सम्मान के लिए हर संभव प्रयास करती है इस कार्यक्रम को आयोजित करने वाले उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का कदम बहुत ही सराहनीय है। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने कहा कि व्यापार मंडल ने दुर्घटना से होली अकाल मृत्यु पर रोक लगे और लोगों में जागरूकता आए इसलिए व्यापार मंडल ने परिवार की कन्या और महिलाओं को हेलमेट देख कर के उनसे आग्रह किया है कि वह अपने भाई व पिता को घर से निकलते समय हेलमेट लेकर के चलने का अनुरोध व सलाह अवश्य दें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता राम शरण गुप्ता ने कहा कि महिलाओं के सम्मान के लिए व्यापार मंडल का कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है। कार्यक्रम संयोजक युवा नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा का फूल मालाओं से लादकर सम्मान किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की पत्नी नीलम वर्मा को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की महिला जिला अध्यक्ष गुड्डी बाजपेई ने बुके देकर, महिला नगर अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा ने प्रतीक चिन्ह देकर, नगर उपाध्यक्ष उर्मिला भदौरिया ने पटका पहनाकर सम्मानित किया। सीओ सिटी अमित कुमार सिंह को युवा जिला अध्यक्ष लतीफ खान मंसूरी एवं महामंत्री रिंकू यादव कोषाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने प्रतीक चिन्ह, फूल मालाओं से लादकर, नगर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप, महामंत्री रमेश यादव उपाध्यक्ष, विनीत कुमार पांडे, राजीव पाल ने शहर कोतवाल को प्रतीक चिन्ह व फूल मालाओं से लादकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में हेलमेट से 51 महिलाओं व कन्याओं को सम्मानित किया गया।

डीएम ने जरौली में पीएचसी खोलने का व जल्द से जल्द सड़क बनवाने का दिया आश्वासन

चरखारी महोबा। समृद्धि न्यूज

चरखारी विकास खण्ड के ग्राम जरौली में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने का व सड़क जल्द से जल्द बनने वाले का आश्वासन दिए जाने पर किसाने नेता' ग्राम प्रधानों एवं ग्रामीणों द्वारा प्रसन्ता व्यक्त करे हुए जिलाधिकारी महोबा का आभार व्यक्त किया है। बताते चलें कि किसान नेता रामरतन गुरूदेव द्वारा विगत दिवस ग्राम जरौली में स्वतन्त्रता संग्राम सैनानी आश्रित एवं लोकतन्त्र सैनियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें जिलाधिकारी महोबा मनोज कुमार सिंह' पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता' सीएमओ' मुख्य विकास अधिकारी महोबा सहित तमाम आला अधिकारी पहुंचे थे। कार्यक्रम में स्वतन्त्रता संग्राम सैनानी आश्रितों शिवश्याम मास्टर' माधव खरे' लोक तन्त्र सैनानी गौतम लेखपाल का सम्मान जिलाधिकारी द्वारा किया गया। साथ ही विगत कई वर्षों से एक सराहनीय कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर किसान नेता रामरतन गुरूदेव का भी सम्मान जिलाधिकारी ने किया था। कार्यक्रम के दौरान श्री गुरूदेव ने जरौली सहित आस पास स्थित गांव चन्दौली' बल्लाएं' कुड़ार' तिसौनी आदि में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाए जाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के स्थापना की मांग की गयी । श्री गुरूदेव ने बताया कि ग्रामीणों तथा आस पास के क्षेत्र के प्रधानों की बहुप्रतीक्षित मांग को देखते हुए जिलाधिकारी महोबा ने जरौली में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने पर सहमति प्रदान कर दी गयी है। जरोली में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के आश्वासन से ग्रामीणों में खुशी देखी गयी तथा किसान नेता गुरूदेव' ग्राम प्रधान जरौली गिरजादेवी' प्रधान कुड़ार सज्जन राजपूत' प्रधान चन्दौली केशकुमार' प्रधान प्रतिनिधि बल्लायं कन्धीलाल' ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया है।

खबरें एक नजर में

गड्ढामुक्त सड़क की पोल खोल रही एनएच पनवाड़ी सड़क

पनवाड़ी (महोबा)। कस्बा के राठ-झांसी तिगैला से महोबा व हरपालपुर बाईपास तक गहरे-गहरे गड्ढे सरकार के गड्ढा मुक्त सड़क की पोल खोल रहे हैं संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा सड़क की रिपेयरिंग का कार्य शुरू किया गया था लेकिन रिपेयरिंग अधूरी छोड़कर अपना पल्ला झाड़ लिया लेकिन जो बची हुई सड़क आज भी गड्ढों में तब्दील बनी हुई है । तीन चार सौ मीटर रिपेयरिंग ही कर पाए,आश्चर्य यह है कि संबंधित विभाग के अधिशासी अभियंता इससे बेखबर है या जानबूझकर नजरअंदाज कर रहे है गड्ढा युक्त सड़क पर अब तक दर्जनभर बाइक व कार सवार दुर्घटनाग्रस्त हो चुके है,इसके बाद भी सड़क चौड़ीकरण का काम प्रारम्भ नही किया जा रहा है। इससे जागरूक लोगों में खासी नाराजगी देखी जा रही है। जबकि तिगैला से ब्लाक,सरकारी अस्पताल व तिगैला से महोबा मार्ग तक का सफर वाहन से कोसों दूर प्रतीत होता है,उक्त दोनों सड़कों पर प्रत्येक फिट पर गहरा गड्ढा है,इसलिए वाहन चालकों के लिए मुसीबत बना हुआ है। वहीं पहली दूसरी बारिश में ही रोड तालाब बने हुए हैं इन मार्ग से जिले के अफसरों से लेकर सांसद,विधायक,एमएलसी,अध्यक्ष जिला पंचायत,ब्लाक प्रमुख के वाहनों का भी आवागमन होता है

पूर्व कमिश्नर शिवराम दौहरे का निधन बहुजन समाज में शोक की लहर

इटावा। बहुजन समाज के प्रकाश कुंज कहे जाने वाले अंबेडकरवादी तथा बसपा संस्थापक मान्यवर कांशी राम के निकटतम साथी पूर्व कमिश्नर शिवराम दोहरे के निधन से बहुजन समाज में शोक की लहर दौड़ गई वह लगभग 85 वर्ष के थे उनके निधन से बहुजन समाज की अपूरणीय क्षति हुई है। खादिम अब्बास संयोजक कौमी तहफ्फुज कमेटी ने बताया स्व. दोहरे भी बहुजन समाज के मनीषियों के हमेशा सानिध्य में रहे और एक लंबे समय तक नगला खादर में स्थित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बौद्ध महाविद्यालय को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहे और वह महाविद्यालय के लंबे अरसे तक महामंत्री भी रहे। जैसे ही जनमानस को पता चला पूर्व कमिश्नर शिवराम दोहरे जी का निधन हो गया है वैसे ही शोक की लहर दौड़ गई एक विचारक व मनीषी व्यक्ति का फानी दुनिया से कूच करना दुखद है दोहरे जी के निधन से समाज की बड़ी क्षति हुई है वरिष्ठ पत्रकार शेखर यादव इंसानी भाईचारा समिति के अध्यक्ष मो. आमीन एवं अति पिछड़ा वर्ग के संयोजक रमेश प्रजापति ने पूर्व कमिश्नर शिवराम दौहरे के तमाम संस्मरण सुनाएं स्वर्गीय शिवराम को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए जो जनसैलाब उमड़ा है उसे लोग हमेशा याद रखेंगे।

एसएसपी ने थाना पछायगांव का औचक निरीक्षण किया

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार ने थाना पछायगांव का औचक निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने थाना पछायगांव का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने थानाध्यक्ष कार्यालय, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, पुलिस अधिकारी, कर्मचारी आवास, भोजनालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित थानाध्यक्ष से समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके त्वरित निस्तारण तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं थाना परिसर की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण हेतु निर्देशित किया।

इटावा से चित्रकूट जाने वाली बस को विधायक ने दिखाई झंडी

इटावा। इटावा से चित्रकूट जाने वाली बस को हरी झंडी दिखाकर भाजपा सदर विधायक ने रवाना किया। यह बस इटावा औरैया जालौन राठ वाया बांदा होते हुए चित्रकूट यात्रियों को पहुंचाएगी। भाजपा नेता अजय धाकरे ने बताया कि बस सुबह 8.30 इटावा से चलेगी और 3 बजे चित्रकूट पहुंचाएगी। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने हरी झंडी दिखाकर चित्रकूट को जाने वाली बस का शुभारंभ किया। बस मालिक शिवम धाकरे पुत्र अजय प्रताप सिंह धाकरे पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी इटावा ने बताया कि हमारी सेवा प्रतिदिन की रहेगी, बस का संचालन इटावा बस स्टैंड से सुबह 8-30 बजे से रहेगा, बस सेवा इटावा औरैया जालौन राठ वाया बांदा होते हुए 3 बजे चित्रकूट पहुंचेगी।

संपूर्ण समाधान दिवस आज

इटावा। शासन के निर्देशानुसार माह के प्रथम शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज एक जुलाई को तहसील भरथना में जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को समय से पहुंचने के निर्देश दिए।

कप्तान ने तीन पुलिस कर्मियों को दी विदाई

इटावा। पुलिस विभाग मे सेवा देकर अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले मु.आ. चालक, मु. आ. एवं उर्दू अनुवादक को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मान देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस विभाग मे सेवा देकर अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए मु.आ. चालक कैलाश सिंह, मु.आ. गेंदालाल एवं उर्दू अनुवादक मो. अनीस खाँ को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र व शॉल भेंट कर भावभीनी विदाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं भविष्य मे किसी भी प्रकार की कोई सहायता होने पर निसंकोच संपर्क करने के लियो आश्वस्त किया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले 02 उपनिरीक्षक व 01 मुख्य आरक्षी को पुष्पगुच्छ प्रदान कर दी गई भावुक विदाई

महोबा। समृद्धि न्यूज

महोबा एसपी अपर्णा गुप्ता द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 02 उपनिरीक्षक व 01 मुख्य आरक्षी की यादगार विदाई हेतु पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, उ0प्र0 पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में उनको स्मृति चिन्ह/शॉल, उपहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया एवं पुलिस सेवा में रहते हुये उनके द्वारा किये गये सराहनीय सेवाओं को याद करते हुये उनके उज्वल भविष्य, सुखमय जीवन व उनके उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाओं के साथ भावुक विदाई दी गयी । सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों का विवरण उपनिरीक्षक जगदीश सिंह व बृजकिशोर आरक्षी बलवीर सिंह के विदाई समारोह के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम सहित सेवानिवृत्त हुये पुलिसकर्मियों के परिवारजन मौजूद रहे ।

बुलडोजर सरकार ने कानून व्यवस्था को अंधी सुरंग में धकेल दिया: खादिम

इटावा। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद पर सहारनपुर के देवबंद में हुए कातिलाना हमले पर बसपा संस्थापक एवं पूर्व सांसद कांशीराम के चुनाव प्रभारी रहे, कौमी तहफ्फुज कमेटी के संयोजक खादिम अब्बास ने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नही है। डबल इंजन की सरकार में किसी का भी जीवन और इज्जत आबरू सुरक्षित नही है। उन्होंने कहा बुलडोजर सरकार ने कानून व्यवस्था को अंधी सुरंग में धकेल दिया है। उत्तर प्रदेश सरकार को अकेले चंद्रशेखर की ही नही बल्कि विपक्ष के सभी नेताओं की सुरक्षा की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि इस प्रकार की घिनौनी घटना की पुनर्वृति न हो। खादिम सहित इंसानी भाईचारा प्रेम सदभाव समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद आमीन भाई एवं वरिष्ठ पत्रकार शेखर यादव ने सयुक्त रूप से कहा कि चंद्रशेखर आजाद पर हुए कातिलाना हमले का संज्ञान प्रधानमन्त्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी को संयुक्त रुप से लेना चाहिए।

आयुर्वेद व योग के एकीकरण से फाइलेरिया प्रबंधन में मिलेगा लाभ

इटावा। फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है जो बड़े पैमाने पर लोगों को विकलांग बना रही है जिससे रोगी मानसिक और आर्थिक रूप से बहुत ही नुकसान उठाता है और रोगी की पूरी जीवनशैली भी प्रभावित होती है। जिले के सभी 27 आयुर्वेदिक चिकित्सालयों पर फाइलेरिया के रोकथाम व समाधान संबंधित इलाज की सुविधा उपलब्ध है। यह जानकारी क्षेत्रीय यूनानी वआयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डा. लोकेश ने दी। उन्होंने बताया फाइलेरिया बीमारी मच्छरों द्वारा फैलती है, खासकर परजीवी क्यूलेक्स फैंटीगंस मादा मच्छर के जरिए। जब यह मच्छर किसी फाइलेरिया से ग्रस्त व्यक्ति को काटता है तो वह संक्रमित हो जाता है। फिर यही मच्छर जब किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काटता है तो फाइलेरिया के कीटाणु रक्त के जरिए उसके शरीर में प्रवेश कर उसे भी फाइलेरिया से ग्रसित कर देते हैं लेकिन ज्यादातर संक्रमण अज्ञात या मौन रहते हैं और लंबे समय बाद यानी 10 से 15 साल बाद इनका पता चल पाता है। इस बीमारी का कारगर इलाज नहीं है। इसकी रोकथाम ही इसका समाधान है। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद व योग के एकीकरण से फाइलेरिया प्रबंधन में लाभ मिलेगा जिससे यह बीमारी और ज्यादा विकराल रूप नहीं लेगी । डॉ लोकेश ने बताया स्वेदन थेरेपी, रक्तमोक्षण, और आयुर्वेदिक औषधियों के मिश्रण के विभिन्न लेप द्वारा इस बीमारी से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि सैफई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थित आयुर्वेदिक चिकित्सालय में पंचकर्म द्वारा भी फाइलेरिया प्रबंधन की सुविधा है।

उपभोक्ताओं को 18 घंटे बाद मिली राहत

चरखारी महोबा। समृद्धि न्यूज

तकनीकी फाल्ट के चलते 29 जून को रात 3 बजे से ठप्प हुई सप्लाई को तकनीकी अधिकारियों की बड़ी मशक्कत के बाद 18 घंटे बात रात 10 बजे बहाल किया जा सके। बकरीद पर्व पर बिजली सप्लाई ठप्प होने से विभागीय अधिकारियों के हाथ पैर फूले रहे लेकिन रात में सप्लाई चालू होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

बताते चलें कि बकरीद पर्व पर रात 3 बजे 33 केवीए लाईन फाल्ट होने से कस्बा सहित आस पास के गांवों में सप्लाई ठप्प हो गयी थी। बकरीद पर्व को नियमित सप्लाई जारी रखने के लिए रात से ही अवर अभियन्ता आर0के0 वर्मा सहित कर्मचारी फाल्ट तलाशने बाद आई खामी को दूर कर ही पाए थे कि अचानक सुबह 6.30 बजे ओसीवी फाल्ट कर गयी। तकनीकी मशीन में आयी खराबी से दुरूस्त करने के लिए महोबा व हमीरपुर से टेक्निकल टीम बुलाए जाने के बाद पूरे दिन कर्मचारी मशीनों को दुरूस्त करने में जुटे रहे लेकिन सप्लाई ऑन करते ही मशीन बैठ जाने से अधिकारी व कर्मचारी पूरा दिन जूझते रहे। रात करीब 9 बजे अवर अभियन्ता आर0के0 वर्मा द्वारा नई ओसीवी से सप्लाई बहाल कराई गयी तथा रात 10 बजे उपभोक्ताओं को सप्लाई मिल सकी। भाजपा के जिला महामंत्री अमित शर्मा ने कस्बा में बिजली बदहाली पर नाराजगी व्यक्त की तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए व्यवस्थाएं दुरूस्त करने को कहा। रात 10 बजे से सुबह तक सप्लाई सुचारू रूप से मिलने के बाद 30 जून को भी बिजली की आंख मिचौली जारी रही जिससे उपभोक्ताओं में रोष दिखाई दिया। जिला महामंत्री अमित शर्मा ने बताया कि श्रमिकों की भर्ती चयन में खामियों की जानकारी मिली है जिसमें कुछ श्रमिक कार्य पर आते ही नहीं है जिसके कारण समुचित स्टाफ न होने की वजह से किसी भी फाल्ट में घंटो लग जाता है। उन्होंने बताया कि इस बावत जिलाधिकारी के समक्ष भी शिकायत दर्ज करायी गयी है तथा जिलाधिकारी ने जुलाई माह में मानक के अनुरूप स्टाफ लगाए जाने का आश्वासन दिया है।

पंसारी टोला मंदिर से पहुंची घट यात्रा महिलाएं हुई सम्मिलित

इटावा। समृद्धि न्यूज

जैन मंदिरों मे धर्म की गंगा बह रहीं है और कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में 8 दिवसीय सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया गया। प्रतिष्ठाचार्य वाणी भूषण संजय शास्त्री सिहोनिया ने संपन्न कराया।

प्राचीन पचायंती जैन मंदिर पंसारी टोली पर प्रातः काल का घटयात्रा गाजेबाजे के साथ निकाली गई जिसमे महिलाएं पीले वस्त्र सिर मुकुट पर और माला पहनकर इंद्र बनकर मंगल कलश को सिर पर रखकर मंदिर से गाजेबाजे के भक्ति नृत्य के साथ अकाल गंज, राजागंज चौराहे, रंगलाल चौराहे होते हुऐ पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर लालपुरा पहुंचा इसके उपरांत ध्वजारोहण सुबोध जैन द्वारा किया गया। श्रीजी का अभिषेक और शांति धारा व विधान संगीत के साथ संपन्न किया गया। विधान मे बैठे पात्र सौधर्मइंद्र विशाल जैन यज्ञनायक सुशील जैन कुबेरइंद रमेश चंद जैन को सौभाग्य प्राप्त हुआ। सायंकाल श्रीजी की भक्ति नृत्य महाआरती संगीत के साथ संपन्न की गई जिसमें महिलाओं और पुरूषों ने बढचढ कर हिस्सा लिया। लाल रंगलाल परिवार और सकल दिगंबर जैन समाज मौजूद रहा। इधर नेमीनाथ दिगंबर जैन मंदिर गार्ड साहब पंसारी टोला मे भक्ति विधान का आयोजन चल रहा है प्रातःकाल श्रीजी अभिषेक और शांति धारा व विधान संगीत के साथ संपन्न किया गया।।बाल ब्रह्मचारी प्रतिष्ठचार्य पुष्पेंद्र शास्त्री दिल्ली वालों ने संपन्न कराया। जिसमें पात्र सौधर्म इंद्र सुशील जैन ग्वालियर महेश जैन ,कुबेर इंद्र अशोक जैन एल आई सी, यज्ञनायक अमरजीत जैन , ईशान एंड संजय जैन आशीष जैन को सौभाग्य प्राप्त हुआ। सांयकाल श्रीजी महाआरती और पडित जी के मंगल प्रवचन व सस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाते है मंदिर के सभी पदाधिकारी और सदस्य गण मौजूद रहे।

एसएसपी ने परेड की सलामी लेकर आरक्षियों को दी परेड ड्रिल की जानकारी

इटावा। समृद्धि न्यूज

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर शुक्रवार की परेड की सलामी ली साथ ही परेड, डायल 112 के वाहनों का निरीक्षण कर पुलिस लाइन का मुआयना किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर परेड की सलामी ली, सलामी ग्रहण करने के उपरांत एसएसपी ने पुलिस बल को दौड़ कराई एवं टोली बार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए आरक्षियों को परेड ड्रिल के संबंध में जानकारी देते हुए शस्त्र को खोलने व जोड़ने का अभ्यास कराया, तत्पश्चात यूपी 112 पीआरवी वाहनों तथा परेड में सम्मिलित समस्त थाना प्रभारियों, थानाध्यक्षों की गाडियों का निरीक्षण कर उनमें एंटी राइट इक्विपमेंट, मेडिकल किट एवं बॉडी प्रोटेक्टर आदि की उपलब्धता के बारे में जानकारी करते हुए संबंधित को पीआरवी के मानक के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व उनके सुव्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देशित किया। इसके उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित अतिथि गृह,जीडी कार्यालय, डायल- 112 कार्यालय, पुलिस कंट्रोल रूम, शस्त्रागार ,गणना कार्यालय, बैरक, पुलिस क्लब, एवं पुलिस भोजनालय का निरीक्षण कर संबंधित को साफ सफाई हेतु निर्देशित किया। साथ ही सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन एवं प्रतिसार निरीक्षक मौजूद रहे।

आंगनवाड़ी केन्द्र पर लाभार्थियों व बच्चों को मिला फ्री राशन

इटावा। आंगनवाड़ी केन्द्र अकालगंज एवं उझैदी पर आयोजित गोदभराई व राशन वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं वरिष्ठ सभासद शरद बाजपेयी ने गर्भवती महिला सुनीता की गोदभराई की, लाभार्थियों व बच्चों को फ्री राशन वितरित किया भाजपा नेता शरद बाजपेयी ने कहा कि आँगनबाडी केन्द्रों अकालगंज एवं उझैदी पर महिला की गोदभराई की एवं गर्भवती महिलाओं, धात्रियों व बच्चों को राशन वितरित किया है उन्हें दाल, दलिया, रिफाइंड, चावल वितरित किया है शरद बाजपेयी ने कहा कि सभी अपने बच्चों के खानपान का विशेष ध्यान रखें, खाने में मोटे अनाजों का सेवन करें, साथ ही साथ पानी भी खूब पियें। शरद बाजपेयी ने कहा कि सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर जो व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं उससे जनता को बहुत लाभ मिल रहा है, सरकार ने राशन के साथ साथ शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है। इस कार्यक्रम में अकालगंज आँगनबाडी कार्यकत्री डिम्पी शंखवार, उझैदी आंगनबाड़ी कार्यकत्री मुन्नी देवी सहायिका नीरा देवी, शशिप्रभा सहित लाभार्थी वह क्षेत्रवासी उपस्थिति रहे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

- जिला कारागार के बैरकों का किया निरीक्षण, जेल में निरुद्ध बन्दियों को दी विधिक जानकारी

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव लवली जायसवाल ने शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान जिला कारागार में कुल 821 बंदी है, जिसमें से पुरुष बंदी 753 व महिला बंदी 39 तथा 18 वर्ष से 21 वर्ष तक के कुल बंदी 29 है, जिसमें महिला बंदी के साथ 6 शिशु भी हैं।

शुक्रवार को विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव लवली जायसवाल ने जिला जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैरक नम्बर 18, 19, 20 व 21 में बन्दियों से वार्ता की। कुछ बन्दियों द्वारा बताया गया कि उनके पास कोई भी अधिवक्ता पैरवी हेतु नही है।

जिला कारागार का निरीक्षण करतीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल

,सचिव ने जेल अधीक्षक/जेलर को निर्देशित करते हुए कहा कि उक्त बन्दियों से प्रार्थना पत्र लेकर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भेजना सुनिशित करें। बैरकों के निरीक्षण के दौरान उन्होने कहा कि प्रत्येक ऐसे बंदी जो आर्थिक स्थिति सही न होने के कारण निजी अधिवक्ता करने में असमर्थ है और पैरोंकारी के अभाव में लंबित समय से जेल में निरुद्ध है उनके मुकदमे की पैरवी हेतु निशुल्क अधिवक्ता दिलाया जाएगा। उन्होंने इस सम्बन्ध में अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए। प्राधिकरण की सचिव द्वारा प्ले बार्गेनिक के विषय पर जेल में पैरालीगल वालिंटियर एवं ऐसे बन्दियों को जिनके द्वारा कारित अपराध महिला एवं बच्चों के प्रति नहीं है एवं उनके द्वारा 7 वर्ष अथवा या उससे कम के अवधि से दंडित हैं, को विधिक जानकारी प्रदान की गई। निरीक्षण के दौरान डिप्टी जेलर रवि कुमार, अस्सिटेन्ट लीगल एड डिफेंस काउन्सिल मो0 सैफ सहायक व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक बसन्तराम समेत कारागार के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

नमाज अदा कर ईदगाह में दुआ के लिए एक साथ उठे हजारों हाथ

समधन, समृद्धि न्यूज़

ईद-उल अजहा का त्योहार नगर व आसपास क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया पर्व को मनाने के लिए मुस्लिम लोग सुबह से तैयारियां करनें में जुटे रहे।

सभी ईदगाहों में अपने-अपने समय पर ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। नन्हे-मुन्ने बच्चों में त्योहार मनाने को लेकर काफी उत्साह देखा गया। समधन नगर की सौरखी बाली ईदगाह में सुबह 7:45 बजें ईद की नमाज अदा की गई नमाज अदा कर लोगों ने एक दूसरे के गले मिल मुबारकबाद दी गई। साथ ही मुस्लिम लोगों ने कब्रिस्तानों पर पहुंचकर दरूद फातह पढ़कर दुआएं मांगी गई। मुस्लिम लोगों ने अपने अपने घरों पर पहुंचकर जानवरों की कुर्बानी का सिलसिला

समधन सौरखी ईदगाह में नमाज अदा कर दुआएं मांगते मुस्लिम लोग व ईदगाह के बाहर खड़े नन्हे मुन्ने बच्चे

चलता रहा वहीं समधन चेयरमैन आसमा बेगम के आवास पर पूरे दिन ईद- उल अजहा पर्व की मुबारकबाद देने के लिए लोगों का ताता लगा रहा वसपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी अहमद उसैव वटटू के आवास पर भी त्योहार की मुबारकबाद देने का सिलसिला देर शाम तक चला इसके अलावा कनीशा कोल्ड स्टोरेज के प्रबंधक मोहम्मद नफीस (बल्ले) के कोल्ड में तमाम किसानों के बीच ईद-उल अजहा पर्व की एक दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद देने का सिलसिला चलता रहा।

खबरें चलते-चलते

पारिवारिक विवाद में दंपति सहित पांच घायल

गुरसहायगंज, कन्नौज। किसी बात को लेकर परिवार के दो पक्षों शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर एक दूसरे को मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों के 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिश्रापुर निवासी रुचि देवी पत्नी सचिन यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि बीते गुरुवार की शाम करीब 07 बजे अपने दरवाजे पर बैठी थी। तभी परिवार के शिवशंकर पुत्र भारत सिंह, संजू देवी पत्नी शिव शंकर आए और उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट करने लगे बीच-बचाव करने आए उसके पति सचिन व ससुर मुखराम को भी मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष शिव शंकर पुत्र भारत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि बीते गुरुवार की शाम करीब 07 बजे परिवार के ही मुखराम पुत्र भारत सिंह, सचिन पुत्र मुखराम, रुचि पत्नी सचिन हाय और बिना बात गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट करने लगे बचाने उसकी पत्नी संजू देवी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। दोनों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पानी के पाइप चोरी कर रहे किशोरों को पकड़ा

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के वार्ड से पानी के पाइप चोरी करके ले जा रहे 06 किशोरों को पालिका कर्मियों ने पकड़ लिया और कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने पूछताछ कर जांच शुरू कर दी। शुक्रवार को पालिका कर्मियों ने नगर के मोहल्ला अशोक नगर में पानी पाइप लाइन की चोरी करके ले जा रहे 06 किशोरों को पकड़ लिया। जिसके बाद उन्होंने पालिका कर्मियों ने सभी 06 किशोरों को कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। जिस पर कस्बा प्रभारी अजब सिंह ने किशोरों से पूछताछ कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही किशोरों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

घर में कूकर फटने से मचा हडकम्प

गुरसहायगंज, कन्नौज। सब्जी बनाने के दौरान गैस चूल्हे पर रखा कुकर तेज धमाके के साथ फट गया। जिससे परिजनों सहित स्थानीय लोगों में हडकम्प मच गया। आवाज सुनकर लोग घर की तरफ दौड़ पड़े। घटना के दौरान परिजन बाल-बाल बच गए। समधन के मोहल्ला अशफाकउल्लाह नगर निवासी निसार खान की पत्नी शुक्रवार की दोपहर आसिया बेगम घर के कमरे में गैस चूल्हे पर कूकर में सब्जी बना रही थी। तभी अचानक तेज धमाके के साथ कुकर फट गया। आवाज सुनकर परिजन सहित स्थानीय लोग दौड़ पड़े और मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। मौके पर कोई परिजन न होने के कारण परिजन बाल-बाल बच गए।

अज्ञात कार की टक्कर से साले की मौत जीजा घायल

कन्नौज,समृद्धि न्यूज। छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत एक अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार जीजा और साला गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को सौ शैया अस्पताल भिजवाया, जहां साले की मौत हो गई। वहीं घायल जीजा का उपचार किया गया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सराय गोपाल निवासी 20 वर्षीय आशिक अली पुत्र अब्बास अपने बहनोई आरिफपुत्र सलीम निवासी जनपद मैनपुरी के ग्राम अशोकपुर के साथ बाइक पर सवार होकर अपने मित्र अजय की शादी समारोह मे शामिल होने ग्राम पलिया बूंचपुर गया था। शादी समारोह में शामिल होने के बाद वे दोनो बाइक से वापस लौट रहे थे, ज बवह तालग्राम रोड बहवलपुर के निकट पहुंचे, सामने से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

जहरीले कीड़े के काटने से महिला की मौत

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

घर पर सो रही महिला को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। आनन-फानन में परिवार के लोग उसे नगर के निजी अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से फिर तिर्वा मेडिकल कॉलेज ले गए। उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लाडपुर निवासी प्रेम सागर कठेरिया ने बताया है कि उसकी 38 वर्षीय पत्नी मिथलेश कुमारी बीती 28 जून की रात कमरे में फर्श पर सो रही थी। उसी समय किसी जहरीले कीड़े ने उसकी गर्दन में काट लिया। जिससे वह बेहोश हो गई। जानकारी होने पर परिवार के लोग उसे गंभीर हालत में नगर के निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गुरुवार को तबियत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल से भी डॉक्टरों की टीम ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा भेज दिया। जहां देर रात उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला का शव घर आते ही परिवार सहित ग्रामवासियों में कोहराम मच गया। पति प्रेमसागर कठेरिया ने बताया कि पत्नी के पेट में 08 महीने का गर्भ था। उधर सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

गैस चूल्हे पर बन रही सब्जी से भरा कुकर फटा, महिला बाल-बाल बची

समधन, समृद्धि न्यूज़

गैस चूल्हे पर कुकर में सब्जी बनाते समय कुकर अचानक तेज धमाके के साथ फट गया। हादसे में महिला बाल-बाल बच गई। धमाके की आवाज सुनकर घर में मौजूद अन्य सदस्यों में हड़कम्प मच गया और वे रसोई घर की ओर भागे। रसाई में मौजूद महिला हादसे में बाल-बाल बच गई। जानकारी के अनुसार समधन नगर के मोहल्ला अशफाकउल्ला नगर निवासी निशार खां पुत्र करार खां की पत्नी आसिया वेगम गुरुवार दोपहर अपने घर की रसोई में गैस चूल्हे पर कुकर में सब्जी बना रही थी तभी अचानक कुकर तेज आवाज के साथ फट गया। धमाके की आवाज सुनकर घर मे मौजूद अन्य परिजनों में हड़कम्प मच गया। परिजन रसोई की ओर भागे। हांलाकि हादसे में रसोई में खाना बना रही महिला आसिया बेगम बाल-बाल बच गई।

तेज रफ्तार बाइक विद्युत पोल से टकराई, चाचा-भतीजे की मौत

- छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के सर्विस लेन अंडर पास के निकट हुआ हादसा, परिजनों में कोहराम

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

मौजूद ग्रामीण व परिजन समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के सर्विस लेन अंडर पास के निकट तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई। हादसे में चाचा भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद रात भर रोड के किनारे दोनो के शव पड़े रहे। सुबह राहगीरों ने शवों को देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के पास मिले मोबाइल से परिजनों को हादसे की जानकारी दी। जिसके बाद रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। शुक्रवार को तालग्राम-छिबरामऊ मार्ग पर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे अंडरपास के निकट राहगीरों ने दो शवों और क्षतिग्रस्त बाइक को देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर पूछताछ की और मृतकों के कपड़ों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान मृतको के पास से मोबाइल मिला। पुलिस ने मिले मोबाइल से मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। बताया गया कि मृतक कोतवाली तिर्वा क्षेत्र के ग्राम अहेर निवासी शैलेंद्र नागर और नागेंद्र चाचा-भतीजे हैं। दोनो गुरुवार को घर से बाइक पर सवार होकर अपनी बहन के घर छिबरामऊ क्षेत्र के ग्राम त्योर में दावत खाने के लिए कहकर निकले थे। लेकिन जब वह रात को बहन के घर नहीं पहुंचे तो परिजनों को चिन्ता हुई और उन दोनो को तलाशा गया, उनका कोई पता नहीं चल पाया था। शुक्रवार को परिजन दोनो को तलाशने में जुटे थे, तभी पुलिस ने हादसे की जानकारी दी। चाचा-भतीजे की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

जन चौपाल लगाकर अधिकारियों ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

जलालाबाद समृद्धि न्यूज़

उत्तर प्रदेश सरकार ने तहसील दिवस की तर्ज पर प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम पंचायतों में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि ग्रामीणों को ब्लॉक के चक्कर न काटने पड़े। उनकी समस्या का समाधान गांव में ही हो सके।

इसी के तहत शुक्रवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत जसपुरापुर सरैया में एडीओ समाज कल्याण दीपचंद्र दीक्षित व सतवारी में एडीओ आईएसवी राजीव दीक्षित की अध्यक्षता में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखी। चौपाल में अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और जल्द से जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया। ग्राम

पंचायत भवन जसपुरापुर सरैया में शिकायतें सुनते अधिकारी

पंचायत जसपुरापुर सरैया में एक वृद्धावस्था पेंशन, दो आवाज को लेकर कुल 3 शिकायतें दर्ज हुई।ग्राम सतवारी में एक आवास व पानी की टंकी सुचारु रूप से चालू कराने के संबंध में कुल 2 शिकायतें दर्ज हुई। अधिकारियों ने संबंधित को समाधान करने के निर्देश दिए। चौपाल में ग्राम विकास अधिकारी पिंकी चक्रवर्ती ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया। लाभार्थी योजना का लाभ कैसे ले सकते हैं। आवेदन कहां कैसे करें व कौन-कौन दस्तावेज लगेंगे आदि के बारे में जानकारी साझा की। इस दौरान सचिव प्रमोद कुमार, प्रधान शकुंतला, मालती देवी, विपिन कुमार, अशोक कुमार, अमित कुमार समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

नहर में नहाने गए चार किशोर डूबे, तीन को बचाया गया, एक लापता

- इन्दरगढ़ थाना क्षेत्र के कन्सुआ नहर में हुआ हादसा, परिजनों में मचा कोहराम

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

इन्दरगढ़ थाना क्षेत्र स्थित कन्सुआ नहर में नहाने गए चार दोस्त पानी के तेज बहाव में डूब गए। चीख पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर लोग मौके पर पहुचें। किशोरों को नहर में डूबता देखकर ग्रामीणों ने उन्हें बचाने के लिए नहर में छलांग लगा दी और कड़ी मशक्कत के बाद तीन किशोरों को ग्रामीणों ने नहर से बाहर निकाल लिया, वहीं एक किशोर पानी के तेज बहाव के चलते नहर में बहता चला गया और लापता हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने गोताखोरों की मद्द से लापता किशोर को नहर में तलाशा, लेकिन उसका पता नही चला। देर शाम तक किशोर की तलाश जारी रही।

जानकारी के अनुसार थाना सौरिख क्षेत्र के ग्राम नगरिया तालपार निवासी सुरेंद्र, सुमित, कृष्णकांत उर्फ टिल्लू व अमित इन्दरगढ़ क्षेत्र स्थित कन्सुआ नहर में नहाने के लिए गए थे। जब चारो दोस्त नहाने लगे तभी पानी के तेज बहाव के चलते वे चारों नहर में बहने लगे। चारों ने बचाव हेत चीख पुकार मचाना शुरु कर दिया। चीख पुकार की आवाज सुनकर पास के ही खेतों में कार्य कर रहे ग्रामीण मौके पर जा पहुंचे। चारों किशोरों को नहर में बहता देखकर कुछ ग्रामीण उन्हें बचाने के लिए नहर में कूद गए। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने सुरेंद्र, अमित और सुमित को नहर से बाहर निकाल लिया, लेकिन कृष्णकांत पानी के तेज बहता चला गया। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने किशोरों के परिजनों को हादसे की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे कृष्णकान्त के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस टीम ने स्थानीय ग्रामीणों की मद्द से लापता किशोर कृष्णकान्त की तलाश देर शाम तक की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका।

गले मिल बांटी ईद-उल-अजहा त्योहार की खुशियां

- ईदगाहों पर डटा रहा भारी पुलिस बल
- दुकानदारों ने ईदगाह पर दुकानें लगाई

गुरसहायगंज (कन्नौज)। समृद्धि न्यूज



एक दूसरे से गले मिल ईद-उल-अजहा का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर ईदगाहों में नमाज पढ़ने के लिए मोमिनों की भारी भीड़ उमड़ी। उच्चाधिकारियों ने भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी और गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

ईद-उल-अजहा त्योहार पर लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर त्योहार की खुशियॉ बांटी। नगर व क्षेत्र की खाड़ेदेवर, समधन, डुडवाबुर्जुग, इस्माइलपुर, की ईदगाहों पर हजारों की संख्या में लोगों ने नमाज अदा की। यही सिलसिला डुडवाबुर्जुग, मझपुर्वा, समधन व इस्माइलपुर की ईदगाहों में भी चलता रहा। इस मौके पर शहर काजी हाफिज जुम्मन ने कहा कि बकरीद का नेक त्यौहार अमन व सलामती का पैगाम देता है। हमसब की कोशिश होनी चाहिए कि समाज में गंगा जमुनी तहजीब कायम रहे। इस दौरान पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिददीकी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाजी तहसीन सिददीकी, पूर्व विधायक जमालुददीन सिददीकी, युवा समाज सेवी अरशद जमाल सिददीकी, पूर्व ब्लाक प्रमुख राशिद जमाल सिददीकी, मुश्ताक अहमद भुटटो, पूर्व चेयरमैन नकीम खां, बसपा नेता सैयद अहमद उसैब, चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन, भाकियू जिलाध्यक्ष शमीम सिददीकी, मुनीर कुरैशी ने नमाज अदा कर लोगों को मुबारकबाद दी। विभिन्न ईदगाहों पर नायब तहसीलदार शिखर मिश्रा, कोतवाल जेपी शर्मा, एसआई अजब सिंह, अधिशाषी अधिकारी मीनू सिंह, आरपी सिंह, अनिल प्रजापति, जिलेदार सिंह आदि मौजूद रहे।

छत से गिरकर वृद्ध की मौत

- सूचना मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम
- परिजनों ने पुलिस को बगैर सूचना दिये शव का किया अंतिम संस्कार
- कुछ वर्ष पूर्व पत्नी की भी हो चुकी है मौत

गुमशुम खड़े मृतक के परिजन

शमसाबाद, समृद्धि न्यूज। छत से गिरकर वृद्ध गम्भीर रुप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के मोहल्ला सैयदवाड़ा निवासी राधेश्याम उम्र 59 वर्ष जो रात में लाइट जाने के बाद 1 बजे जीने से छत पर गए। छत पर पहुंचते ही वृद्ध का जीने पर पैर फिसल गया और वह आंगन में जा गिरे। आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में वृद्ध को लेकर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक के 5 पुत्र अशोक, राहुल, सूरज, विशाल और शिवा हैं। मृतक की पत्नी की कई वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। बिना पुलिस को सूचना दिए परिजनों ने ढाईघाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते दो को दबोचा

- 182050 की नकदी, एक लेपटॉप, एक लाख कीमत के पांच मोबाइल व अन्य सामग्री बरामद

पुलिस हिरासत में सटोरिया

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घर के अंदर सट्टे की खाईवाड़ी कर रहे दो युवको को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में आरोपियों के पास से 182050 की नगदी, एक लेपटाप, एक लाख कीमत के पांच मोबाइल व अन्य सट्टा पर्ची से संबंधित सामिग्री बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने पुलिस लाइन में वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि थाना मऊदरवाजा प्रभारी निरीक्षक आमोद कुमार, उपनिरीक्षक अमित कुमार गुप्ता, एसओजी प्रभारी अमित गंगवार, सर्विलांस टीम प्रभारी जगदीश भाटी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के मोहल्ला हाता रोशन खां में सुरेश वर्मा के मकान में छापा मारकर दो लोगों को सट्टे की खाईबाड़ी करते गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान एक ने अपना नाम आकाश व सनी वर्मा पुत्रगण सुरेश वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में आरोपियों के पास से 182050 की नगदी, एक लेपटाप, एक लाख कीमत के पांच मोबाइल व अन्य सट्टा पर्ची से संबंधित सामिग्री बरामद हुई। आरोपी आकाश पर पांच मुकदमे थाना मऊदरवाजा में दर्ज है अन्य की जानकारी की जा रही है। वहीं आरोपी सनी पर पांच मुकदमे थाना मऊदरवाजा में पंजीकृत हैं, जबकि अन्य की जानकारी की जा रही है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

संचारी रोग एवं दस्तक अभियान के संबंध में डीएम ने ली बैठक

बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद अधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की द्वितीय टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी।

01 से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण तथा 17 से 31 जुलाई 2023 तक चलने वाले अभियान को सफल बनाने के सम्बन्ध में डीएम ने सभी अर्न्तविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि संचारी रोग के लोगों को जागरूक करने हेतु तहसील, ब्लाक, ग्राम पंचायत एवं मजरों तक बीडीओ, ग्राम प्रधान, एडीओ, सचिव, शिक्षक तथा सफाई कर्मचारी अपनी नगरीय निकाय के वार्डो एवं गांवों में समन्वय रूप से बैठक करें और लोगों को संचारी रोगों से होने वाले लक्षणों प्रति बताये और साफ-सफाई के प्रति प्रेरित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी विभाग माइक्रोप्लान के अनुसार अभियान की गतिविधियां आयोजित करें और दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं प्रशिक्षित किया जाए। इसके साथ ही जिले सहित सभी ब्लॉक पर संचारी रोग अभियान का शुभारंभ जनप्रतिनिधि के द्वारा कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान के दौरान आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लोगों को यह जानकारी जरूर दें कि बुखार होने पर खुद से कोई इलाज न करें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर बुखार की जांच और इलाज कराएं। बताते चलें कि दस्तक अभियान के तहत आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार के रोगियों, इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस के रोगियों, क्षय रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों एवं कुपोषित बच्चों, फाइलेरिया और काला अजार, कुष्ठ रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों की सूची बनाएंगी और इन बीमारियों से बचाव के लिए क्या करें क्या न करें के बारे में बताएंगी। इसके अलावा वह दिमागी बुखार, रोग, वेक्टरजनित एवं जलजनित रोगों से बचाव के बारे में लोगों को जागरूक करेंगी और क्षेत्रवार ऐसे मकानों की सूची भी बनायेंगी जहां घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया है एवं आशा कार्यकर्ता उन घरों के प्रमुख स्थानों पर स्टीकर लगायेंगी जिन घरों में 15 वर्ष से कम आयु के बच्चे हैं या क्षय रोग के लक्षणयुक्त व्यक्ति हैं। इसके साथ ही संचारी रोगों से बचाव के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा विद्यालयों, ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस (वीएचएनडी) मातृ समिति की बैठक में लोगों को जागरूक किया जाएगा। विद्यालयों में पोस्टर, वाद-विवाद प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को जागरूक किया जाएगा।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

दबंग ने रास्ता किया अवरुद्ध, विद्यालय जलमग्न

बरसात के पानी से जलमग्न विद्यालय

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। रास्ता अवरुद्ध किये जाने से बरसात के पानी से विद्यालय जलमग्न हो गया।

जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज क्षेत्र के दरियागंज मार्ग पर ग्राम गदनपुर देवराजपुर में चौधरी दुलारे सिंह कलावती इंटर कॉलेज स्थित है। जिसका निर्माण 1983 में कराया गया था। जिसका बरसात का पानी सड़क के किनारे खन्ती से होकर निकल जाता है। जिसको गदनपुर निवासी रोशन जाटव ने खनन माफिया से मिट्टी डलवाकर बरसाती पानी का निकास बन्द कर दिया। वहीं पड़ोस में दो लोगों के दुकान व मकान बने हुए हैं। उनके भी पानी निकलने का रास्ता बंद कर दिया। स्कूल प्रबंधक राजेन्द्र सिंह ने थानाध्यक्ष राजेश राय को घटना

- थानाध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर खुलवाया रास्ता

की जानकारी दी। थानाध्यक्ष ने मौके पर जाकर रास्ते में पड़ी मिट्टी को हटवाकर पानी निकालने का निर्देश दिया। थानाध्यक्ष के निर्देश पर मिट्टी हटवाकर रास्ता खुलवाया गया। तब जाकर बरसात का पानी निकल सका और लोगों ने राहत की सांस ली।

किशोरी को भगा ले जाने में युवक पर मुकदमा दर्ज

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज। किशोरी को भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने एक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के खिरिया मुकुन्द निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 8 जून को मेरी नाबालिग पुत्री ज्योता में दवाई लेने गयी थी, लेकिन घर लौटकर नहीं आयी। खोजबीन के बाद पता चला कि गांव का अतुल उर्फ चमन पुत्र चरन सिंह बाथम पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि अतुल ने पुत्री को कहीं गायब कर दिया है। पीड़ित ने दर्शाया कि आशंका है कि अतुल पुत्री की हत्या कर सकता हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

शिकायत रजिस्टर अपूर्ण मिलने पर डीडीओ ने बीडीओ को लगायी फटकार

कैंटीन का फीता काटकर उद्घाटन करते डीडीओ

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। कमालगंज ब्लाक खंड में डीडीओ योगेंद्र पाठक के द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें शिकायत रजिस्टर में शिकायतकर्ता का मोबाइल नंबर व नाम ना लिखे जाने पर बीडीओ आलोक आर्य व एडीओ आलोक दुबे एवं अधीनस्थ कर्मचारियों को जमकर फटकार लगायी एवं रजिस्टर में शिकायतकर्ता का नाम व मोबाइल नंबर लिखने का निर्देश दिया गया। वहीं ब्लाक खंड परिसर में नवनिर्माण

- महिला भोलेनाथ कैंटीन का किया उद्घाटन
- कैंटीन संचालक को दीं शुभकामनायें

स्वयं सहायता समूह के द्वारा चलाई जा रही महिला भोलेनाथ कैंटीन का उद्घाटन किया एवं महिला कैंटीन संचालक को शुभकामनाएं दीं। निरीक्षण मं बाकी सब ठीक पाया गया। डीडीओ ने कर्मचारियों को निर्देश दिये कि शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करें। कार्य में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस मौके पर बीडीओ आलोक आर्य, एडीओ आलोक दूबे, वीएमएम प्रदीप कुमार, केपी सिंह आदि ब्लाक कर्मचारी मौजूद रहे।

सूचना

मैं नं. 8007981-A HAV PANKAJ SINGH मेरी पत्नी का नाम सर्विस रिकार्ड में KUMARI DIPIKA SINGH हैं, जो कि गलत है। उसका सही नाम DEEPIKA SINGH है।

नौ साल सेवा सुशासन का किया प्रचार

नौ साल सेवा सुशासन का प्रचार प्रसार करते भाजपा जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर व मौजूद अन्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भाजपा सरकार के नौ साल सेवा सुशासन के तहत नेताओं व कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियों का प्रचार प्रसार कर गरीब कल्याण के नौ साल पूरे होने पर महाजनसम्पर्क अभियान के तहत घरों में स्टीकर चिपकाये और पम्पलेट बांटकर पार्टी का प्रचार-प्रसार किया। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर ने शीशमबाग में नौ सेवा सुशासन और गरीब कल्याण योजना का प्रचार किया। साथ ही केंद्र सरकार की पिछली नौ वर्ष की उपलब्धियों को जनता को बताया। साथ ही पम्पलेट बांटकर उपलब्धियों के बारे में जारी की। महा जन सम्पर्क अभियान के तहत घर-घर दस्तक दी और सरकार की नीति का प्रचार किया। इस मौके पर सेक्टर प्रभारी रमेश वर्मा, इमरान अली, आशिक अली, वकार मंसूरी, करार मंसूरी ने घर-घर दस्तक देकर सरकार के पत्रक बांटे।

सपा ने पांच नगर अध्यक्ष किये घोषित, हुआ स्वागत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल यादव ने शुक्रवार को पांच नगर अध्यक्षों की घोषणा की। खिमसेपुर नगर अध्यक्ष पवन गौतम को बनाया है। कमालगंज नगर अध्यक्ष बिल्लू श्रीवास्तव बने। नवाबगंज नगर अध्यक्ष अश्वनी कुमार को जिम्मेदारी दी है। संकिसा नगर अध्यक्ष बृजेश सिंह को बनाया गया है। मोहम्मदाबाद नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी पुनः मनोज यादव को दी गयी है। साथ ही नवाबगंज ब्लाक अध्यक्ष रामवीर कश्यप को बनाया गया है। उन्होंने सभी ब्लाक अध्यक्षों व नगर अध्यक्षों को निर्देश दिया कि वह 10 दिन के अंदर अपनी कमेटी बनाकर पार्टी कार्यालय पर सौंपें। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने बताया कि 01 जुलाई को प्रातः 10 बजे पार्टी कार्यालय आवास विकास पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 50वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया जायेगा। सभी पार्टी के कार्यकर्ता भाग लें। 1 बजे मोहम्मदाबाद, 2 बजे संकिसा, 3 बजे कायमगंज व 4 बजे अन्य स्थानों पर केक काटकर जन्मदिन मनाया जायेगा। नव नियुक्त पांचों नगर अध्यक्षों का पार्टी कार्यालय पर फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके पर सुरेन्द्र सिंह गौर, इलियास मंसूरी, जहान सिंह, सौरभ कटियार, पुष्पेंद्र यादव, करण बाबू, रजत क्रांतिकारी, अरविन्द कश्यप, राधेश्याम श्रीवास्तव, टीटू यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नगर में धूमधाम से 16 जुलाई को नंदी संकल्प सेना निकालेगी कांवर यात्रा

बैठक में मौजूद नंदी संकल्प सेना के पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। नंदी संकल्प सेना की बैठक रेलवे रोड स्थित पाण्डेश्वर नाथ शिवालय मंदिर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता देवाधिदेव महादेव ने की। बैठक का उद्देश्य सावन माह के दौरान निकलने वाली विशाल सामूहिक कांवर यात्रा का आयोजन होना है। कांवर यात्रा का मार्ग निर्धारित रहेगा और भण्डारा-प्रसाद का वितरण रामानन्द बालिका इंटर कालेज में होगा। 16 जुलाई को सुबह 8 बजे मां गंगा के तट दुर्वासा आश्राम पांचाल घाट से कांवर यात्रा प्रारम्भ होगी। पांचाल घाट चौराहा से अमेठी, खानपुर, कादरीगेट, लाल दरवाजा, घुमना, चौक होते हुए पाण्डेश्वानाथ मंदिर पर जलाभिषेक सम्पन्न होगा। यात्रा के आयोजन की व्यवस्था की जिम्मेदारी तय की गई। नंदी सेना प्रमुख विक्रांत अवस्थी, नन्हे पंडित, विशाल दुबे, सौरभ दीक्षित व टिंकल यादव ने विचार रखे। इस मौके पर सौरभ शाक्य, चंचल शर्मा, विनीत, अंकित बाथम, रक्षपाल सिंह, रामवरन, राजू पाण्डेय, कुलदीप गुप्ता, विवेक राठौर, विनय शर्मा, धीरज पाण्डेय, नवल यादव मौजूद रहे।

वीसीपीएच विनीता के समर्थन में उतरीं आशायें, डीएम को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन देने के बाद जानकारी देतीं आशा कार्यकत्री

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। आशा कार्यकत्री ने जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह को समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया उप केंद्र बरौन में तैनात सभी आशाओं ने आशा गिरजा के पांच हजार रुपये मांगने के आरोप को गलत बताया, जबकि वहां तैनात वीसीपीएच विनीता ने कभी पैसे नहीं मांगे। वीसीपीएच विनीता के समर्थन में सभी आशायें लामबंद होकर जिलाधिकारी को पास पहुंचीं। जहां उन्होंने ज्ञापन सौंपकर आशा गिरजा के आरोप को गलत ठहराया। आशा नाजिमा, अंजू, मुन्नी, शशी, मीरा, विनीता, गिरजा, सोना, रेखा, वीना,

- आशा गिरजा देवी पर रुपये मांगने के लगाये गये आरोप निराधार

किरन, अनीता, रुपकली, सुनीता, वहीं उप केंद्र आवाजपुर की आशायें आशा देवी, ऊषा देवी, अर्चना, गीता, मोनिका, संघमित्रा, मिथलेश, सूरजमुखी आदि ने एनसीडी ई कवच आयुष्मान कार्ड बनाये गये, पर पैसे किसी ने नहीं मांगे। इस संबंध में सभी आशाओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। आशा गिरजा के द्वारा पांच हजार रुपये मांगे जाने के आरोप को गलत बताया। उन्होंने कहा कि हम लोगों को अप्रैल माह का भुगतान भी हो चुका है। आशाओं ने कहा कि वह पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से अपनी डियूटी कर रही हैं। इस मौके पर आशा गीता, मोनिका, सरस्वती, राजकुमारी, कुसमा देवी, चंद्रवली, रामादेवी, रेशमा आदि आशायें मौजूद रहीं।

पास्को एक्ट की घटना निकली झूठी, पीड़िता के पिता पर मुकदमा दर्ज

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। पास्को एक्ट के मामला जांच पड़ताल के दौरान झूठा पाये जाने पर उपनिरीक्षक ने शिकायतकर्ता व उसके पिता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिसके आधार पर पुलिस ने पिता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। 16 सितम्बर 2021 को कल्पना द्वारा मुकदमा पास्को एक्ट का दर्ज कराया था। 21 मई 2023 को प्रार्थना पत्र के साथ शपथ पत्र न्यायालय में अभियोग में अंतिम रिपोर्ट स्वीकार किये जाने हेतु स्वीकार किया गया था। विवेचना बयान वादिया धारा 161/164 सीआरपीसी बयान गवाह व घटना स्थल व मेडिकल रिपोर्ट आदि साक्ष्यों से जुर्म घटना नहीं होना पाया गया। वादी से छेड़छाड़ी किये जाने की झूठी मनगढ़ घटना दर्शाकर दर्ज कराया गया था। उपनिरीक्षक अमित कुमार ने दिये गये प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि वादिनी व उसके पिता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाये। जिसके आधार पर पिता लायकराम के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दीपाली भार्गव का तबादला, सतीशचंद्र होंगे नये नगर मजिस्ट्रेट

फर्रुखाबाद (सं.)। नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव का तबादला हो जाने की खबर जैसे ही लोगों को हुई, तो अतिक्रमण कारियों ने राहत की सांस ली, लेकिन वहीं कुछ लोगों को उनके तबादला हो जाने का मलाल है। उ0प्र0 नियुक्ति अनुभाग के विशेष सचिव धनंजय शुक्ला द्वारा जारी किये गये आदेश में तत्काल प्रभाव से शाहजहांपुर के एसडीएम सतीशचंद्र को फर्रुखाबाद के नगर मजिस्ट्रेट के पद पर स्थानान्तरित करते हुए तत्काल प्रभाव से पदभार ग्रहण करने का आदेश दिया है। यदि कार्यभार ग्रहण नहीं करते हैं, तो अनुशासनिक कार्यवाही की जायेगी।

ग्रीष्मावकाश के बाद आज से खुलेंगे माध्यमिक विद्यालय

- प्रधानाचार्य ने शिक्षण कार्य व नये प्रवेश हेतु व्यवस्थायें पूर्ण कीं

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालय ग्रीष्मकालीन के पश्चात आज खुलेंगे। नई शिक्षा नीति के अनुसार विद्यालय खुलने पर शिक्षण कार्य पाठ्य सह गामी, क्रियाये, शिक्षक-अभिभावक मीटिंग आदि की व्यवस्थायें लागू की जायेगी। लम्बे ग्रीष्मावकाश के पश्चात आज हाई व इंटर मीडिएट एवं सम्बद्ध प्राइमरी विद्यालय खुलेंगे। विद्यालयों के खुलने को लेकर छात्र-छात्राओं में उमंग और उत्साह का माहौल है। स्कूल खुलने को लेकर प्रधानाचार्यों द्वारा अपने-अपने विद्यालयों में शासन के निर्देशों व नई शिक्षा नीति के तहत व्यवस्थायें की गई है। विद्यालय खुलने पर आज पहले ही दिन से नये प्रवेशार्थियों की भीड़ उमड़ने की संभावनायें है। इसके अलावा शिक्षण कार्य, पाठ्य सहगामी क्रियाओ तथा शिक्षक अभिभावक संघ की मीटिंग आदि क्रियांवित किये जाने की रुपरेखा भी प्रधानाचार्यो द्वारा जुलाई के पहले सप्ताह में तैयार कर उसे लागू किया जायेगा। राजकीय बालिका इंटर की प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने बताया कि आज स्कूल खुलने पर शिक्षण एवं अन्य पाठ्य सहगामी क्रियाओ के सम्बद्ध में रुप रेखा तय की जायेगी तथा शासन के निर्देशों के अनुसार नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षण व्यवस्था को लागू किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 3 जुलाई से 20 जुलाई तक डी0एल0एड0 व अन्य परिक्षायें विद्यालय में होगी। जिससे शिक्षण कार्य 21 जुलाई से शुरु होगा। नये सत्र में पाठ्य सहगामी क्रियाओ के साथ शिक्षण व्यवस्था पर ज्यादा जोर रहेगा, ताकि छात्रायें मीटिंग में आ सके। एमआईसी के प्रधानाचार्य कैप्टन गिरिजा शंकर ने बताया कि नये सत्र में छात्रों को प्रवेश के साथ ही शिक्षण कार्य नई शिक्षा नीति व शासन के निर्देशों के तहत शुरु किया जायेगा। शिक्षक-अभिभावक संघ की बैठक बुलाकर छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु रुप-रेखा तय की जायेगी। रखा गर्ल्स इंटर कालेज की प्रधानाचार्य डा0 नीतू मसीह ने बताया कि शिक्षा सत्र में छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु पाठ्य सहगामी क्रियाओ को भी शिक्षण व्यवस्था के साथ सम्पन्न कराया जायेगा। शिक्षण कार्य हेतु शासन से जो अपडेट निर्देश मिलेंगे।

ट्रक-ट्रैक्टर की आमने-सामने भिड़ंत में एक की मौत, 5 गंभीर

- प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को लोहिया किया गया रेफर
- जानकारी होने पर परिजनों में मचा कोहराम

घटनास्थल पर खड़ी क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर ट्राली व ट्रक

राजेपुर, समृद्धि न्यूज। ट्रक व ट्रैक्टर की आमने-सामने भिड़ंत में एक की मौके पर मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत बिगड़ने पर घायलों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के अंतर्गत गांव कुतुलूपुर के सामने बीती रात समय लगभग 11 बजे बदायूं की तरफसे आ रहे ट्रक संख्या यूके/8सीए 8035 अनियंत्रित होकर कायमगंज रसूलपुर गुरूसरिया निवासी किसान अपने पावर ट्रैक्टर से मंडी अल्लाहगंज जनपद शाहजहांपुर से मूंगफली विक्रय कर वापस घर जा रहे से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। ट्राली में बैठे 66 वर्षीय जबर सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि संदीप 22 वर्ष, शीशराम 60 वर्ष, श्याम सिंह 50 वर्ष, अरुण 24 वर्ष, फूलचंद 25 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष दिवाकर प्रसाद ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने जबर सिंह को मृत घोषित कर दिया। अन्य की हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल में सभी घायलों का उपचार जारी है।

दो कारों की आमने सामने भिड़ंत में चालक घायल

शमसाबाद, समृद्धि न्यूज। आमने सामने कारों की भिड़ंत में एक कार चालक घायल हो गया, वहीं दूसरा कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस कारों को साइड में लगवाकर आवागमन शुरू कराया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जनपद शाहजहांपुर की कोतवाली जलालाबाद निवासी कार चालक खालिद अपनी कार लेकर लगभग आधा दर्जन सवारियां बैठाकर कंपिल जा रहे थे। कायमगंज फर्रुखाबाद रोड पर गांव रजलामई में कायमगंज की तरफ से आ रही बैगनआर कार जिसकी आमने सामने भिड़ंत हो गयी। जिसमें कार चालक खालिद घायल हो गए। बैगनआर चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। फैजबाग चौकी इंचार्ज संजय राव ने मौके पर पहुंचकर दोनों कारों को अपने कब्जे में लिया और घायल चालक को उसके साथी कायमगंज उपचार के लिए ले गए। जहां उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

शव ले जाने को लेकर ससुराली व मायके पक्ष में चले ईंट पत्थर

- बीते दिन नवविवाहिता की मौत के मामले में पिता की तहरीर पर सुसरालीजन के खिलाफ दर्ज हुआ था मुकदमा
- पोस्टमार्टम में घटी घटना, दो हिरासत में

पोस्टमार्टम हाउस में परिजनों को समझाती पुलिस

फर्रुखाबाद/कायमगंज, समृद्धि न्यूज। शव लेने को लेकर सुसरलीजन और मायके पक्ष में विवाद होने लगा। देखते ही देखते मारपीट व ईंट पत्थर चलने लगे। जिससे कई लोग घायल हो गये। यह देख भगदड़ मच गयी। इस दौरान ससुराल पक्ष शव लेकर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव महमदीपुर निवासी 21 वर्षीय बसंती पत्नी गौतम की मौत हो गई थी। मृतका के पति ने बताया कि मेरी पत्नी बसन्ती के शरीर में दर्द हो रहा था। मैने टेबलेट लाकर खिला दी जिससे दर्द बंद हो गया था। कुछ देर बाद उसके फिर दर्द होने लगा। आनन-फानन में उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक अमरेश कुमार ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर कुआखेड़ा चौकी इंचार्ज राजीव कुमार यादव, कांस्टेबिल विपिन कुमार ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं सूचना पर मृतका के पिता मैकूलाल पुत्र बाबूराम निवासी कुराबंडा जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर व मृतका का भाई रामजीत परिजनों के साथ मौके पर पहुंच गया और पुलिस को घटना के संबंध में तहरीर दी। जिसमें पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाया। दी तहरीर में दर्शाशा कि मैंने अपनी पुत्री बसंती का विवाद 7 दिसम्बर 2022 को गौतम पुत्र अवनीश के साथ विवाह किया था। ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में दस लाख रुपये की मांग कर पुत्री को प्रताड़ित करने लगे।

अतिरिक्त दहेज की खातिर पति गौतम, ससुर अवनीश, सास का नाम नामालूम, ननन ज्योती व ताऊ दिनेश व कुछ अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया तथा तहरीर के आधार उक्त ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के दौरान ससुराली पक्ष शव ले जाने का दबाव बना रहे थे। वहीं मायके पक्ष ने भी शव ले जाने का दबाव बनाया। इस दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी।

देखते ही देखते ईंट पत्थर चलने लगे। जिससे कई घायल हो गये। पोस्टमार्टम में भगदड़ मच गया। इस दौरान ससुरालीजन शव गाड़ी में रखकर मौके से फरार हो गये। इस दौरान सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंच गये। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

बाइक चालक पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। भतीजे की शादी में शामिल होने अधेड़ को सामने से आ रहे बाइक चालक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल जे जाया गया। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने नामदर्ज बाइक चालक पर मुकदमा दर्ज कर मामल की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नवादा निवासी ओमशरन पुत्र स्व0 पूसेलाल ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि पिता पूसेलाल अपने भतीजे की शादी में ग्राम ब्रहिमपुर थाना कायमगंज गये थे। उसके पिता सड़क पर खडे थे, तभी सामने से आ रहे बाइक संख्या यूपी 82एफ/6293 के चालक संजय सिह निवासी ग्राम नगला कटिल थाना अलीगज जिला एटा ने टक्कर मार दी। जिससे मेरे पिता गंभीर रुप से घायल हो गये। उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

गंगा में डूबे प्लंबर की दूसरे दिन भी खोज जारी

घटनास्थल का निरीक्षण करते एसडीएम व मौजूद परिजन व गोताखोर

- एसडीएम ने गंगा तट पर पहुंचकर की जांच पड़ताल, परिजनों स मिले

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। गंगा में डूबे प्लंबर कारीगर की खोज में सुबह से ही गोताखोर सक्रिय हो गये। परिजन भी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने गोताखोरों के साथ स्टीमर पर बैठकर गंगा में खोज की। जनपद रायबरेली के गांव गदागंज निवासी रामकिशोर का 22 वर्षीय पुत्र अभिषेक जो प्लंबर कारीगर हैं। वह गंगा में कल डूब गया था। सूचना पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों में पिता रामकिशोर, चाचा मुकेश, चाचा संतराम, मामा ननकू आदि परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और स्टीमर पर बैठकर गोताखोरों के साथ पिता व अपने पुत्र की खोजबीन करते रहे। शाम तक प्लंबर कारीगर की खोज गोताखोर नहीं लगा थे।

करंट लगने से किशोर अचेत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला सदवाड़ा निवासी दीपक का 10 वर्षीय पुत्र मयंक विद्युत करंट की चपेट में आकर अचेत हो गया। जानकारी होने पर परिजन आनन-फानन में उपचार के लिए उसे नगर के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेकर आये। जहां डियुटी पर तैनात चिकित्सक डा0 अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

जिला जज, जिलाधिकारी व सीजेएम ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

- सफाई व भोजन व्यवस्था अच्छी देख जेल प्रबंधन की प्रशंसा की

निरीक्षण के दौरान बंदी से हालचाल पूछते डीजे व डीएम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला जज अश्वनी कुमार त्रिपाठी, जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, सीजेएम प्रवीण कुमार त्यागी ने जिला कारागार फतेहगढ़ का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल अस्पताल, सभी बंदियों की परेड का अवलोकन किया। पाकशाला के बंदियों की परेड देखी। उत्कृष्ठ भोजन बनाने के लिए बंदियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं कारागार की साफ-सफाई व्यवस्था, भोजन व्यवस्था अच्छी देख जेल प्रबंधन की प्रशंसा की। इसके अलावा अधिकारियों ने बंदियों के हालचाल लिये। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद, जेल चिकित्सक विजय अनुरागी, जेलर अखिलेश कुमार, उपजेलर सरोज देवी, उप जेलर कृष्णा कुमार, फार्मासिस्ट यादवेंद्र मोहन और विमलेश पाल, पाकशाला सुपरवाइजर राजेंद्र बाबू, उदय प्रताप, दीपांशु तिवारी इत्यादि उपस्थित रहे।